चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 13, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी ढेर 16

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी 15

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकियों की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बारामुला जिले में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने वाले तीन आतंकियों की संपत्तियां कुर्क की। आतंकियों की पहचान सुल्तानदाकी निवासी मोहम्मद लतीफ, मदियान के सदर दीन और सिंगटुंग गौहालन के अजीज दीन के रूप में हुई है, जो पुलिस द्वारा घुसपैठ के आरोप में भगोड़ा घोषित हुए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा, उप न्यायाधीश उरी से आदेश के बाद क्रमशः 18 कनाल और 6 मरला, 9 मरला और 12 कनाल संपत्ति कुर्क की गई है। पुलिस ने कहा कि जांच में पाया गया कि यह संपत्तियां घोषित अपराधियों से संबंधित है।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके लगे

जम्मू। जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि सुबह करीब 2.47 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 आंकी गई। इससे पहले शनिवार को भी जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था। पिछले एक हफ्ते से इस केन्द्र शासित प्रदेश के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं।

चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर ड्राई डे घोषित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अप्रैल से जून के दौरान लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित कर दिए हैं। आबकारी विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि दिल्ली में शराब की दुकानें ईद-उल-फितर (11 अप्रैल), राम नवमी (17 अप्रैल), महावीर जयंती (21 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (23 मई) और ईद-उल-जुला (17 जून) को बंद रहेंगी। उत्तर प्रदेश के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में लोकसभा चुनाव के कारण 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 अप्रैल शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस रहेगा। दिल्ली की सात लोकसभा सीट पर मतदान के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शराब की दुकानें 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी। दिल्ली में शराब की दुकानें चार जून को मतगणना के दिन भी बंद रहेंगी।

गोरखपुर से सपा की प्रत्याशी काजल को पड़ा दिल का दौरा

लखनऊ, अमृत विचार : गोरखपुर लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार और टीवी अभिनेत्री काजल निषाद को दिल का दौरा पड़ने के बाद रविवार शाम डॉक्टरों ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हृदयाघात गोरखपुर के स्टार अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पड़ा, जिसकी पुष्टि ईसीजी की रिपोर्ट में हुई। काजल निषाद की प्रचार के दौरान शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद उन्हें गोरखपुर के स्टार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार अत्यधिक गर्मी की वजह से काजल को डिहाइड्रेशन हो गया था। रविवार को उनके सीने में दर्द उठा। डॉक्टरों ने काजल को लखनऊ रेफर किया है। उनको एंबुलेंस से लखनऊ लाया जा रहा। काजल के साथ उनके पति संजय निषाद भी हैं।

- डॉक्टरों ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल रेफर किया

कांग्रेस के घोषणापत्र से तुष्टिकरण की राजनीति की बू आ रही : मोदी

नवादा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसके द्वारा हाल में जारी घोषणापत्र में 'तुष्टिकरण की राजनीति' की बू आ रही है और ये ऐसा है मानो इसे मुस्लिम लीग लेकर आई है।

बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वह कहते हैं कि धारा 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है। यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बिहार में उसकी सहयोगी राजद और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक संविधान के बारे में बात करना बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान को लागू क्यों नहीं किया। यह केवल मोदी के शासन में ही संभव हो सका। प्रधानमंत्री ने तीन तलाक प्रथा के खिलाफ अपनी सरकार के कदम का भी जिक्र किया और कहा, दो दिन पहले कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें भी मुस्लिम लीग के विचारों की छाप है। कांग्रेस ने घोषणा घोषणा पत्र नहीं, तुष्टिकरण पत्र जारी किया है।

- बिहार के नवादा जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा

आज पूरी दुनिया में बज रहा भारत का डंका

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों में बिहार के लोगों ने देश हित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज भारत में बिहार में, आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है। आज आधुनिक एक्सप्रेसवे बन रहे हैं। रेलवे स्टेशनों आधुनिकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ रही हैं। डिजिटल क्रांति ने सरकार की सेवाओं को आपके मोबाइल में पहुंचा दिया है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह कैसे हो रहा है। यह मोदी के कारण नहीं हो रहा है। यह आपके वोट के कारण हो रहा है। आपके उस वोट की ताकत है जिसने देश को मजबूत सरकार दी और उसके कारण देश मजबूत कदम उठा रहा है।

प. बंगाल में हमले के बाद एनआईए की टीम पर ही हो गई एफआईआर

गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने लगाया मारपीट और बदतमीजी करने का आरोप

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।

- भूपतिनगर में हुए हमले में एनआईए का एक अधिकारी हुआ था घायल

एनआईए ने कहा- हमला बिना किसी उकसावे के हुआ

नई दिल्ली। एनआईए ने दो साल पुराने विस्फोट के मामले में छापेमारी और गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को खंडन किया। मामले में शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार करने गई एनआईए की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ था। एनआईए ने पूरे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था।

जांच एजेंसियां भाजपा में शामिल होने को कह रहीं : ममता

पुरुलिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां टीएमसी नेताओं से या तो भाजपा में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। पुरुलिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं। टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एजेंसियां बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही हैं।

एनआईए-भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ : टीएमसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच अपवित्र गठजोड़ है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साध ली है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।

गुंडों का बंगाल के कई क्षेत्रों पर नियंत्रण : राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून-व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण अतीत की विरासत हो सकता है। बोस ने कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक उचित शिष्टाचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं का सम्मान खंडित किया गया था, यह चिंताजनक स्थिति थी।

पिता-भाई ने युवती की हत्या कर जलाया शव

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : नयागांव थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पिता और भाई ने 20 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद शव को जला दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी पिता और भाई को तलाश रही है।

शनिवार को नयागांव थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव गाही में युवती को गोली लगी है। उसको सीएचसी अलीगंज लाया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि युवती की मौत हो गई और परिजन शव लेकर घर चले गए। गांव में पुलिस पहुंचने तक अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पड़ताल में पता लगा कि युवती की गोली मारकर हत्या की गई। गांव का महेन्द्र सिंह अपनी बेटी सपना (20) के चाल चलन से खुश नहीं था। शनिवार को बेटी से झगड़ा होने पर गुस्साए महेंद्र ने बेटे रिन्कू के साथ मिलकर बेटी को गोली मार दी। किसी को पता न लगे इसलिए शव को खेत में ले जाकर लकड़ियां, कंडे एकत्रकर जला रहे थे। किसी ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। चिता से उतारकर पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौके से फील्ट यूनिट, डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य जुटाए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह, पुलिस उपाधीक्षक सुधांशू शेखर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या की गई। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास हो रहे हैं।

- अधजले शव को चिता से उतारकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा, आरोपी फरार

चिता के पास जांच-पड़ताल करते एएसपी धनंजय सिंह और डॉग स्क्वॉयड।

युवती ने प्रेमी से मिलकर की दूसरे प्रेमी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बदायूं में दो अप्रैल से लापता युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार को बरेली के सुभाष नगर इलाके से बरामद हुआ। युवक का कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उस लड़की का पहले इस युवक के दोस्त से प्रेम प्रसंग था। इसी त्रिकोणीय प्रेम संबंध में युवती ने पहले प्रेमी के साथ मिलकर दूसरे प्रेमी की हत्या कर दी। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है।

बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आर्यपुर नवादा निवासी निकलेश गौतम उर्फ बबलू का 21 वर्षीय बेटा शिवांशु बीएससी का छात्र था। वह पिता की परचून की दुकान पर बैठता था। दो अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे शिवांशु दोस्त के घर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पांच अप्रैल को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

परिजन व पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस को उसकी प्रेमिका कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव निजामाबाद निवासिनी तनु के बारे में पता लगा। पुलिस ने तनु को पकड़कर पूछताछ की तो पता लगा कि उसने अपने पहले प्रेमी सनी निवासी विजनगर थाना कोतवाली के साथ मिलकर बरेली में शिवांशु की हत्या कर दी और शव सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सनैइया की तलैया शैतान अड्डा की झाड़ियों में फेंक दिया।

तनु की निशानदेही पर बदायूं पुलिस ने सुभाषनगर पुलिस के सहयोग से शिवांशु का शव बरामद कर लिया। शव पर अंडरवियर के अलावा कोई कपड़ा नहीं था। सीओ द्वितीय संदीप सिंह, इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय, इंस्पेक्टर थाना सिविल लाइंस बदायूं और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। शव मिलने के बाद बदायूं पुलिस ने गुमशुदगी हत्या में तरमीम कर दी है। पुलिस ने बताया कि तनु मल्टीलेवल कंपनी में नेटवर्किंग का कार्य करती है। वहीं किसी अस्पताल से नर्सिंग का कोर्स भी करती है।

- युवती की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया बदायूं के युवक का शव

> युवक की हत्या त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में की गई है। युवती की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया है।
> -संदीप सिंह, सीओ द्वितीय

तनु के चक्कर में सनी ने दोस्त के खून से रंगे हाथ

पुलिस के अनुसार सनी कश्यप और शिवांशु दोनों अच्छे दोस्त थे। सनी ने ही तनु से शिवांशु को मिलवाया था। बाद में तनु और शिवांशु में प्रेम प्रसंग हो गया। यहीं से सनी मन ही मन शिवांशु से रंजिश मानने लगा। दो अप्रैल को सनी ने तनु से कॉल कराकर शिवांशु को बरेली बुलाया। तनु और शिवांशु बातें कर रहे थे। इसी बीच सनी आ गया। सनी को देख शिवांशु जाने लगा तो सनी और तनु ने उसे रोक लिया। रात को नशीला पदार्थ देकर शिवांशु का गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को बांधकर गद्दे में लपेटा और चोकर की बोरी में भर लिया। शिवांशु की ही बाइक पर शव रखकर तनु व सनी ने सनैइया स्थित शैतान तलैइया अड्डा पर झाड़ियों में फेंक दिया।

ललित नारायण मिश्र हत्याकांड

हाईकोर्ट ने सुनवाई को याचिका की सूचीबद्ध

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने वैभव मिश्र की अर्जी दोषियों की अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में, हत्या के लिए दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा सुनाने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 13 अक्टूबर को वैभव को दोषियों की अपील पर अंतिम सुनवाई में सहायता करने की अनुमति दी थी, जिसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री के पोते ने हाईकोर्ट का रुख किया।

50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

खेत के पास से गुजर रही बिजली की लाइन से निकली चिंगारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/पटवाई

अमृत विचार : पटवाई और शहजादनगर में अलग-अलग घटनाओं में किसानों की खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

पटवाई थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव में बिजली की लाइन से उठी चिंगारी से गेहूं की 50 बीघा फसल जलकर राख हो गई। थाना क्षेत्र के गांव जनकपुर निवासी जोगिंद्र सिंह की आठ एकड़ जमीन में गेहूं की फसल खड़ी है। फसल पक चुकी थी। रविवार दोपहर करीब एक बजे को फसल काटने के लिए जैसे ही कंबाइन मशीन शुरू हुआ तो खेत के पास से गुजर रही बिजली की लाइन से चिंगारी निकलकर फसल पर गिरी, जिससे फसल में आग लग गई। खेत स्वामी ने खाली ट्रैक्टर-ट्राली को दौड़ाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। सफल न होने पर उसने ग्रामीणों को जानकारी दी। अन्य ग्रामीण भी चार ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंच गए। सभी की मदद से आग पर बुझाई गई। इस दौरान खेत स्वामी भी मामूली रूप से झुलस गया। किसान ने बताया कि उसकी करीब 50 बीघा गेहूं की फसल जल गई। यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो हजारों एकड़ फसल आग की चपेट में आ जाती। किसान ने जिला प्रशासन से फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

उधर शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर निवासी विजयपाल की गेहूं की फसल में भी रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग की खबर मिलते ही ग्रामीण खेत की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने पानी आदि से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दो एकड़ फसल जलकर राख हो चुकी थी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

- पटवाई और शहजादनगर में दो किसानों के खेतों में लगी आग

तीन और षड़यंत्रकारी गिरफ्तार

तीनों आरोपी पीलीभीत, रामपुर और शाहजहांपुर से दबोचे गए

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस ने तीन और षड़यंत्रकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ही शूटर्स को पौनिया राइफल और कार उपलब्ध कराई थी। चार षड़यंत्रकारी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं, दोनों शूटर्स अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को डेरे में घुस कर बाइक सवार दो शूटर्स ने गोली मारकर हत्या करके भाग गए थे। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद था, जिससे दोनों शूटर्स की पहचान हुई थी। हाल ही में पुलिस ने शूटर्स हायर कर घटना को अंजाम दिलाने के आरोप में दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, हरविंदर सिंह उर्फ पिंदी और अमरदीप को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से दो कार भी बरामद हुई थी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने रविवार को तीन और षड़यंत्रकारियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि परगट सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी तुलापुर (पीलीभीत), सुल्तान सिंह ग्राम दडहा, विलासपुर (रामपुर) और सतनाम सिंह निवासी कुइयां महोलिया, बंडा (शाहजहांपुर) भी बाबा की हत्या में शामिल हैं। घेराबंदी कर परगट सिंह को पकड़ लिया गया। हत्या में प्रयुक्त 315 बोर की पौनिया राइफल जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू पुत्र सतपाल सिंह निवासी केशोवाला मोड और सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू गिल पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी बन्नाखेड़ा ने हत्यारों को मुहैया कराई थी। हत्यारोपी अमरजीत और सरबजीत सिंह को जसपाल ने 17 मार्च को कार भी दी थी। पुलिस ने शनिवार को जसपाल और रविवार को सुखदेव को गिरफ्तार कर लिया।

बाबा तरसेम हत्याकांड

- संरक्षण देने के आरोप में 4 पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

निपुण भारत मिशन | बेसिक शिक्षा परिषद का प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

लक्ष्य के लिए अग्रिम आदेश तक काम करते रहेंगे एआरपी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को 2025-26 में हर हाल में पूरा करना है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने लक्ष्य पर जोर देते हुए प्रदेश में तैनात एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को अग्रिम आदेश तक काम करने की अनुमति दी है। दरअसल 31 मार्च को सभी एआरपी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसलिए वह इसे लेकर असमंजस में थे। दरअसल शासन ने पिछले वर्ष 5 जनवरी को एआरपी के सेवा अवधि का विस्तार करते कार्यकाल 31 मार्च 2024 कर दिया था। इस बार फिर अग्रिम आदेश तक मौका दिया गया है। इस स्थिति में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, क्रियाकलापों को जारी रखना होगा। साथ ही बेहतर समन्वय, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण व अकादमिक पहलुओं के संचालन के संबंध में प्रत्येक माह राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से केपीआई (की परफार्मेंस इंडीकेटर्स) अप्रैल माह 2024 के लिए भेजे गए हैं। सभी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। जिम्मेदार अधिकारी को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित केपीआई को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसकी प्रगति की समीक्षा मासिक बैठकों में की जाएगी।

- शिक्षा महानिदेशक की ओर से शासन को भेजा गया प्रस्ताव
- 31 मार्च को सभी एआरपी का समाप्त हो गया था कार्यकाल

> निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। अभी एआरपी अपने पदों पर रहते हुए कार्य करते रहेंगे। उनके लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गये हैं उनके अनुसार सभी कार्यों को समय से पूरा करना होगा।
> -कंचन वर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

आचार संहिता के बाद की जाएगी छंटनी

विभागीय जानकारों ने बताया कि आचार संहिता के बाद जिन एआरपी ने बेहतर कार्य किया है उनका कार्यकाल जारी रहेगा। जिनका कार्य अच्छा नहीं रहा है उनकी जगह दूसरों को मौका दिया जायेगा। दरअसल कई एआरपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठते रहे हैं।

2019 में शुरू की गई थी व्यवस्था

निपुण भारत मिशन के लिए शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद की पहल पर 2019 में ब्लॉक संसाधन एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों के पुनर्गठन का फैसला किया गया था। बीआरसी में पूर्व नियुक्त एबीआरसी एवं न्याय पंचायतों के एनपीआरसी की मूल विद्यालयों में वापसी कर इनके स्थान पर हर ब्लॉक में 6 एआरपी की नियुक्ति की गई थी। प्रत्येक ब्लॉक में 5 एआरपी चयन प्रक्रिया द्वारा एवं एक एआरपी डायट मेंटर के रूप में पदेन रूप में पदस्थापित किए गए थे।

शहर में आज

- एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट मैच सुबह 9 :00 बजे।
- हुल्का देवी मंदिर में बसौड़ा मेला सुबह 7 :00 बजे।

जनहित के लिए करें मतदान

सच्चा हो शालीन हो, हो कर्मठ इंसान,

केवल उसको ही मिले, नेता का सम्मान।
बहकावे में कर दिया, यदि हमने मतदान,
माफ न कर सकते कभी खुद को भी श्रीमान।
कथनी-करनी में दिखे, लेशमात्र भी खोट,
ऐसे नेता को कभी, दे मत देना वोट।
देखा-भाली, परख की, सदा निभाओ रीत,
जन हितकारी के लिए, बटन दबाओ मीत।

-वीरेन्द्र सिंह ब्रजवासी

चार विस क्षेत्रों के कार्मिक 10 से 14 तक करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मतदान ड्यूटी में लगे कर्मचारी अधिकारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे। लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत कांठ, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद ग्रामीण और नगर विधानसभा व अन्य जिले के संबंधित कार्मिक 10, 12, 13 व 14 अप्रैल को राजकीय महिला पालीटेक्निक में बने सुविधा केंद्र में मतदान कर सकते हैं।

प्रभारी अधिकारी डाकमत पत्र अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व सत्यम मिश्र ने बताया कि मुरादाबाद में प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान के दिन मतदान कार्मिक निर्वाचन ड्यूटी में लगे रहेंगे। ऐसे सभी कार्मिक, पुलिसकर्मी, वीडियोग्राफर, क्लीनर आदि पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत देंगे। उन्होंने बताया कि कांठ, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद ग्रामीण, मुरादाबाद नगर व अन्य जिले के कार्मिक 10, 12 , 13 व 14 अप्रैल को सुबह 09 से शाम 5 बजे तक राजकीय महिला पालीटेक्निक कांठ रोड में बने सुविधा केंद्र में मतदान करेंगे। रिटर्निंग अधिकारी सुविधा केंद्र, आरओ कार्यालय/न्यायालय जिलाधिकारी कक्ष में 16, 17 व 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पुलिस कंट्रोल रूम स्टॉफ, वीडियोग्राफर, निर्वाचन कार्य में लगे अन्य कर्मचारी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत दे सकते हैं। वहीं जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी बिजनौर के पत्र के हवाले से बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद के अन्तर्गत आने वाली बढ़ापुर विधानसभा के लिए 8, 9, 10, 12 व 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए सुविधा केंद्र विवेक कालेज मुरादाबाद रोड बिजनौर में स्थापित किया गया है।

गर्मी में शीतल जल के लिए वितरित किए घड़े

मुरादाबाद, अमृत विचार: हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को रोटरी क्लब मुरादाबाद के सदस्यों ने गर्मी में धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को शीतल जल मिल सके इसके लिए मिट्टी के घड़े का वितरण किया।

क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शरमिताभ सिन्हा एडवोकेट ने कहा कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना है। रोटेरियन्स द्वारा यह कार्य सर्विस सेल्फ प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में महानगर में सभी सार्वजनिक स्थानों पर क्लब की ओर से शीतल जल की व्यवस्था की जाएगी। इस कार्य में आकाश मिश्रा, आरएन कत्याल, राजेश खन्ना, जीत सिंह, सुधीर गुप्ता, सौरभ जैन, आशुतोष, स्मिता गुप्ता, दीप्ति खन्ना, प्रदीप सक्सेना, सचिव राजीव सक्सेना, अभिनव गुप्ता, अतुल माथुर, कपिल गुप्ता, विपिन गुप्ता, आदेश श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, सुमन वार्ष्णेय आदि ने सहयोग किया।

प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर, भाजपा को हराने के लिए लेफ्ट पार्टियां सहयोग करेंगी

लोकतंत्र को खत्म कर रही भाजपा: सुभाषिनी अली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी देश से लोकतंत्र खत्म कर रही है। देश में भाजपा को हराने के लिए वामपंथी दल हर पार्टी का सहयोग करने को तैयार हैं। यह बातें पूर्व सांसद व दलित शोषण मुक्ति मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाषिनी अली सहगल ने दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में कही।

रविवार को दलित शोषण मुक्ति मंच व अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन उत्तर प्रदेश की ओर से दलितों को शोषण मुक्त करने व उनके अधिकार दिलाने के लिए विशाल दलित अधिकार कन्वेंशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाषिनी अली सहगल ने भाजपा को दलितों का दुश्मन बताया। कहा कि पुलिस की गोली से रामपुर जिले में छात्र की मौत हो जाती है और कोई भी भाजपा नेता मृतक छात्र के घर जाकर परिजनों से उनका हाल तक नहीं पूछता है। उन्होंने कहा कि जो भी दल भाजपा प्रत्याशी को हराने के लिए मैदान में उतरेगा लेफ्ट पार्टी उसका समर्थन करेंगी। उन्होंने ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने यूपी में दलित छात्र की पुलिस की गोली से हुई मौत के मामले में मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। कार्यक्रम में कई जिलों में कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक थान सिंह व राजीव शांत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बुद्धि विहार स्थित बैंक्वेट हॉल में दलित सम्मेलन में बोलतीं पूर्व सांसद सुभाषिनी अली। ● अमृत विचार

एक नजर

हाजी इकराम कांग्रेस की स्टार प्रचारक सूची में

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। जिसमें महानगर के रहने वाले पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी भी यूपी में इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं करेंगे। स्टार प्रचारक बनाए जाने पर हाजी इकराम कुरैशी ने कहा है कि भाजपा की नफरत की राजनीति अब जनता समझ चुकी है और मतदाताओं ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की, विकास, भाईचारा बनाए रखने के लिए कांग्रेस जरूरी है।

जरूरतमंदों को वितरित किया निशुल्क भोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : सर्व प्रयास सीता रसोई ट्रस्ट की ओर से दिल्ली रोड पर नव-संवत्सर के आगमन पर निशुल्क भोजन वितरित किया गया। 400 जरूरतमंदों को भोजन दिया गया। अध्यक्ष उदयभान सिंह ने बताया कि सामाजिक सेवा कार्यों के अतिरिक्त निशुल्क भोजन वितरण का कार्य 2019 से कर रहा है। इस दौरान डॉ. लता चंद्रा, सुनील कुमार शर्मा, सुधांशु कौशिक, धीरज गुप्ता, अक्षय शर्मा, सत्यप्रकाश वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

घर-घर मतदाता पर्ची वितरित कर रहे बीएलओ

14 अप्रैल तक करना है मतदाता सूचना पर्ची का वितरण, एक मोहल्ले में कई बीएलओ को मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं को मतदान पर्ची का वितरण कराया जा रहा है।

इस पर्ची में मतदाता का लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र, नाम, लिंग, पति या पत्नी या पिता का नाम, भाग संख्या निर्वाचन आयोग का हेल्पलाइन नंबर 18001801950 भी दर्ज किया गया है। इसके अलावा मतदान की तारीख 19 अप्रैल व मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक, मतदाता क्रमांक, भाग संख्या और मतदान केंद्र का नाम और कक्ष संख्या भी मुद्रित किया गया है। आशियाना फेज एक कालोनी में बीएलओ हर्षवर्धन व चारु सहित नौ बीएलओ को ड्यूटी पर मतदान पर्ची वितरित करने के लिए लगाया गया है। आशियाना फेज एक टीचर्स कालोनी की मतदाता प्राची दीक्षित ने बताया कि उन्हें बीएलओ चारु ने मतदाता सूचना पर्ची दी है। इसके आधार पर वह अपना वोट अवश्य डालकर एक सच्चे नागरिक और मतदाता का परिचय देकर लोकतंत्र को और मजबूत करेंगी। साथ ही अपने परिवार व आसपास के मतदाताओं को भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करेंगी। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के लिए जानकारी एवं सहायता पुस्तिका वोटर गाइड एवं मतदाता सूचना पर्ची वितरण कराने का निर्देश दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार वोटर गाइड के साथ-साथ मतदाता सूचना पर्ची का वितरण प्रत्येक मतदाता एवं वोटर गाइड का वितरण प्रत्येक हाउस होल्ड को 7 से 14 अप्रैल तक करना है। वितरण से संबंधित प्रमाण-पत्र प्रारुप पर कार्यालय में उपलब्ध कराना है।

आशियाना फेज एक टीचर्स कालोनी में मतदाता प्राची दीक्षित को मतदाता सूचना पर्ची देतीं बीएलओ चारु, साथ में बीएलओ हर्षवर्धन। ● अमृत विचार

लोक सभा चुनाव

- पर्ची वितरण के साथ की जा रही मतदान करने की अपील
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने समय से पर्ची वितरण के दिए आदेश

मतदाता पहचान पत्र न होने पर कर सकेंगे इन विकल्पों का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने मतदाताओं को दिए हैं कई विकल्प

अमृत विचार: लोक सभा चुनाव में मतदान के लिए जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है उनके लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने कई विकल्प जारी किए हैं। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि शामिल है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिए निर्णय के अनुसार लोक सभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र प्रमुख है। लेकिन, जिसके पास मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं है उसके विकल्प के रूप में भी पहचान सिद्ध करने के लिए कई दस्तावेज मान्य किए गए हैं। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र,सांसदों/विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकारी दस्तावेज मान्य होंगे। दिए गए विकल्प को दिखाकर मतदाता मतदान कर सकते हैं। बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि वह मतदाताओं को हर हाल में वोटर पर्ची और आयोग द्वारा दी गई रंगीन मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट अनिवार्य रूप से पहुंचा दें।

जनसंपर्क

लोकसभा क्षेत्र में रोड शो के दौरान लोगों से हाथ जोड़कर अपने पक्ष में मतदान की अपील करतीं सपा प्रत्याशी रुचिवीरा। ● अमृत विचार

रोड शो में रुचि वीरा पर फूल बरसा कर किया स्वागत

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोक सभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा ने रोड शो निकाल कर मतदाताओं से संपर्क किया। जगह-जगह उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। महिलाओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया। रोड शो 30 गांव होते हुए अफजलगढ़ पहुंचा। वहां उन्होंने लोगों के बीच बैठकर चुनाव पर चर्चा की। बताया कि उनका परिवार समाज सेवा के लिए समर्पित है। मुरादाबाद के लोगों की निस्वार्थ सेवा करूंगी। बेटी और बहू के रूप में हमेशा आपके बीच रहूंगी। उन्होंने बढ़ापुर और अफजलगढ़ क्षेत्र में रोड-शो किया जिसमें लोग उनके समर्थन में चल रहे थे। बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में उन पर फूल बरसाए गए। रोड-शो में लोगों ने जुड़कर समर्थन और आशीर्वाद दिया। रोड शो में उनका काफिला जयनगर, जटपुरा चौराहा, रामनगर दुलीचंद, आनंदीपुर, जाफराबाद, हरकिशनपुर, नादेहि शुगर मिल, मोहम्मदपुर राजोरी, सुआवाला, मौसमपुर, सिरीयावाली, हसनपुर सादकपुर, उदयपुर चांदपुर, भक्तावाला, हर्रावाला, बादीगढ़, रेहड़ मानियावाला, गढ़ी, पुखेवाला, माधोवाला, नायारणवाला, कल्लुवाला, मीरापुर, चोहड़वाला, कादराबाद, तुरतपुर, चकफैरी, रसूलाबाद, रसूरपुर होते हुए अफजलगढ़ कैम्प कार्यालय पर संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि वह बिजनौर की ही रहने वाली हैं। आपके आशीर्वाद से अधिक से अधिक विकास कराकर मुरादाबाद को एक उच्च स्थान दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, वीर सिंह, नरेन्द्र चौहान, केके शर्मा, चौधरी मानवेन्द्र सिंह आदि रहे। वहीं सुल्तानपुर खादर, तिगरी, बाखरपुर,बंदो वाली मढ़ईया, गावड़ी, ठाकुरद्वारा आदि अनेक गांवों में इनके साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश विश्नोई, विधायक नबाव जान, जगदीश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जागरुकता : जैसे-जैसे मतदान की तिथि करीब आ रही है, लोगों में मतदान के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा है। स्कूलों में भी मतदान के प्रति जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तो वही कटघर में छात्रों ने अपनी पीठ पर संदेश लिखकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। ● अमृत विचार

रोडवेज बस स्टैंड से मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान का संदेश रोडवेज बस स्टैंड से भी दिया जा रहा है। बस अड्डे पर एलईडी पर वीडियो का प्रसारण किया जा रहा है। आडियो और पोस्टर के जरिए भी बस यात्रियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता को लेकर रोडवेज प्रबंधन के साथ प्रशासन ने नई मुहिम की शुरुआत की है। रोडवेज बस स्टैंड पर बस के टाइम टेबल के लिए लगी एलईडी पर मतदान करने के संकल्प को याद कराया जा रहा है। वीडियो का प्रसारण कर बस से आने व जाने वाले यात्रियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रोडवेज ने परिसर में पोस्टर और फ्लैक्सी लगाई हैं, जिसमें लोगों से वोट की अपील की गई है। बस के इंतजार में बैठे महिला-पुरुष यात्री टीवी स्क्रीन पर चल रही वीडियो को देख रहे हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि चुनाव में वोट डालने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। इसके लिए वीडियो-आडियो के अलावा फ्लैक्सी लगाकर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ की ओर से रविवार को डॉ. आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों को 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने व कराने का संकल्प कराया गया। इसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 के 192 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमपी मौर्य ने कहा कि संविधान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हर व्यक्ति को मत देने का अधिकार मिला है। इसका सदुपयोग कर मजबूत लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं। संघ के महामंत्री रोहताश सिंह ने सभी को मतदान कराने का संकल्प दिलाया। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. हरनंदन प्रसाद ने मतदान का महत्व बताते हुए शत-प्रतिशत मतदान कराने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित हुई। इसमें जूनियर वर्ग में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थी व सीनियर वर्ग में कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम में डॉ. आंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान मलखान सिंह, मनोज कुमार, सुनील कुमार, रविन्द्र सिंह, प्रतिभा रानी, रामगुलाम सिंह, अमित कुमार सिद्धार्थ, रामगुलाम सिंह, जयप्रकाश सिंह, ओपी सागर आदि मौजूद रहे।

चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञान की परीक्षा देते विद्यार्थी।

आरएसडी एकेडमी ओवरऑल चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में चल रही बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गए। इसमें आरएसडी एकेडमी ओवरऑल चैम्पियन बना। इस मौके पर मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. विनोद कुमार व निदेशिका डॉ. जी कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

अंडर 14 फाइनल मैच आरएसडी एकेडमी और विल्सोनिया के बीच खेला गया। इसमें आरएसडी एकेडमी विजयी रहा। अंडर 14 बालिका वर्ग में फाइनल मैच पीएमएस स्कूल और आर्यंस एकेडमी के बीच खेला गया। इसमें आर्यंस एकेडमी विजेता रहा। ओपन महिला वर्ग में फाइनल मैच आरएसडी एकेडमी और समरवैली स्कूल के बीच खेला गया। इसमें आरएसडी एकेडमी विजयी रहा। अंडर 19 बालक वर्ग में फाइनल मैच आरएसडी एकेडमी और आरएसडी स्कूल के बीच खेला गया।

इसमें आरएसडी एकेडमी विजयी रहा। इस तरह ओवरऑल चैम्पियनशिप आरएसडी ने अपने नाम की। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अंडर 14 बालक वर्ग में बानस कश्यप, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अंडर 14 बालिका वर्ग में वेधानसी, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अंडर 19 बालक वर्ग में अपैक्स डॉगर, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ओपन महिला वर्ग में आदिति चौधरी रही। इस दौरान डॉ. गौरव कुमार, डॉ. गरिमा शर्मा, संजीव भारद्वाज, फिरोज खान, मोहित चौधरी आदि मौजूद रहे।

बास्केटबॉल विजेता टीम को ट्रॉफी देतीं आरएसडी एकेडमी की निदेशिका डॉ. जी कुमार।

तैयारी ट्रैक्टर के लिए निर्वाचन कार्यालय से मिलेगा प्रतिदिन 537 रुपये व तेल, चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण किए जाएंगे

24 सीटर बस को चुनाव ड्यूटी में 1697 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में चुनाव कार्य के लिए वाहनों के अधिग्रहण कर लेने पर उसके लिए दरें निर्धारित की गई हैं। बसों की सीट क्षमता के आधार पर प्रतिदिन का भुगतान मिलेगा। इसमें तेल का खर्च अलग से मिलेगा।

प्रमुख सचिव के पत्र के क्रम में संभागीय परिवहन विभाग वाहनों का अधिग्रहण कर रहा है। वाहन स्वामियों को इसके लिए नोटिस भेजे गए हैं। वाहन स्वामी को भेजे नोटिस में मतदान और मतगणना कार्य के लिए तय तारीख व जगह पर अपने वाहन लाकर देने का आदेश दिया गया है। ऐसा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी है। हालांकि विभाग की ओर से निर्वाचन आयोग की ओर से तय दर का भुगतान किया जाएगा।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आन्जनेय सिंह ने बताया कि वाहन स्वामियों को वाहन देने के लिए नोटिस भेजा गया है। उन्हें निर्धारित दर के अनुसार भुगतान किया जाएगा। यदि कोई वाहन देने से इनकार करता है तो उसके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई होगी। जिसमें एक वर्ष का कारावास, अर्थदंड या दोनों हो सकता है।

यह है वाहन व उसकी क्षमता के अनुसार भुगतान की दरें

वाहन	सीट क्षमता	दरें (प्रतिदिन और तेल)
बस	15-24 सीटर	1697 रुपये प्रतिदिन व तेल
बस	25-34 सीटर	1912 रुपये
बस	34-40 सीटर	2139 रुपये
बस	41-45 सीटर	2213 रुपये
बस	46 सीटर व उससे अधिक	2510 रुपये
माल वाहन	भार क्षमता 7500 किग्रा सकल	1572 रुपये प्रतिदिन व तेल
	7500-12,000 किग्रा सकल यान का भार	1677 रुपये
	12,000-16,200 किग्रा सकल यान का भार	1944 रुपये प्रतिदिन व तेल
	16,200 किलोग्राम सकल भार या उससे अधिक	2140 रुपये प्रतिदिन, तेल
ट्रैक्टर	537 रुपये प्रतिदिन तथा तेल	

हल्के यात्री वाहन

(जीप, टैक्सी, कारें, मैक्सी, कैब) पेट्रोल चलित इंजन क्षमता 1200 सीसी	1264 रुपये प्रतिदिन और तेल
डीजल चलित इंजन क्षमता 1450 सीसी (जीप, इंडिका, मार्शल, वैगन आर मारुति जिप्सी, वैन, मारुति ब्रेजा, सियाज, क्रेटा, होंडा कार, निक्सन, टिगोर)	1460 रुपये प्रतिदिन और तेल
पेट्रोल चलित इंजन क्षमता 1200 सीसी से अधिक	1264 रुपये प्रतिदिन और तेल
डीजल चलित इंजन क्षमता 1450 सीसी से अधिक हल्के वाहन सवारी (स्कार्पियो, टवेरा, इनोवा, बोलेरो, एक्सयूवी, मेराजो, इनोवा क्रिस्टा आदि)	2140 रुपये प्रतिदिन और तेल

रमजान मुबारक

सोमवार 28वां रोजा
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 40 मिनट
शिया- 6 बजकर 47 मिनट

मंगलवार 29वां रोजा
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 30 मिनट
शिया- 4 बजकर 28 मिनट







व्रतोत्सव दीपिका का विमोचन करते राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक व अन्य लोग।

व्रतोत्सव दीपिका का विमोचन किया

मुरादाबाद, अमृत विचारः हिंदू नववर्ष के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा पंचाग व्रतोत्सव दीपिका का विमोचन मंडी चौक स्थित माता अन्नपूर्णा देवी मंदिर में किया गया। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ विक्रम संवत 2081 युगाब्द 5126 हिंदू नव वर्ष के अवसर पर प्रकाशित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि पंचांग में सभी त्योहारों की जानकारी राहुकाल, पंचक, ग्रहण, एकादशी अमावस्या, पूर्णमासी, शिवरात्रि प्रदोष, गणेश चतुर्थी, संक्रांति आदि के साथ-साथ इस वर्ष प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ स्नान एवं कुंभ पर होने वाली शाही स्नान की तिथि भी दी गई है। पत्रिका के संरक्षक मुकुल शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष का राजा मंगल और मंत्री शनि है। कॉल नाम से यह संवत जाना जाएगा। इस वर्ष दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण होंगे। लेकिन भारत में इसका कोई प्रभाव नहीं होगा। कार्यक्रम में राजेश रस्तोगी, महेंद्र सिंह बब्बू, संजीव अग्रवाल, गौरव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने शासन को रिपोर्ट भेजने को कहा, ईद व नवरात्र पर सफाई व्यवस्था के लिए किया निरीक्षण

लापरवाही पर सफाई व खाद्य निरीक्षक को निलंबित करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अधिकारियों के साथ रविवार को ईद व नवरात्र को देखते हुए महानगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सफाई में कमी व लापरवाही और अपने अधीनस्थ सफाई कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण न होने पर सफाई व खाद्य निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह को निलंबित करने का निर्देश देते हुए उन्हें स्वयं के निलंबन की रिपोर्ट शासन को भेजने को कहा।

नगर आयुक्त ईदगाह, लालबाग स्थित कालीमाता मंदिर और वार्ड संख्या 45 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने ईदगाह मैदान में ईद की नमाज को देखते हुए पर्याप्त सफाई कराने, चूना छिड़काव कराने, एंटीलार्वासाइडिल का छिड़काव कराने, छुट्टा पशुओं, कुत्तों को उस क्षेत्र में आने से रोकने और त्योहार के दो दिन पहले रंगोली बनाने और मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग कराने का निर्देश दिया।

इसके अलावा उन्होंने ईदगाह मैदान में घास की कटाई कराने, टैंकर से पानी का छिड़काव कराने, आसपास के क्षेत्रों में नियमित नाली सफाई, कूड़ा उठाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पथ प्रकाश व्यवस्था में भी सुधार करा लें। कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

वहीं नगर आयुक्त ने मंगलवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को देखते हुए महानगर के लालबाग स्थित सिद्ध पीठ कालीमाता मंदिर व आसपास परिसर का निरीक्षण किया। यहां नालियों की सफाई के बाद सिल्ट का उठान नहीं किया गया था। सफाई में कमी से जगह-जगह कूड़ा पसरा था। कालीमाता मंदिर के पास जगह-जगह खोखे लगे होने से जाम लगने की समस्या थी। साथ ही मंदिर से नवाबपुरा, नागफनी तक जगह-जगह कूड़ा व अपशिष्ट पड़ा था। इस पर नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय सफाई और खाद्य निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह को फटकार लगाते हुए निलंबित करने और उन्हें स्वयं को निलंबन का पत्र लिखकर शासन को भेजने के लिए देने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही पर किसी को बख्शेंगे नहीं। नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 36 सूरज नगर में सफाई अभियान का निरीक्षण किया। संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, अधिशासी अभियंता (जल) दिनेश त्रिपाठी, नगर निगम के सहायक अभियंता किशन लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

महानगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, साथ में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार व अन्य।

चैत्र नवरात्र के लिए सज गए महानगर के बाजार

मंदिरों में भी तैयारियां पूरी, बाजारों में खरीदारी का सिलसिला शुरू, मंगलवार से शुरू हो रहे नवरात्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः इन दिनों महानगर के बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। एकतरफ जहां ईद की खरीदारी से बाजार गुलजार है। वहीं दूसरी ओर नवरात्र उत्सव के लिए पूजन सामग्री की खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया है। बाजार में पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। चैत्र नवरात्र की शुरुआत नौ अप्रैल से होगी।

मंगलवार से महानगर के देवी मंदिरों में नौ दिन तक माता की पूजा-अर्चना करने के लिए हर रोज हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। कई मंदिरों में मेला लगेगा। महानगर से सैकड़ों श्रद्धालु आसपास स्थित देवी मंदिरों में उपासना के लिए जाएंगे। कुछ मंदिरों पर इस दौरान विशेष हवन आदि आयोजन किए जाएंगे। इसे लेकर मंदिरों में साफ-सफाई का दौर शुरू हो गया है। कालीमाता मंदिर, माता मंदिर समेत महानगर के सभी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजारों में भी रविवार को लोग नवरात्र के लिए खरीदारी करते नजर आए। लोगों ने पूजा-पाठ पंचमेवा, रूई, कलावा, रोली, सिंदूर, अक्षत, लाल वस्त्र, सुपारी, लौंग, पान के पत्ते, घी, कलश, चौकी, समिधा, हवन कुण्ड, हवन सामग्री, कमल गट्टे, बताशे, पूजा में बैठने के लिए आसन, हल्दी की गांठ, अगरबत्ती, कुमकुम, इत्र, दीपक, आरती की थाली, कुशा, जौ, तिल के अलावा श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। वहीं कुछ लोग माता की मूर्तियां खरीद रहें हैं।

नवरात्र की तैयारी को लेकर बाजार गंज में दुकान पर माता की मूर्ति पसंद करती बच्ची।

दीनदयाल नगर स्थित अशोक पार्क मे महायज्ञ में आहुति देते लोग। ● अमृत विचार

▸▸ कालीमाता मंदिर, माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी तैयारियां शुरू

महायज्ञ से किया नव संवत्सर 2081 का स्वागत

मुरादाबाद, अमृत विचार : अशोक पार्क समिति दीनदयाल नगर और अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट की ओर से नव संवत्सर 2081 का स्वागत महायज्ञ एवं कथा संकीर्तन से किया गया। आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि आरम्भ, भगवान श्री हरि के द्वारा मत्स्य अवतार एवं सतयुग का आरंभ इसी चैत्र प्रतिपदा को हुआ। संसार के चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने समस्त संसार पर आधिपत्य कर विक्रमी संवत् का आरंभ किया। स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना, भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक से भी इस दिन की महत्ता है। सिखों के द्वितीय गुरु अंगद देव, सिंधियों के गुरु झूले लाल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की पवित्र जयंती से संसार में यह नवसंवत्सर सुप्रसिद्ध हुआ। विश्व के कल्याण, शांति के लिए विशाल महायज्ञ एवं भंडारे के आयोजन में हजारों लोगों ने आहुतियां दी। यज्ञ संचालन आचार्य लाल किशोर शास्त्री ने किया। महायज्ञ में समीर विधार्थी, नमन विधार्थी, राजेश रस्तोगी, निशा रस्तोगी, जवाहर टंडन, राजीव अग्रवाल, ओमप्रकाश चावला, हरीश पाल, नरेश कुमार एडवोकेट, मोहित जैन, मयंक दुबे, देवेन्द्र चौधरी, वीके शुक्ल, पुखराज गुप्ता, शालिनी जैन, लक्ष्मी यादव, बबीता सक्सेना, रेणु गुप्ता, डॉ रोहित अग्रवाल, राजू सरीन, आकांक्षा गुप्ता, पीयूष गुप्ता, डॉ. प्रदीप दुबे, राजीव खन्ना आदि उपस्थित रहे।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ब्रह्मा जी ने की थी सृष्टि की रचना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को मुरादाबाद क्लब में हुई। इसमें नवसंवत्सर 2081, नवरात्रि, राम नवमी, विश्व स्वास्थ्य दिवस, बैसाखी, आंबेडकर जयंती, लोकतंत्र का महापर्व चुनाव पर चर्चा की गईं।

सरिता अग्रवाल द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया तो सचिव विपिन सरन ने बैठक की कार्यवाही पढ़ कर सुनाई। विपिन सरन ने नवसंवत्सर बैसाखी आदि उत्सव के विषय में प्रकाश डाला और कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही सृष्टि की रचना ब्रह्मा जी द्वारा की गई। इसी दिन राजा विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ, भगवान झूले लाल का जन्म भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही हुआ। भारत में इस दिन का बहुत ही महत्व है। इसे भारतवासी भारतीय नववर्ष के रूप में मनाते है। प्रो. अर्जुनवीर वर्मा ने आंबेडकर जयंती के संदर्भ में बाबा साहेब आंबेडकर के जीवन और आजादी के आंदोलन और आजादी के बाद बाबा साहेब के कुछ अनछुए पहलुओं को विस्तार से बताया।

सीनियर सिटीजन वेलफेयर संगठन की बैठक में अपने विचार रखतीं वक्ता। ● अमृत विचार

8 घंटे आपूर्ति बाधित रहने से हुई परेशानी

पेड़ की टहनियों को काटते बिजली विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः रविवार सुबह से ही लोगों को बिजली कटौती ने परेशान कर दिया। स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत वितरण खंड द्वितीय से बड़ी संख्या में जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति आठ घंटे ठप रही। निर्धारित कटौती से अधिक समय तक बिजली गुल रहने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्यदायी संस्था की लापरवाही से नवीन नगर, नया गांव, चक्कर की मिलक, कचहरी कंपाउंड, मुस्कान नर्सिंग होम, हरथला रोड सब्जी मंडी के दो हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा।

स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य में निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व व दो घंटे बाद तक पीटीसी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े दो हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती झेलनी पड़ी। पीटीसी विद्युत उपकेंद्र के फीडर नंबर एक और दो पर पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जाना था। जिसके लिए विवेकानंद विद्युत उपकेंद्र के आशियाना फीडर तीन के उपभोक्ताओं की सुबह 10:30 बजे से दो बजे तक (तीन घंटे) का समय लिया गया था। वहीं आशियाना प्रथम के मुस्कान नर्सिंग होम, हरथला सब्जी मंडी, मदरसा बाजार की सुबह दस से चार बजे तक 6 घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बंद रह रही। कचहरी कंपाउंड, चक्कर मिलक, नया गांव, नवीन के नगर फीडर नंबर एक और दो पर सुबह दस बजे से होने वाली बिजली कटौती दो घंटे पूर्व बंद से ही कर दी गई। जिसमें दोपहर दो बजे सुचारु होने वाली बिजली आपूर्ति शाम चार बजे शुरू हो पाई। जिससे तीन हजार उपभोक्ताओं को 4 घंटे के स्थान पर 8 घंटे बिजली कटौती मार झेलनी पड़ी।

नव संवत्सर के उपलक्ष्य में 14 स्थानों पर मना उत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय नववर्ष को अपने प्रमुख उत्सव के रूप में मनाता है। जिसके चलते इस साल भी भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नौ अप्रैल से शुरू होगा, लेकिन रविवार के कारण भारतीय नववर्ष एवं संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती मनाई गई। इस दौरान पूर्ण गणवेश में संघ के स्वयंसेवकों ने 14 स्थानों पर उत्सव मनाया।

वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने भारतीय कालगणना का महत्व बताते हुए कहा कि पूरे विश्व में जितने भी कैलेंडर हैं, केवल भारतीय कैलेंडर ही प्रमाणिक और वैज्ञानिक है। केवल भारतीय पंचांग के द्वारा ही बताया जा सकता कि किस दिन चंद्र ग्रहण या किस दिन सूर्य ग्रहण होगा। लेकिन, किस प्रकार एक योजना के तहत हमारी संस्कृति को नष्ट कर दिया गया और भारतीय शिक्षा नीति को समाप्त कर दिया गया। यह अवसर है कि हम अपनी संस्कृति पर गर्व करें और इसको हर घर-घर में पहुंचाएं। बताया गया कि आज का दिन सृष्टि की रचना का प्रथम दिन माना जाता है।

इसके अतिरिक्त चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से अन्य प्रसंग भी जुड़े हैं, आज ही के दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ, आज ही के दिन धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ, संत झूलेलाल की जयंती, विक्रमी संवत की शुरुआत, सिख परंपरा के द्वितीय गुरु अंगद देव का प्रकट उत्सव, आर्य समाज की स्थापना, संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्मदिन समेत अनेक ऐसे प्रसंग है जो आज का यह उत्सव पूरे देश में अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं। बसंत का सुंदर मौसम इस समय नव वर्ष के स्वागत में प्रकृति प्रकृति अपना सौंदर्य प्रदर्शित करती है।

इस दौरान युवाओं का आह्वान किया कि वह अपनी संस्कृति पर गर्व करें और प्रत्येक घर में अपनी संस्कृति को पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस मौके पर प्रांत व्यवस्था प्रमुख अजय गोयल सुगंध, विभाग प्रचारक वतन कुमार, विभाग संघचालक सुरेन्द्र पाल सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख पवन कुमार जैन, महानगर संघचालक डॉ. विनीत गुप्ता, महानगर सहकार्यवाह विपिन चौधरी, महानगर प्रचारक रोहित कुमार, संदीप सिंघल, कमलकांत राय, देवेश सिंह, अनिल कुमार, विकास गोयल, दिनेश गुप्ता, अरुण गौड़, सुभाष शर्मा समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

नव संवत्सर के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित आरएसएस के पदाधिकारी।

दिक्कत यूनिफॉर्म की कीमतों में 10-20 प्रतिशत तक की वृद्धि, स्टेशनरी के दाम भी बढ़े

महंगी किताबों व यूनिफार्म के बोझ से दबे परिवार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को महंगी किताबें-कापियां खरीदनी पड़ रही हैं। किताबों के दाम इतने अधिक हैं कि अभिभावक थोड़ी किताबें खरीद कर काम चला रहे हैं। आसमान छूते किताबों के दाम मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बोझ बनते जा रहे हैं। फिर भी दुकानों पर किताबें-कापियां खरीदने वालों की भीड़ देखने को मिल रही है।

नया शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो गया है। निजी स्कूलों में एक ओर दाखिला कराने वालों की भीड़ है तो दूसरी ओर किताबों की दुकानों पर और यूनिफार्म की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इस बार निजी स्कूलों में जो किताबें लगाई गई हैं, उनके रेट देख कर अभिभावकों के पसीने छूट रहे हैं। किताबें खरीदने से पहले सोचना पड़ रहा है कि सभी किताबें एक साथ खरीदी जाएं या थोड़ी, निजी स्कूलों में अलग अलग लेखकों की किताबें हैं। स्कूल संचालकों ने अपने स्कूल की किताबें चुनिंदा दुकानों पर ही उपलब्ध कराई हैं। जिससे उन्हें दुकान से कमीशन मिल सकें। यहां अभिभावकों को स्कूल परिसर या फिर किसी विशेष दुकान से ही कॉपी-किताब खरीदने के लिए निर्देश देते हैं। पीलीकोठी स्थित स्कूल ड्रेस व्यापारी शोभित अग्रवाल बताते हैं कि बच्चों के स्कूल यूनिफॉर्म की कीमतों में इस बार पांच से 10 -20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

कॉपी-किताब की कीमतें

कक्षा	कीमतें (हजार में)
प्री प्राइमरी	ढाई से साढ़े तीन हजार
एक से पांच	चार से साढ़े पांच हजार
छह से आठ	पांच से सात हजार
नौ से दस	सात से आठ हजार
ग्यारह से बारह	आठ से नौ हजार

यूनिफार्म की कीमत (एक सेट)

कक्षा	कीमत
प्री प्राइमरी	1700
एक से पांच	2000
छह से आठ	2500
नौ से 12	3500

बिना किताबों के पढ़ रहे परिषदीय स्कूलों के बच्चे

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है। अभी भी बच्चों के हाथ में किताबें देने के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। अधिकतर बच्चों को अभी तक किताबें नहीं मिल पाई हैं। आलम यह है कि अभी कक्षा एक और दो की किताबों की खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। विभाग का कहना है कि इस बार कक्षा एक और दो में एनसीआरटी की किताबें चलेंगी। जिसकी प्रक्रिया शासन स्तर से पूरी होगी। इन कक्षाओं की किताबें जून- जुलाई में मिलने की उम्मीद है। जनपद में 1401 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें कक्षा 3 से 8 तक 14 लाख किताबें वितरित होनी थी। लेकिन, अभी तक कुल 10 लाख किताबें ही वितरित हुई हैं। वहीं कक्षा 1 से 2 के किसी भी विद्यार्थी को किताबें नहीं मिली हैं।

दो पैसेंजर ट्रेनों के रैक में रेलवे ने किया बदलाव

मुरादाबाद, अमृत विचारः रेल प्रशासन ने मंडल में संचालित दो पैसेंजर ट्रेनों के रैक में बदलाव कर दिया है। जिसके बाद दोनों ट्रेनें में मेमो रैक में बदलकर कोचों की संख्या भी बढ़ाई गई है। मंडल में चलने वाली मुरादाबाद-बरेली (04366-65) व बरेली-रोजा पैसेंजर (04379-80) ट्रेनें मेमो रैक में चलेगी। रेलवे ने ट्रेनों के कोच में भी वृद्धि की है।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद-बरेली पैसेंजर में मेमो में बदलाव के बाद नौ की जगह 12 मेमो कार रैक लगाए जाएंगे। जबकि बरेली-रोजा पैसेंजर ट्रेन में सात की जगह 12 मेमो कार रैक लगाए जाएंगे। इससे जहां यात्रियों को बैठने की पर्याप्त जगह मिलेगी। ज्यादा भीड़भाड़ की स्थिति में यात्रियों को सफर में असुविधा का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। पहले के मुकाबले ज्यादा यात्री ट्रेन में सफर कर सकेंगे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था की ट्रस्टी शिखा गुप्ता व अन्य।

नेत्र संस्थान में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

मुरादाबाद, अमृत विचारः सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस (वर्ल्ड हेल्थ डे) मनाया गया। वक्ता आशुतोष ने हेल्थ इंश्योरेंस के फायदे के बारे में बताया। ईसीएस के द्वारा कर्मचारियों को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी हरिओम ने दी। कहा कि अस्पताल में भर्ती होने व उपचार के लिए खर्च सरकार देती है। काम के दौरान मृत्यु होने पर आश्रित को पेंशन का भी प्रावधान है। योग शिक्षिका रितु नारंग ने स्वस्थ जीवन के नुस्खे बताए। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशी खुराना ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कर्मचारियों को उत्तम स्वास्थ्य व उपचार की जानकारी दी गई। संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों की जानकारी रखने की सलाह दी। संचालन गरिमा सिंह ने किया।

एक नजर

आज तीन घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

मुरादाबाद, अमृत विचार : रामगंगा विहार उपकेंद्र के सभी फीडरों से संबंधित दीनदयाल नगर, अवंतिका, आशियाना की बिजली आपूर्ति तीन घंटे लगातार बंद रहेगी। रविवार को अधिशासी अभियंता द्वितीय शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को रामगंगा विहार उपकेंद्र की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) मशीन बदली जाएगी। जिसके लिए क्षेत्र के ढाई हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह दस बजे से एक बजे तक बंद रहेगी।

एक नजर

तमंचा के साथ युवक और तीन वारंटी गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने एक व्यक्ति को तमंचा के साथ व तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना कांठ पुलिस के उप निरीक्षक धर्मेंद्र पवार ने हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार एवं कांस्टेबल कृष्ण पाल के साथ ग्राम चैदरी अकबरपुर निवासी नफीस पुत्र रफीक को तमंचा 12 बोर एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर थाना कांठ पुलिस ने वारंटी नईमुद्दीन निवासी मोहल्ला चौक बाजार कांठ, कृपाल सिंह निवासी ग्राम मिश्रीपुर थाना कांठ व सुभाष निवासी ग्राम शेरपुर पट्टी थाना ठाकुरद्वारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नवोदय में चयनित छात्रों का सत्यापन आज से

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें कक्षा 6 के लिए 79 विद्यार्थी और कक्षा 9 के लिए 6 विद्यार्थी का चयन किया गया है। प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ क्रमांक 1 से 25 तक 8 अप्रैल, 26 से 50 तक क्रमांक के अभ्यर्थी 9 अप्रैल और बाकी सभी अभ्यर्थी 10 अप्रैल को विद्यालय पहुंचकर अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराएं। उनके शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद ही प्रवेश संपूर्ण माना जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने पर ही विद्यार्थी अपने पिछले विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र टीसी प्राप्त कर लें।

मैनाठेर में अवैध खनन में लगा डंपर सीज

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र से अवैध खनन की मिल रही लगातार शिकायतों पर संज्ञान लिया। गस्त पर निकले क्षेत्राधिकारी बिलारी राजेश कुमार को नगलिया की तरफ से मिट्टी से भरा डंपर जाता दिखाई दिया। जिसपर उसे रुकवाकर चालक से संबंधित कागज दिखाने को कहा। कागज न दिखाने पर डंपर को थाने लाकर सीज कर दिया। आपको बतादे कि मैनाठेर थाना क्षेत्र में अवैध खनन का कार्य बेरोकटोक चल रहा है। इसे लेकर समाचार पत्रों में भी खबरे प्रकाशित हुई थी जिसपर सीओ बिलारी ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की।

मुरादाबाद देहात की खबरें पेज-9 पर भी

अपमिश्रित शराब समेत 20 लाख का माल पकड़ा

अवैध शराब के काले कारोबार से जुड़े सात आरोपी गिरफ्तार, चार फरार, किराए के भवन में चल रहा था धंधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोक सभा चुनाव की दृष्टि से शराब की मांग बढ़ी है। ऐसे में अवैध शराब के काले कारोबारी सक्रिय हो गए हैं। फर्जी बार कोड व नकली सील को बोतल पर टैग लगाकर अवैध शराब बनाकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। अवैध शराब के कारोबार से जुड़े सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चार लोग भाग गए।।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से नामित कंपनियों के टैग, बार कोड, अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इन सातों आरोपियों के पास 76 बोतल, 64 हॉफ और 143 क्वार्टर में शराब मिली है। खाली बोतलों में 71 क्वार्टर, 30 हॉफ व 13 बोतलें मिली हैं। विभिन्न मार्का के करीब 3.40 लाख रुपये की कीमत के सील लगाने वाले ढक्कन, 2.12 लाख रुपये की कीमत के बार कोड, नई बोतलों के ढक्कन पर लगाने वाले बार कोड, 50 लीटर वाला प्लास्टिक ड्रम मिला है। इस ड्रम में पांच लीटर रसायन व अल्कोहल भरा है। पांच-पांच लीटर वाली तीन जरीकेन, मग मिला है। दो लीटर स्प्रिट पाया गया है। आठ मोबाइल भी मिले हैं। मार्केट में जिस वाहन से सप्लाई करते थे, वह स्कूटी भी बरामद हुई है। पुलिस ने बरामद शराब व उपकरणों की कुल कीमत 20 लाख रुपये बताई है।

पुलिस लाइन सभागार में जानकारी देते एसएसपी हेमराज मीना। ● अमृत विचार

एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता में बताया कि यह कामयाबी मझोला थाना पुलिस और एसओजी टीम के जरिए मिली है। गिरफ्तार हुए लोगों में मुनाजिर उर्फ साहिल, संजय कुमार, परवेंद्र, तरुण सैनी, राम सिंह, फैजुर्रहमान उर्फ फैजान और मोहम्मद जावेद हैं। पूछताछ में अभियुक्त मुनाजिर उर्फ साहिल ने बताया है कि वह लोग कंपनी में बनने वाले अल्कोहल को फर्जी तरीके से खरीद कर अपमिश्रित शराब बनाते हैं। कार्य में दोनों भाई जगदीश और राम सिंह अल्कोहल लाने का कार्य करते हैं। संजय और उसका भतीजा परवेंद्र बोतलों पर लगने वाले ढक्कन व बार कोड, सील की व्यवस्था करते हैं। जावेद व फैजान खाली बोतल, क्वार्टर आदि की व्यवस्था करते हैं। ये कार्य वह खुशहालपुर में रविंद्र के किराए वाले भवन में कर रहे थे। इसी मकान में वह और उनके साथी मिलकर अपमिश्रित शराब बनाते थे। इनके कुछ साथी इस शराब को अपने निश्चित ठिकानों से मांग के अनुसार बिक्री करते रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि बरामद शराब की कीमत तीन लाख रुपये है। ढक्कन व सील की कीमत करीब 15 लाख रुपये है। इस तरह बरामद सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये है। एसएसपी ने मझोला थाना पुलिस और एसओजी की इस सफलता को काफी बड़ी कार्रवाई बताया है। इसके लिए उन्होंने टीम को 25,000 रुपये का इनाम देने को कहा है।

दिल्ली से लाते थे बार कोड और ढक्कन

मुरादाबाद, अमृत विचार : एसएसपी ने बताया कि काले धंधे में शामिल लोग नामित कंपनियों के बार कोड व प्लास्टिक के ढक्कन दिल्ली से लाते थे। स्प्रिट्स कहां से लेते थे...शराब कहां बेच रहे थे, इसकी जानकारी में पुलिस लगी है। इस तरह की शराब पीने से लोगों की जान भी जा सकती थी। चुनाव चल रहा है बाजार में शराब की मांग भी बढ़ी है। उधर, मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कांत वर्मा ने बताया, गिरफ्तार अभियुक्तों में मुनाजिर उर्फ साहिल पुत्र शफीक अहमद संभल जिले के थाना नखासा के सिंहपुर साहनी का रहने वाला है। संजय कुमार पुत्र शिवनाथ सिंह बिजनौर जिले के थाना स्योहारा के ख्वाजा अहमदपुर जलाल का है। परवेंद्र पुत्र राज कुमार सिंह बिजनौर के थाना नूरपुर के मुहल्ला रामनगर का है। अन्य आरोपी मुरादाबाद जिले हैं। इनमें तरुण सैनी पुत्र घनश्याम सैनी थाना नागफनी के मुहल्ला मालती नगर, डिप्टी गंज का, राम सिंह पुत्र नरपत सिंह भगतपुर क्षेत्र के निवाड़खास का है। फैजुर्रहमान उर्फ फैजान पुत्र हबीबुल रहमान थाना गलशहीद के असालतपुरा में डेहरवाली मस्जिद के पास रहता है, जबकि मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद जहीर मझोला थाने के पीर का बाजार करूला में आबिद मॉर्केट का रहने वाला है।

एक महीने से लापता किशोरी का सुराग नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र से एक महीने से लापता किशोरी का पता नहीं चल सका है। इस मामले में मां ने अज्ञात आरोपी पर बहला-फुसला कर अपहरण करने का मामला दर्ज करा दिया है। दस सराय चौकी क्षेत्र निवासी महिला के पति की मौत हो चुकी है।

महिला ने पुलिस को बताया है कि सात मार्च को उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर थी। सात मार्च को देर रात करीब 3 बजे किशोरी घर से कहीं चली गई। रिश्तेदारी-घर परिवार में तलाश किया, लेकिन किशोरी का पता नहीं चल सका है। परेशान होकर महिला ने थाने में तहरीर दी। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ किशोरी के अपहरण करने का मामला दर्ज किया है। किशोरी की तलाश कर सकुशल बरामदगी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दुखद

▸▸ बैंक खाते से भी गायब हैं 6 लाख रुपये, युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अमृत विचार : कल्याणपुर की मिलक में रामगंगा नदी के किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ से युवक का शव लटका मिला। इसकी सूचना गांव के चौकीदार राजेंद्र ने पुलिस को फोन करके दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा, उसके गले में रस्सी बंधी थी। काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल की सूचना पर मौके पर सीओ कटघर रुद्र प्रताप सिंह और थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह भी पहुंचे थे।

मृतक के भाई जोगेंद्र सिंह ने शव की पहचान अपने भाई जगवीर पुत्र यदुराम (22) निवासी त्रिलोकपुर जटपुरा थाना डिलारी के रूप में की है। मृतक जगवीर तीन भाई व दो बहनों में छोटा था। कुछ दिनों पहले बेची गई जमीन के पांच-छह लाख रुपये उसके बैंक खाते में जमा थे। खाते में बैलेंस जीरो है। जोगेंद्र ने बताया कि शनिवार सुबह उनके पिता ने भाई जगवीर से खाद लाने के लिए कहा था, वह नहीं गया। इसी के बाद से वह गायब हो गया था। काफी समय बीतने के बाद भी जब जगवीर घर नहीं लौटा तो खोज शुरू की थी। जोगेंद्र ने बताया कि वह जलालपुर पुलिस चौकी के पास गए थे, वहीं निजी बस अड्डा है। चौकी के कैमरों के फुटेज में देखा तो पता चला कि उनके भाई ने सुबह 9.50 बजे स्टैंड पर साइकिल खड़ी की और काशीपुर वाली बस से मुरादाबाद चला गया था। रविवार दोपहर 12.50 बजे भाई के नंबर से ही उनके फोन पर कॉल आई। पुलिस के बुलाने पर वह चौकी पहुंचे, जहां शव की फोटो देखकर पहचान की। थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि जगवीर शनिवार शाम को किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गया था। तभी से वह लापता था। चूंकि यह डिलारी थाना क्षेत्र का मामला है, इसलिए जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई पता चलेगी।

कांस्टेबल भर्ती के लिए किया था आवेदन

जगवीर कांस्टेबल भर्ती की तैयारी कर रहा था। आवेदन भी कर चुका था। परिजन ने बताया है कि जगवीर के रिश्ते की बात भी चल रही थी। खाते का बैलेंस जीरो होने के मामले में परिवार व पुलिस को आशंका है कि आइपीएल मैच में रुपये लगाकर वह हार गया हो या फिर कोई अन्य कारण से पैसे खत्म होने से उसने मौत को गले लगा लिया हो।

सीमेंट कारोबारी की दुकान में की तोड़फोड़

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दबंगों ने सीमेंट व्यापारी की दुकान में तोड़फोड़ कर दी। व्यापारी द्वारा विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

नगर के वार्ड नं 6 निवासी मोहम्मद सद्दाम पुत्र अकील अहमद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी वार्ड नं16 में सीमेंट सरिए की दुकान है। जब वह दुकान बंद कर रहा था। तभी धोबियान मदरसे के पास रहने वाला रफीक पुत्र मोहम्मद शफी चार लोगों के साथ दुकान पर आया और दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया था। आरोप है कि उसके बाद पुनः कुछ लोग दुकान पर आए और दुकान में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मो. नबी, दानिश, समीर, इस्लाम सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कायस्थ महासभा ने मनाया होली उत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की ओर से रविवार की शाम रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हाल में कायस्थ परिवार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से कायस्थ समाज के लोगों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

मुख्य अतिथि कैप्टन अखिलेश सक्सेना कारगिल युद्ध विजेता रहे। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि ने भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण के बाद आरती वंदना से की। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, वरिष्ठ सदस्य अरविंद सक्सेना आदि अतिथियों का सम्मान पगड़ी, पटका पहनाकर व बुके देकर किया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों में डांस, सिंगिंग, हास्य व्यंग्य, कविता, चुटकुला आदि प्रस्तुत कर लोगों को खूब हंसाया। फूलों की होली भी खेली गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने होली खेले रघुवीरा गीत पर माहौल को और भव्य बना दिया। आयोजन में नीतू सक्सेना, दीपक सक्सेना, अनिल सक्सेना, मेजर सुदेश भटनागर, मनोज सक्सेना, डब्लू सक्सेना, डॉ. हिमांशु भटनागर, डॉ. वैभव सेठ, राहुल भटनागर, आदेश सक्सेना, लवलीन सक्सेना, एडवोकेट राजीव जौहरी, एडवोकेट आशीष सक्सेना, रजनी सक्सेना, नीता भटनागर, रीना सक्सेना, मधु सक्सेना, दीपाली, संध्या, मंजू आदि मौजूद रहे।

रामगंगा विहार स्थित बैंक्वेट हॉल में होली मिलन समारोह में उपस्थित पदाधिकारी।

▸▸ गीत, नृत्य, संगीत के कार्यक्रमों में लोगों ने दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला घायल हुई

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सड़क किनारे अपने घर के सामने खड़ी महिला को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेन्टर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गंव काला झान्डा निवासी वीना देवी पत्नी भूकन सिंह अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने पीछे से महिला को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। मौके पर जुटी भीड़ ने एंबुलेंस की मदद से महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

तमंचा दिखाकर देवर ने भाभी से किया दुष्कर्म

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : परिजनों की गैर मौजूदगी में देवर ने तमंचा दिखाकर भाभी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध पर महिला से मारपीट की गई। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव निवासी युवती की शादी 7 अक्टूबर 2023 को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुरी खालसा निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि विवाहिता का पति प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बाहर रहकर तैयारी कर रहा है। 12 मार्च को उसकी सास रिश्तेदारी में गई थी। घर पर कोई भी नहीं था। इस बीच उसके देवर ने अकेला देख उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने तमंचा दिखाकर दुष्कर्म किया। साथ ही मारपीट की। आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बाद में महिला ने अपनी सास को घटना की जानकारी दी तो उसने पीड़िता को ही दोषी ठहराया। महिला ने किसी तरह मायके वालों को जानकारी दी। तब पुलिस में तहरीर दी गई। कोई कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तैयारी बड़ी संख्या में प्रदेश व देश के कोने-कोने से श्रद्धालु मेले में लेंगे भाग, गुरु जंभेश्वर ने यहां पर लगाया था खेजड़ी का वृक्ष

आज लोदीपुर धाम में होगा 493वां वार्षिकोत्सव, तैयारियां पूरी

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : श्री विश्नोई मंदिर लोदीपुर धाम का 493वां वार्षिक उत्सव सोमवार को आयोजित होगा। क्षेत्र से बड़ी संख्या में विश्नोई समाज के अलावा हिंदू समाज के श्रद्धालु भागीदारी करेंगे। उत्सव की सभी तैयारियां कमेटी एवं अनुयायियों ने पूर्ण कर ली हैं।

श्री विश्नोई मंदिर लोदीपुर धाम में देश की आजादी से भी कई दशकों पूर्व से चैत्र अमावस्या पर विशाल मेला लगाया जाता रहा है। इस बार भी 493 वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। हरिद्वार के महंत एवं विख्यात संतों के अलावा राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, मध्य प्रदेश के अलावा देश के अनेक हिस्सों से संत व श्रद्धालु पूजा-अर्चना में भागीदारी करते हैं। बताया जाता है कि विश्नोई समाज के संस्थापक गुरु जंभेश्वर भगवान लोदीपुर धाम मंदिर में पधारे थे, जिनके चरणों के स्पर्श से यह धाम संसार में विख्यात हो गया है। खेजड़ी में 363 विश्नोई समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हरे भरे वृक्षों की रक्षा की थी। गुरु जंभेश्वर भगवान ने यहां पर खेजड़ी का वृक्ष भी लगाया था जिसकी पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन यहां पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करने से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार एवं विशिष्ट अनुयाई श्रीओम सिंह ने बताया कि यहां पूजा-अर्चना के साथ विशाल मेला भी लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, विशिष्ट अतिथि मुरादाबाद विधायक रितेश कुमार गुप्ता, महापौर मुरादाबाद विनोद अग्रवाल आदि मौजूद रहेंगे।

लोदीपुर धाम। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा निकाली गई

कांठ, अमृत विचार : श्री बिश्नोई मंदिर लोदीपुर धाम का 493वां वार्षिक उत्सव की शोभायात्रा में क्षेत्र से हजारों की संख्या में बिश्नोई समाज के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया। रविवार को दोपहर 3:00 बजे से बैंड बाजे, भजन कीर्तन करते हुए समाज के लोगों ने श्री जंभेश्वर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली। जिसका आरंभ गौतम पेट्रोल पंप निकट पीएसी कांठ रोड से किया गया जो हरथला होते हुए शाम को लोदीपुर धाम में पहुंची। जिसमें संत स्वामी प्रणवानंद महाराज के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रात 8:00 बजे आरती कीर्तन व जागरण किया गया। शोभायात्रा में लोदीपुर धाम की कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार, रोहित बिश्नोई, संजय सिंह, अजय कुमार जाखड़, अजित सिंह आदि शामिल रहे।

स्क्रैप भरते समय करंट लगने से युवक की मौत

रुद्रपुर, अमृत विचार : गंगापुर मार्ग पर ट्रॉली में स्क्रैप भरते वक्त हाइटेंशन तार की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूलरूप से पूरनपुर पीलीभीत व हाल निवासी रेशम बाड़ी रुद्रपुर निवासी 33 वर्षीय सुरेंद्र पाल गंगापुर मार्ग स्थित स्क्रैप के गोदाम में मजदूरी का कार्य करता था। रोजमर्रा की भांति शनिवार की शाम को वह ट्रॉली में स्क्रैप भर रहा था कि अचानक ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन से मजदूर का हाथ लग गया। करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और विद्युत सप्लाई बंद करवाने के बाद ट्रॉली के ऊपर लटके शव को नीचे उतारा। घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सार संक्षेप

कोतवाली में शांति समिति की बैठक में बोलते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

त्योहारों को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली में त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ईद उल फितर, आंबेडकर जयंती एवं रामनवमी मेले को लेकर चर्चा की गई। रविवार को कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक में ईद उल फितर, आंबेडकर जयंती एवं रामनवमी मेले को ध्यान में रखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार पर कोई नई परंपरा शुरू न की जाए। वहीं सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं बताई। इस दौरान तहसीलदार बिलारी कमलेश कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, अपराध शाखा के निरीक्षक राजेश कुमार यादव, पंडित जगत नारायण शर्मा, संजय जैन, दुष्यंत चौहान, बलवीर सिंह चौहान, राजेंद्र प्रजापति, मोहम्मद राजू रफी, डॉ. जगतपाल सिंह, सिद्धार्थ शेखर, पं. विनोद कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी का स्वागत करते राशन डीलर संघ के पदाधिकारी।

राशन डीलरों की मांगों पर विचार करे सरकार

बिलारी, अमृत विचार : नगर में राशन डीलरों ने बैठक की। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी को स्वागत किया गया। साथ ही प्रदेश सरकार से राशन डीलरों की मांगों पर विचार करने की अपील की गई। रविवार को राशन डीलर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बैठक का आयोजन किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि डीलरों का मानदेय निर्धारित किया जाए, साथ ही कमीशन भी बढ़ाया जाए, मुरादाबाद मंडल के सभी राशन कोटेदार का बकाया किराए का रुका भुगतान शीघ्र कराने, न्यूनतम मानदेय 20,000 रुपये आदि किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मानदेय को लेकर शासन से बात चल रही है। कार्यक्रम में संगठन को मजबूती पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह, हाजी अब्दुल हसन, अरविंद सिंह, मोहम्मद यासीन, दिलीप कुमार, रईस अहमद, हरवीर सिंह, पप्पू, राजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा के बाजार में ईद की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

ईद-उल-फितर की खरीदारी को बाजार में बढ़ी रौनक

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में ईद-उल-फितर की तैयारी के लिए बाजार में रौनक व चहलकदमी बढ़ गई है। जैसे-जैसे ईद-उल-फितर का त्योहार निकट आ रहा है बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ बढ़ने लगी है। नगर के बाजारों में कपड़े की खरीद के लिए ग्राहक दुकानों पर पहुंचकर मनपंसद कपड़े, इत्र व अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं पर सिवाइयां आदि की भी खरीदारी शुरू हो गई है। 10 या 11 अप्रैल को भारत में ईद मनाई जाएगी। इसके चलते रोजेदारों ने बाजारों में खरीदारी शुरू कर दी है।

गांव रामूवाला गणेश में स्थित संत कृपाल आश्रम में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संत कृपाल सिंह का अनुयायियों ने जन्मदिन मनाया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ग्राम रामूवाला गणेश स्थित कृपाल आश्रम में संत कृपाल सिंह महाराज का जन्मदिन उनके अनुयायियों द्वारा मनाया गया। क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश में स्थित संत कृपाल सिंह आश्रम में गुरु वचन सिंह की अध्यक्षता में सर्व प्रथम सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग के दौरान संत कृपाल सिंह महाराज के बताए गए मार्ग पर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि इंसान को रहमत का अर्थ जानना है तो पहले अपने आपको जानना होगा। अगर हम संतों व महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलते हैं तो काल चाहकर भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। परमात्मा किसी वजह से हम पर रहमतों की वर्षा नहीं करते वो सिर्फ यही चाहते हैं कि हम सभी जल्द से जल्द सच्चाई को जान सकें। सत्संग के बाद लंगर भी लगाया गया। सत्संग में वर्मा देवी, मूर्ति देवी, दयाराम, सतवीर, आदि लोग मौजूद रहे।

दुकान से खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

चैत्र नवरात्रि को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

कांठ, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नव वर्ष को लेकर नगर के बाजार गुलजार हो गए हैं। बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रहे हैं। इसी दिन हिंदू नव वर्ष भी है। चैत्र नवरात्रि से पहले क्षेत्र के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। पूजा सामग्री एवं अन्य व्रत संबंधी सामान खरीदने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। व्यापारियों ने अपनी दुकानों को नारियल, चुन्नी एवं माता की तस्वीरों आदि से सजा रखा है। वहीं नगर के मंदिरों में भी चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। मंदिरों की साफ-सफाई एवं सजावट का कार्य चल रहा है। चैत्र नवरात्र को लेकर पुलिस भी सक्रिय है। प्रशासन व पुलिस लगातार नागरिकों से आचार संहिता का पालन करते हुए त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

एक नजर

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

तमंचा और कारतूस बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

रहरा, अमृत विचार : पुलिस ने चेकिंग के दौरान तमंचा और कारतूस बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। रहरा थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि पुलिस टीम बुरावली उझारी मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने नर्सरी के सामने एक युवक को तमंचा और कारतूस बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना नाम सलीम पुत्र शौकत निवासी ग्राम जयतौली थाना रहरा बताया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद कर रिपार्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

पुलिस ने नौ आरोपियों की खोली हिस्ट्रीशीट

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। पुलिस ने नौ अपराधियों के हिस्ट्रीशीट खोल दी है। जिन अभियुक्त की हिस्ट्रीशीट खोली गई है, उनमें जाने आलम, कासिम, गौरव, मोहम्मद आलम, अलाउद्दीन, कमरुद्दीन, धर्मेंद्र, काशीराम आदि शामिल हैं। इन सभी आरोपियों पर पुलिस द्वारा उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

ग्रामोदय इंटर कॉलेज के अध्यक्ष के पिता नहीं रहे

बुरावली, अमृत विचार : रहरा थाना क्षेत्र के ग्रामोदय इंटर कॉलेज गंगेश्वरी के अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन शंकर प्रमोद नागर के पिता भोला सिंह निवासी तरौली की रविवार को मृत्यु हो गई। जिनका अंतिम संस्कार जल्लौपुर पुलिस चौकी के सामने गंगा घाट पर सोमवार को सुबह नौ बजे होगा। जानकारी होने पर भोला सिंह के आवास पर पहुंचकर लोगों ने परिजनों को सांत्वना दी।



गंगा में तीन युवक डूबे, एक की मौत

दो को गोताखोरों ने बचाया, अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : तिगरी गंगा में नहाते वक्त रविवार दोपहर तीन युवक डूब गए। दो युवक एक ही गांव के निवासी हैं। जिसमें गोताखोरों ने समय रहते दो युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जबकि एक की मौत हो गई। युवक के शव को गंगा से बरामद कर लिया।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव कुंदरकी भूड़ निवासी महिला रामवती का रविवार को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार तिगरी गंगा घाट पर में किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोहल्ले के कई लोग भी गए थे। जिनमें सैदनंगली थाना क्षेत्र गांव कुंदरकी भूड़ निवासी आशीष व विकुल और संभल थाना क्षेत्र के गांव रजा निवासी ब्रिजेश भी साथ थे। अंतिम संस्कार के बाद तीनों लोग अन्य गांवों वालों के साथ गंगा में स्नान कर रहे थे।

नहाते वक्त तीनों गहरे पानी में चले गए। जिसके चलते तीनों पानी में डूब गए। चीख पुकार की आवाज सुनकर वहां मौजूद अन्य गांववालों ने शोर मचाया तो गोताखोर मौके पर दौड़ पड़े।

गोताखोरों ने आशीष व बृजेश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। करीब दो घंटे की तलाश के बाद विकुल के शव को भी गोताखोरों ने बाहर निकाल लिया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले दो युवकों को गोताखोरों ने सुरक्षित निकाला गया है। जबकि एक युवक के शव को गंगा से बरामद कर लिया गया है।

मामले की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

कोहराम

- अंतिम संस्कार के बाद अन्य लोगों के साथ नहा रहे थे तीनों
- गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा चीख सुनकर पहुंचे थे गोताखोर

दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

गजरौला, अमृत विचार : गंगा में डूबे विकुल का शव बरामद हुआ। वह मजूदरी कर परिवार का पोषण करता था। विकुल की नौ साल पहले शादी हुई थी। परिवार में पत्नी डॉली के अलावा दो बच्चे जिसमें चार वर्षीय शौर्य व तीन वर्षीय निधि है। अब विकुल की मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

चार दिन पहले भी दो युवकों की हुई थी मौत

गजरौला, अमृत विचार : चार दिन पहले भी अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गए तीन युवक गंगा में नहाते वक्त डूब गए थे। जिसमें एक युवक को गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था और दो युवकों के शवों को गोताखोरों ने गंगा से बरामद कर लिया था। अब रविवार को फिर से यह हादसा हो गया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने 308 वाहनों के किए चालान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर समेत जिले भर में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई। 24 घंटे में 308 वाहनों के चालान किए गए।

रविवार को ट्रैफिक इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर नगर एवं जिले भर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाहनों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हेलमेट न पहनने और बेल्ट सीट न लगाने को लेकर 308 वाहनों के चालान किए गए हैं।

ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि इस चेकिंग अभियान में सिविल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल रहे। जिनकी देखरेख में चार पहिया वाहनों पर लगी काली फिल्म को हटाया गया एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने वाहनों में बैठे लोगों के बैग और थैलों को भी चेक किया। उन्होंने बताया कि यह चेकिंग निर्वाचन आयोग के निर्देश पर की जा रही है।

आचार संहिता के चलते लोग चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को चंदे के रूप में रुपये तो नहीं पहुंचा रहे। इसलिए चार पहिया वाहनों में बैठे लोगों के बैग को चेक किया जा रहा है। ट्रैफिक इंचार्ज का कहना है कि अवैध रूप से मार्ग पर दौड़ रहे बड़े वाहनों को भी चेक किया गया है।

वाहनों की चेकिंग करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

135 अपराधियों के खिलाफ की कार्रवाई

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने 135 अपराधियों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए उनको गिरफ्तार किया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए नगर समेत जिले भर की पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उनकी धरपकड़ शुरू कर दी है। रविवार को जिले भर में पुलिस ने 135 अपराधियों को गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनके चालान किया। सभी अपराधियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उनको जेल भेज दिया। बताया जाता है कि अमरोहा नगर थाना पुलिस में चार, रजबपुर पुलिस ने 14, नौगांवा सादात पुलिस ने 12, बछरायूं पुलिस ने 70, मंडी धनौरा पुलिस ने 10, सैदनगली पुलिस ने 15, आदमपुर पुलिस ने 10 अपराधियों को गिरफ्तार कर चालान किए हैं।

हाइवे किनारे बोरे में बंद मिला वृद्ध

संवाददाता, गजरौला

- प्रभारी निरीक्षक ने मामले को बताया संदिग्ध
- मौके पर मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर की वायरल

अमृत विचार : नेशनल हाइवे के किनारे एक वृद्ध बोरे में बंद मिला। उसके हाथ पैर भी बंधे थे। आरोप है कि कार सवार दो लोग उसकी हत्या करने के लिए बंधक बनाकर डासना से अपहरण करके लाए थे। इसकी जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। जिसके बाद झूठी सूचना देने पर वृद्ध का चालान कर दिया गया।

मामला गजरौला थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे का है। दरअसल डासना के वार्ड नंबर 13 निवासी उम्मेद अली रविवार की सुबह मोहम्मदाबाद के निकट हाईवे के किनारे बोरे में बंद मिले। उनके हाथ पैर भी बंधे हुए थे। इसकी जानकारी होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाते हुए उम्मेद को बोरे से बाहर निकाला और उनके हाथ-पैर भी खोले। उम्मेद के अनुसार उन्हें कार सवार दो लोग डासना से अपहरण करने के बाद बंधक बनाकर कार में डालकर लाए थे। हत्या करने के नीयत से तमंचे से फायर भी किया, लेकिन फायर नहीं हो सका। आरोपी उन्हें वहीं फेंककर चले गए।

लोगों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि उम्मेद वारंटी था। बीते दिनों उसे गिरफ्तार किया गया था। यह एक आरोपी भी है। इस पर पहले से ही नौ मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल झूठी सूचना देने पर उम्मेद अली का चालान कर दिया गया है। उससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

सड़क पर लिटा बोरे में बंद मिला वृद्ध।

मारपीट व मारने की धमकी के मामले में रिपोर्ट

चौधरपुर, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां निवासी प्रशांत कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह ने कस्बा पाकबड़ा निवासी साजिद हुसैन फुरकान, आलम व एक अज्ञात व्यक्ति पर मारपीट और जान से मारने धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों पर रिपार्ट दर्ज कर ली है।

एडीएम ने शनिवार को हसनपुर कलां में एक ट्रक को पकड़ लिया था। जिसे वहीं सड़क किनारे खड़ा कर दिया। जिसकी निगरानी पुलिस और लेखपाल प्रशांत कुमार की दी। शनिवार की रात गांव में सड़क किनारे खड़े ट्रक के पास खड़ा था। तभी आरोपी ट्रक के पास आए और उसे ले जाने की कोशिश करने लगे। जब लेखपाल ने ट्रक को ले जाने के बारे में मालूम किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने लेखपाल प्रशांत कुमार की तहरीर पर साजिद, फुरकान, आलम और एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पैदल मार्च करते पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस ने किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए अमरोहा देहात और रजबपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अर्ध सैनिक बलों के साथ पैदल मार्च किया। पुलिस ने लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया।

रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में पुलिस में अर्धसैनिक बलों के साथ पैदल मार्च निकाला। पुलिस ने मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया और लोगों से संपर्क कर चुनाव में शांति व्यवस्था को बनाए रखने की अपील की।

रजबपुर पुलिस ने भी अर्द्ध सैनिक बल के जवानों और दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पैदल मार्च निकाला और आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। मतदान केंद्रों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मंडी धनौरा /बछरायूं, अमृत विचार : शनिवार शाम नगर के मोहल्ला पीरजादगान के पास एक आम के बाग में पेड़ से युवक का शव फंदे से लटका मिला।

सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस के पहुंचने पर युवक की शिनाख्त शब्बू पुत्र निजाम उम्र 23 वर्ष निवासी मोहल्ला पीरजादगान थाना बछरायूं जनपद अमरोहा के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना पर परिजन रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आठ माह पहले ही युवक की शादी हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक अलका चौधरी का कहना है कि आम के बाग में युवक का शव लटका मिला था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया कि मृतक के भाई की ओर से तहरीर में कहा गया है कि मृत युवक की आर्थिक हालत कमजोर थी। शायद इसी वजह से उसने आत्महत्या की है।

कुरान है जन्नत का रास्ता : कारी हसन

संवाददाता, चौधरपुर

अमृत विचार : माहे रमजान की 26वें रोजे की तरावीह में जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ। हाफिज कारी रागिब हसन ने कुरआन सुनाया और हाफिज इमामुल ने कुरआन सुना। बाद तरावीह के जामा मस्जिद में जलसे का आयोजन किया गया। हाफिज कारी रागिब हसन ने जलसे को खिताब करते हुए कहा की अगर तुम जन्नत में जाना चाहते हो तो कुरआन और अहले बैत से मोहब्बत करो। क्योंकि कुरान अल्लाह का कलाम है और अहलेबैत अल्लाह से मोहब्बत करने वाले हैं।

उन्होंने कहा की वे लोग खुशनसीब है। जिनको माहे रमजान की तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनने को मिला। कहा की ये सब नबी का सदका है जो अल्लाह का कलाम हम को नसीब हुआ। उन्होंने कहा कि हमें अच्छा इंसान बनकर जीना चाहिए और अच्छा इंसान तभी बना जा सकता है जब वह कुरान और नबी के बताए रास्ते पर चले। आखिर में कारी रागिब हसन ने देश में अमन चैन और शांति के लिए दुआ कराई। इस मौके पर जावेद अख्तर, हाफिज शमशाद आलम, मोहम्मद शफी, हाफिज बब्बू, वसीर मुल्ला, हाजी अब्दुल हक शेरी, हासिम रजा, नवाब जान, आशक अली, असगर अली कासिम आफताव आलम आदि मौजूद रहे। इसके अलावा नूरानी मस्जिद, मदीना मस्जिद, नसीरी मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, गौसिया मस्जिद में भी कुरआन मुकम्मल हुआ और तबर्रुक तकसीम किया गया।

जलसे में खिताब करते हाफिज कारी हसन। ● अमृत विचार

कपड़ों की दुकान में चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली

संवाददाता, हसनपुर

- पांच लाख से अधिक का माल चोरी कर ले गए बदमाश

अमृत विचार : एक सप्ताह पहले नगर के संभल मार्ग स्थित चीनी मिल के सामने कपड़ों की दुकान में नकब लगाकर चोरों ने लाखों रुपये की चोरी की थी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

ज्ञात हो कि कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा निवासी अंबर की सहकारी चीनी मिल के गेट के ठीक सामने रिजवी क्लॉथ हाउस के नाम से कपड़े की दुकान है। अंबर का कहना है कि 30 मार्च की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए। 31 मार्च की सुबह पहुंचे तो दुकान में पीछे से नकब लगा हुआ था और दुकान से लाखों का सामान गायब था। दुकान भी गल्ला भी खुला हुआ था। अंबर के मुताबिक चोर लैपटॉप, चार बड़े बैटरे, मोबाइल कैमरा, 10 हजार रुपए व रेडीमेड कपड़ों समेत पांच लाख से अधिक का माल चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मौका मुआयना भी किया गया था। फॉरेसिंक टीम ने मौके से फिंगर प्रिंट और अन्य साक्ष्य भी एकत्र किए थे। अब एक सप्ताह बाद भी चोरी का खुलासा करने में नाकाम कोतवाली पुलिस की कार्यशैली को लेकर व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। इसे बारे में प्रभारी निरीक्षक सनोज कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम कार्य कर रही हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

शिविर में 60 ने कराई रक्त की जांच

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 लोगों के रक्त की जांच की गई।

रविवार को मोहल्ला नाईपुरा में सादल्लापुर रोड स्थित जेबीएफ की डिस्पेंसरी में रक्त परीक्षण शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। मेडिकल हेड डॉ. सुजिंदर फोगाट ने लोगों को बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के बारे में बताया। कहा कि अभी ठंडा पानी पीने से बचें। संभव हो कि ताजे पानी का ही सेवन करें।

मच्छरों से बचाव बेहद जरूरी है। इसलिए क्वाइल का प्रयोग करें। खुले में रखी वस्तुओं और बाजार में बिकने वाले कटे-फटे फल न खरीदें। समय-समय पर रक्त की जांच कराते रहें। इस मौके पर डॉ. नितिन राय, डॉ. पवन, प्रशांत, प्रवीन, आशु, सुमित गर्ग भी मौजूद रहे। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि जेबीएफ द्वारा इस तरह के शिविर समय-समय पर लगाए जाते हैं ताकि ग्रामीण मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

शिविर में जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

- जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के शिविर में हुई रक्त की जांच
- चिकित्सकों ने कटे-फटे फल खाने से किया मना

तैयारी खरीदारी के लिए महिलाओं में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा, ईदगाहों की सफाई कराई

ईद को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, देर रात तक खरीदारी

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : रमजान के बाद ईद को लेकर मुस्लिम समाज में तैयारियां शुरू हो गई हैं। कपड़ा, जूता-चप्पल, सेवई और अन्य संबंधित सामग्रियों की खरीदारी लोग कर रहे हैं। खरीदारी के लिए महिलाओं में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। मेन बाजार, जामा मस्जिद बाजार समेत अन्य बाजार में दुकानें सज गई हैं। यहां लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

इन दिनों बाजार में ईद की तैयारी को लेकर ग्राहकों की चहलकदमी से रौनक बढ़ गई है। कराची का वर्क सूट, लखनवी चिकन के कुर्ता-पायजामा और फिरोजाबाद की चूड़ियां ग्राहकों की पसंद बनी हैं। ग्राहकों की भीड़ उमड़ने से कारोबारियों के चेहरे खिले हैं। वहीं बाजार में लच्छा सेर्वई, भूनी सेवई, दाल फ्राई सेवई उपलब्ध है। शुद्ध घी के सेवई भी बिक रहे है, जो 500 से 600 रुपये प्रति किलोग्राम है। लच्छा 85 से लेकर 450 रुपये तक बिक रहे हैं। इसके अलावा कोरिया की सेवई 207 रुपये प्रति किलो बाजार में बिक रहे हैं। तुर्की व अफगानी टोपी बाजार की रौनक बढ़ा रही हैं जिसकी ईद में एक खास पहचान है। बाजार में टोपी भी कई प्रकार के उपलब्ध है, जो 50 से 200 रुपये तक कीमत में उपलब्ध है। अफगानी टोपी, सूडानी बरकाती, तुर्की टोपी, बांग्लादेशी टोपी सहित कई प्रकार की टोपियां बिक रही हैं। इससे दुकानदारों के भी चेहरे पर रौनक देखने को मिल रही है।

बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

दुकान पर कपड़ों की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

ईद से पहले बढ़ी खरीदारों की भीड़

गजरौला, अमृत विचार : ईद की तैयारियों को लेकर बाजार में चहल-पहल दिखाई दे रही है। महिलाएं व बच्चे बाजारों में कपड़े व अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं। रविवार को शहर के बाजारों में खासी भीड़ रही। उधर, ईद की नमाज के मद्देनजर ईदगाहों की साफ सफाई भी की जा रही है। शहर के रेलवे स्टेशन रोड व बस्ती में देर रात दुकानें खुली रहीं। दुकानों पर महिलाएं चूड़ी व प्रसाधन सामग्री खरीद रही थी। बाजारों में नए कपड़े व जूते आदि की खरीदारी के लिए देर रात तक बाजार में भीड़ लगी रही। उधर, शहर की ईदगाह की रंगाई -पुताई की जा रही है ।

तीन जिला बदर आरोपियों के गांवों में कराई मुनादी

हसनपुर, अमृत विचार : पुलिस ने तीन जिला बदर आरोपियों गांव में मुनादी कराकर जिला बदर होने की सूचना दी। जिला बदर के क्षेत्र में दिखाई देने पर ग्रामीणों को पुलिस को सूचना देने को लेकर कहा। पुलिस ने कहा कि जिलाबदर तय अवधि में जनपद में पकड़ा तो कार्रवाई होगी।

रविवार को थाना हसनपुर पुलिस ने जिले की सीमा से निष्कासित तीन जिला बदर आरोपियों वसीम पुत्र मुज्जमिल निवासी पिपलौती खुर्द, शाहरुख पुत्र शकील निवासी मोहल्ला लालबाग कस्बा व थाना हसनपुर, जयपाल पुत्र वीरु निवासी ग्राम लुहारी खादर थाना हसनपुर के गांव में जाकर मुनादी कराकर आरोपियों के जिला बदर होने की सूचना दी। लोगों से भी अपील की है कि जिलाबदर अपराधी यदि आपके मोहल्ले में निवास कर रहे हो तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें। जिलाबदर अवधि में जनपद की सीमा में मिलने पर जिलाबदर अपराधी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

ईद की नमाज के लिए ईदगाह की कराई सफाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद प्रशासन ने ईद की नमाज को लेकर ईदगाह की सफाई कराई। सफाईकर्मियों ने सफाई कर ईदगाह को नमाज के लिए तैयार किया।

रविवार को नगर पालिका के कर्मचारी ईदगाह पर पहुंचे। यहां उन्होंने ईदगाह परिसर की सफाई की। पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका की ओर से ईदगाह की सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि ईद की नमाज के लिए ईदगाह पर आने वाले नमाजियों की सुविधा के लिए मिट्टी का समतलीकरण कराया जा रहा है। ईदगाह के मैदान एवं आसपास की झाड़ियों को कटवाया जा रहा है। धनौरा मार्ग से ईदगाह को जाने वाले रास्ते पर जल का छिड़काव व सफाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान को चलाया जा रहा है। जहां कूड़े के ढेर लगे हैं उनको हटाने के निर्देश दे दिए गए। निर्बाध जलापूर्ति के लिए पालिका ने जनरेटर की व्यवस्था की है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने लोगों से आग्रह किया कि नगर पालिका परिषद द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य में अपना सहयोग एवं अमूल्य सुझाव देकर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके।

सफाई करते पालिका कर्मचारी।

एक नजर

सीएचसी में नहीं मिल रही मरीजों को दवा

हापुड़, अमृत विचार : गढ़ रोड पर सीएचसी में मरीजों को उपचार के लिए कतार में घंटों परेशान होना पड़ रहा है। इसके बावजूद मरीजों को सीएचसी में चिकित्सक द्वारा लिखी गईं दवा नहीं मिलती। इससे मरीज को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और बार-बार सीएचसी आना पड़ रहा है।

कैमरी पुलिस ने 10 हजार का इनामी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : काफी समय से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को केमरी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गंज थाना क्षेत्र के गांव बगी निवासी जुहैब गैंगस्टर है। वह काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। रविवार को केमरी पुलिस ने जुहैब को फैजनगर जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास तमंचा व तीन कारतूस मिले। इस पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

अपराधियों से मिल रहे विपक्ष के नेता : गुलाब देवी

राज्यमंत्री ने सम्मेलन में विपक्षियों पर साधा निशाना

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : राज्यमंत्री गुलाब देवी सैदनगली में आयोजित एनजीओ सम्मेलन में पहुंचीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि इस देश को बिखरने से, लुटने से देश में मोदी और प्रदेश में योगी ने बचाया है। इस दौरान उन्होंने मुख्तार अंसारी के घर पर अखिलेश यादव के जाने को लेकर भी निशाना साधा।

रविवार को सैदनगली नगर पंचायत अध्यक्ष अनुकृति चौधरी व जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के नेतृत्व में कस्बे के रामलीला ग्राउंड में एनजीओ सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में पहुंचीं राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने अखिलेश यादव को मुख्तार अंसारी के घर जाने को लेकर कहा कि अब विपक्ष के नेता अपराधियों से मिलने जा रहे हैं। उन्हें सहानुभूति देने जा रहे हैं। गुलाब देवी ने कहा कि इस देश को बिखरने और लुटने से देश में मोदी और प्रदेश में योगी ने बचाया है। किसी की हिम्मत नहीं है कि कोई नियमों के विपरीत चलने की कोशिश करे। राज्य मंत्री ने सांसद संजय सिंह के बयान भारतीय जनता पार्टी आजादी के बाद की सबसे भ्रष्ट पार्टी है पर कहा कि जिसकी जैसी विचारधारा होती है वो वैसी ही बात करता है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामन्त्री अभिनव कौशिक ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, सैदनगली नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, वर्षा वशिष्ठ, हेमराज सैनी, प्रधानसंघ अध्यक्ष यशपाल खड़गवंशी, अशोक नागर, पिंटू गुर्जर, संगीता सैनी, सभासद भगवत खड़गवंशी, अमित प्रजापति, नीरज कश्यप, निकेश राघव, राशिद, नईम, फरीद कुरैशी आदि रहे।

कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री, जिपं अध्यक्ष, चेयरपर्सन अनुकृति चौधरी व अन्य।

चार आरोपियों को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

काशीपुर, अमृत विचार : द्वितीय एडीजे की अदालत ने लूट की योजना बनाते हुए तमंचों के साथ पकड़े गए चार आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

19 मार्च 2019 को काशीपुर कोतवाली के एसआई नितिन बहुगुणा, विनोद फर्त्याल पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर थे। गुरुद्वारे के पीछे आनंद नर्सरी के पास बैठे चार युवक सुनार की दुकान में लूट की योजना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को घेरकर पकड़ लिया था। तलाशी में नईम अहमद निवासी हमीदपुर बिजनौर, महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कम्भौर बिजनौर, अनवार निवासी मेरठ सिटी के कब्जे से एक-एक तमंचा बरामद हुआ था। चौथे आरोपी पिंटू उर्फ जयचन्द निवासी जिला मेरठ के कब्जे से पेचकस बरामद हुआ था। पूछताछ में उन्होंने सुनारों की दुकान या किसी घर में लूटपाट करने के इरादे से योजना बनाने की बात कही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली व विपिन अग्रवाल ने की। संबंधित पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

हर्षोल्लास से मनी महर्षि कश्यप की जयंती

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : रविवार को नगर में महर्षि कश्यप जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। समाज के लोगों ने नगर के गढ़ी मंदिर में हवन-यज्ञ किया। इसके पश्चात शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने फीता काटकर किया।

शोभायात्रा नगर के गढ़ी मंदिर से शुरू होकर पुराना स्टेट बैंक चौराहा, छोटा फाटक, बड़ा फाटक, कंचन बाजार, गंज बाजार, गांधी इंटर कॉलेज से बाइपास मार्ग होते हुए वापस गढ़ी मंदिर पर आकर समाप्त हुई। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी हुआ। इस दौरान कश्यप समाज के लोगों ने महर्षि कश्यप व कालू बाबा के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज से कुरीतियों को दूर कर बच्चों को शिक्षित करते हुए सामाजिक उत्थान पर बल देने की अपील करते हुए कहा कि महर्षि कश्यप सृष्टि के रचियता हैं। इस मौके पर फुल सिंह, कृष्णा कश्यप, कलुवा सिंह, सूरज कश्यप, सुमित कश्यप, सौरभ कश्यप, रामनिवास, राहुल कश्यप सहित कश्यप समाज के लोगरहे।

शोभायात्रा का आंरभ करते चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

महर्षि कश्यप की शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

बाबा साहब ने महिलाओं के हित में किए काम

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति की बैठक राजपूत कॉलोनी में चंचल सागर के निवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता आंबेडकर विकास समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने की एवं संचालन आंबेडकर जयंती समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने किया।

बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता चंचल सागर ने कहा कि 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती की शोभायात्रा एवं मंच कार्यक्रम में महिलाएं बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें। कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं के हितों में बहुत सारे ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अतः महिला वर्ग को शोभायात्रा एवं मंच कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने शहर की महिलाओं एवं युवतियों को जागरूक करने के लिए बुलावा टोली का गठन भी किया है। डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि हसनपुर में समस्त मोहल्लों में लोगों को घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र सौंपा जा रहा है। गांवों से भी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस बार आंबेडकर जयंती का कार्यक्रम बहुत ही विशाल एवं भव्य तरीके से होगा। बताया कि मंच कार्यक्रम पर रविंद्र खल्लौर भीम मिशनरी गायक के द्वारा बाबा साहब के जीवन परिचय का वृतांत रागनियों के माध्यम से मंच पर प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा यूपीएससी में 39वीं रैंक हासिल करने वाली निधि सागर के माता पिता को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर आंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, संयोजक महीपाल सिंह, नवाब सैफी, उमेश कुमार मुखिया, मदनपाल, हाजी मसरूर, सुशील भगत, पवन राज जाटव, करणवीर सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बोलतीं चंचल सागर। ● अमृत विचार

प्रेमिका से मिलने आए युवक को पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में एक युवक को देर रात प्रेमिका से मिलने जाना भारी पड़ गया। आहट होने पर परिजनों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। ईद के बाद प्रेमी-प्रेमिका का निकाह कर दिया जाएगा।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का गांव के ही युवक से प्रेम चल रहा था। शनिवार की रात युवक मौका पाकर युवती से मिलने उसके घर पहुंच गया। आहट होने पर परिजन बेटी के कमरे में चले गए। उन्होंने युवक को पकड़ लिया और उसे कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद परिजनों ने फोन करके प्रेमी के परिजनों को भी बुला लिया। देर रात ग्राम प्रधान की मौजूदगी में पंचायत हुई। पंचायत में तय हुआ कि ईद बाद प्रेमी युगल का निकाह कर दिया जाएगा।

भूसे के साथ चारा न मिलने पर जिलाधिकारी नाराज

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गंगेश्वरी ब्लॉक में स्थित वृहद नंदी विहार गोशाला गुरेठा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गोशाला में पानी की व्यवस्था, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण कर खली-चोकर, भूसा की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

भूसे के साथ हरा चारा और खली-चोकर न मिलने पर गोशाला की देखरेख करने वाले सचिव का स्पष्टीकरण लेने के लिए जिलाधिकारी ने निदेश दिए। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण लेने के लिए एसडीएम हसनपुर को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भूसे के साथ हरा चारा और खली चोकर अवश्य मिलाकर दिया जाना चाहिए। कोई भी पशु बीमार होता है तो समय से उसका इलाज हो। गोशाला की देखरेख करने वाले सचिव पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर कहा कि सही से काम करें अन्यथा आपको अलग रास्ता दिखाया जाएगा। कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर फटकार लगाई और कहा कि गर्मी का समय है। पशुओं के लिए समय-समय पर पानी की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए।

▸▸ पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुपस्थित मिलने पर मांगा स्पष्टीकरण

पशुओं को निकाल कर छाया में बांधा जाए। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व गोशाला के संरक्षक मौजूद रहे।

गोशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अन्य।

मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हसनपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी ने नगर स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिले में 26 अप्रैल को दूसरे चरण के तहत होने वाले मतदान को देखते हुए जिलाधिकारी लगातार संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। रविवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने अधीनस्थों के साथ नगर में स्थित सुखदेवी इंटर कॉलेज एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज आदि में बनने वाले मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

बदायूं, अमृत विचार : भतीजे के साथ अपने भाई के घर जा रही महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई। किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। महिला की मौके पर मौत हो गई जबकि भतीजा घायल हो गया।

थाना उसावां क्षेत्र के गांव रिठिया निवासी मुन्ने के बेटे नेमचंद्र के यहां बच्चे का जन्म हुआ था। जिसका नामकरण संस्कार होना था। जिसके चलते नेमचंद्र अपने बुआ थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव किसनी मेहरा निवासी मुन्नी देवी पत्नी त्रिवेदी को लेने गए थे। वह शनिवार शाम वह बुआ को लेकर बाइक से वापस अपने गांव जा रहे थे। हरौड़ा पुलिस चौकी के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मुन्नी देवी की मौके पर मौत हो गई जबकि नेमचंद्र घायल हो गए। पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने मुन्नी देवी को मृत घोषित कर दिया। उपचार के बाद नेमचंद्र चले गए।

पांच दिनी हेल्थ अवेयरनेस वीक सम्पन्न

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वेंक्टेश्वरा समूह के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय हेल्थ अवेयरनेस वीक का रविवार को समापन हो गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के हेल्थ अवेयरनैस वीक के समापन समारोह का आरंभ चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इस हेल्थ अवेयरनेस वीक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शनी, गुप्त एवं चर्मरोग की सटीक जांच एवं प्रभावी उपचार, नशा मुक्त भारत एवं भ्रूण हत्या निषेध विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को वेंकटेश्वरा के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर स्मृति चिह्न एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में अब सभी तक स्वास्थ्य सेवाओ की पहुंच है। कहा कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में अपना प्रभावी योगदान दें। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत जैसी शानदार स्वास्थ्य योजनाओं से अब गरीब आदमी भी लाखों रुपये का महंगा इलाज और ऑपरेशन मुफ्त करा सकते हैं। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, हॉस्पीटल सीईओ एचपी सिंह, एमए चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आईबी राजू, डॉ. रोहन त्यागी, डॉ. अर्जुन पोसवाल, डॉ. दिक्षा अग्रवाल, डॉ. जूही कैथवास, डॉ. अनूप तिवारी, डॉ. सोहेल अहमद, डॉ. मनिक त्यागी आदि रहे।

स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

जेब में रखा मोबाइल फटने से युवक का पैर झुलसा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सिडकुल चौकी इलाके में ड्यूटी जाते वक्त एक श्रमिक की जेब में रखा मोबाइल फट गया। इससे कंपनी में अफरातफरी मच गई। मोबाइल फटने से युवक का पैर झुलस गया और घायल ने जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। पीड़ित ने सिडकुल पुलिस को तहरीर देकर उपभोक्ता फोरम जाने की तैयारी शुरू कर दी है।

वार्ड-25 सनसिटी कॉलोनी निवासी महेश पाल सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत हैं। रोजमर्रा की भांति शनिवार को कर्मी कंपनी की बस में बैठकर कंपनी गेट पहुंचा ही था कि अचानक जेब से धुआं निकलने लगा। जब तक कर्मी कुछ समझ पाता तब तक जेब में रखा मोबाइल धमाके के साथ फट गया। मोबाइल फटने से कर्मी का पैर झुलस गया।

▸▸ घायल ने मोबाइल कंपनी के खिलाफ कोर्ट जाने की बात कही

आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। बताया जा रहा है कि पीड़ित ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देने के बाद उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घायल कर्मचारी ने ढाई साल पहले मोबाइल लिया था और मामला पुलिस स्तर का नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता फोरम में याचिका दायर करने के बाद पुलिस हरसंभव मदद करेगी।

सार-संक्षेप

खनन के दौरान मौके पर ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

मिट्टी खनन के अवैध कारोबार पर नहीं लग रही रोक

आदमपुर, अमृत विचार : आदमपुर कस्बे तथा ढबारसी चौकी क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा फल-फूल रहा है। गांव गारवपुर में ट्रैक्टर और लोडर सहित करीब छह डंपर से खनन किया जा रहा है। अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर क्षेत्र में कहीं भी किसान अपने घर के लिए एक या एक से अधिक ट्रॉली या डंपर मिट्टी अपने खेत से भरकर लाता है तो पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लेती है। लेकिन दिनदहाड़े मिट्टी के खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्रालियां सड़कों पर फर्राटा भर रही हैं। जिन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि लगातार अवैध खनन पर कार्रवाई की जा रही है। वीडियो के आधार पर अवैध खनन में शामिल ट्रैक्टर डंपर पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

बाबा हरदेव सिंह विचार मंच की बैठक

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बाबा हरदेव सिंह विचार मंच की मासिक बैठक का आयोजन बाबा हरदेव सिंह डिग्री कॉलेज में हुआ। मुख्य अतिथि ठाकुर ओमवीर सिंह ने बाबा हरदेव सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी ईमानदारी की मिसाल दी। इस दौरान पूर्व कमिश्नर बाबा हरदेव सिंह विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा पहले लड़े थे गौरों से, अब लड़ेंगे चोरों से। उन्होंने कहा कि यह मंच भ्रष्टाचार के खिलाफ, पर्यावरण व शिक्षा को समर्पित हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नसीबुल हसन, युवा जिला अध्यक्ष रोहित कुमार, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्षा मुकेश कुमारी, सोनिया चौहान, केशव कुमार निमोनिया सहित सभी ब्लॉक के अध्यक्ष मौजूद रहे।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 35 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा रविवार को सात केंद्रों पर हुई। परीक्षा में 65 प्रतिशत छात्र उपस्थित और 35 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिसर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में बने केंद्र में एक छात्र नेता ने बोलचाल और ताकाझांकी की तो चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह, सुरक्षा प्रभारी सुधांशु आदि ने सख्ती की और न मानने पर पुलिस बुलाने की चेतावनी दी। परीक्षा के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र आसान तो कुछ ने कठिन बताया।

सर्राफा व्यापारियों ने ली मतदान की शपथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सर्राफा एसोसिएशन की सभा में व्यापारियों ने मतदाता जागरुकता को लेकर शपथ ली। सर्राफ सतीश चंद सर्राफ के निवास स्थान पर आयोजित सभा में सभी सर्राफा व्यापारियों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित व्यापारियों ने राष्ट्रहित में मतदान करने का संकल्प लेते हुए शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

संगठन के अध्यक्ष सतीश चंद सर्राफ ने कहा की प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करे। देश की प्रगति में योगदान दें। सचिव मनोज वर्मा ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है, जिसके द्वारा हम अपनी पसंद की सरकार और जनप्रतिनिधि चुनते हैं। हर कीमत पर हमें मतदान कर देश को आगे बढ़ाने का काम करना है। कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में सब कार्य छोड़कर सबसे पहले अपना वोट डालना है। हमारे एक-एक वोट की कीमत है यह लोकतंत्र का महापर्व है। इसमें हमें खुद तो मतदान करना ही है, साथ ही अपने पड़ोस वालों को भी इसके लिए प्रेरित करना है। बुजुर्ग और बीमार लोगों को पोलिंग बूथ तक ले जाने की व्यवस्था करनी होगी। संरक्षक विजय शंकर सर्राफ और कमलेश चंद सर्राफ ने कहा कि पहले मतदान फिर कोई काम। बहुत से लोग मतदान वाले दिन बाहर चले जाते हैं, हम उन सभी से अपील करते हैं कि देश हित में मतदान बहुत ही जरूरी है। सभा में शपथ लेने वालों में सतीश चंद अग्रवाल, विजय शंकर अग्रवाल, कमलेश चंद अग्रवाल, मनोज वर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, गुरुचरण सिंह, राजीव लोचन रस्तोगी, शंकर प्रकाश अग्रवाल, सुमित सरन, प्रवीण अग्रवाल, अनुज गोयल, मुदित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अमरप्रीत सिंह, रचित गोयल, नवीन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, महेश रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी आदि रहे।

मतदान की शपथ लेते सर्राफा व्यापारी। ● अमृत विचार

रायशुमारी लोगों ने बताया कि सांसद में होनी चाहिए जनहित की सोच

भविष्य की सोच रखने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का मानना है कि हमारा सांसद शिक्षित और युवाओं के भविष्य के बारे में सोच रखने वाला होना चाहिए। व्यापारी वर्ग के लोगों का कहना है कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो कि चुनाव जीतने के बाद जनता के बीच बार-बार आता रहे और व्यापारियों की समस्याओं को संसद में उठाने वाला हो। ऐसा नहीं की चुनाव जीतने के बाद दोबारा क्षेत्र में आए ही नहीं। ऐसा सांसद नहीं होना चाहिए। सांसद बनने पर क्षेत्र का विकास करने वाला, रोजगार के लिए क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना करने वाला सांसद होना चाहिए। जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके।

संसद में व्यापारियों की आवाज को उठाने वाला और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने वाला क्षेत्र का सांसद होना चाहिए। जो समय-समय पर व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करा सके।
– कुंवर विनीत अग्रवाल, व्यापारी

क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए जो जनता की आवाज को संसद में उठा सके और उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ जनता के बीच बार-बार आना चाहिए। युवाओं को आगे बढ़ाने वाला सांसद हो। ऐसा सांसद चाहिए जो युवाओं की प्रतिभा को समझकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम कर सके। – पंडित राज शर्मा

क्षेत्र का सांसद शिक्षित होने के साथ-साथ युवाओं के भविष्य को देखते हुए क्षेत्र का विकास करा सके। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के लिए नए अवसर प्रदान करा सके।
– शाहरुख खान

हमारा सांसद जनता के बीच आने वाला हो। क्षेत्र का विकास के साथ युवाओं को रोजगार दिलाने वाला होना चाहिए। जो गरीबों की समस्याओं का निस्तारण कर सके। उनके काम आ सके। – रोहित जैन

एक नजर

महिला व ससुर को किया मारपीट कर घायल

संभल, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में खेत से घर आ रही महिला व उसके ससुर के साथ मारपीट कर कुछ लोगों ने घायल कर दिया। महिला ने छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि वह खेत से गेहूं की बोरी लेकर आ रही थी। गांव के ही युवक ने उसके आगे आठ वर्षीय वर्षीय बालक को गिरा दिया। जिससे महिला के सिर पर रखी गेहूं की बोरी जमीन पर गिर गई। इस बात का विरोध किया तो गाली गलौज व छेड़छाड़ करते हुए युवक महिला के साथ मारपीट करने लगा। पुत्रवधू को बचाने ससुर के साथ भी युवक ने अपने भाइयों के साथ मिलकर मारपीट की।

ई पॉश मशीन से बंटेगा राशन, नहीं होगी घटतौली

दातागंज,(बदायूं) अमृत विचार : अप्रैल माह में राशन का वितरण इलेक्ट्रॉनिक कांटा एवं ई पास मशीन किया जाएगा जिससे घटतौली की समस्या खत्म हो जाएगी।ब्लाक दातागंज के समरेर, म्याऊं, उसावां में 326 राशन विक्रेता हैं। शासन की ओर से 326 इलेक्ट्रिक कांटे शनिवार को बांटे गए।

दो महिलाओं के कुंडल खींचे, एक के पति को ईंट मारकर किया घायल

असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में बदमाशों ने तीन वारदातों को दिया अंजाम

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दो महिलाओं के कानों से कुंडल खींच लिया। एक महिला के चीखने पर पति जागा तो सिर में ईंट मारकर घायल कर दिया। तीसरी घटना में बदमाश संदूक से सोने-चांदी के जेवर और नकदी लेकर भाग गए। जबकि संदूक को गेहूं के खेत में फेंक दिया।

कान दिखाती रेशमा।

थाना क्षेत्र में मनोटा-रतनपुर कला मार्ग पर स्थित गांव ओबरी में बाहरी छोर पर हाजी नबी हसन का मकान है। वह लोहे का कबाड़ा खरीदने का काम करता है। शनिवार देर रात बदमाश दीवार फांदकर घर में घुसे। बदमाशों ने बरामदे में सो रही हाजी नबी हसन की पत्नी रेशमा के कानों के ऊपर से कुछ बाल काटे। फिर कान से कुंडल खींच लिया। रेशमा चीखी तो जागे हाजी नबी हसन के सिर में बदमाश ने ईंट मारकर घायल कर दिया। घायल हाजी नबी हसन का डॉक्टर से उपचार कराया। उस की हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने कांबिंग की। दूसरी घटना में गांव ओबरी निवासी माशूक अली के घर में बदमाश दीवार फांदकर दाखिल हुए। बदमाशों ने बरामदे में सो रही माशूक अली की पत्नी मुजरेमीन के दोनों कानों से कुंडल खींचे और भाग गए।

बदमाशों के ईंट मारने से घायल ग्रामीण व एकत्र परिजन।

चोरी के बाद खुला संदूक दिखाते वृद्ध दंपती। ● अमृत विचार

जेवर, नकदी ले उड़े बदमाश, खेत में फेंक गए संदूक

संभल,अमृत विचार : गांव ओबरी में ही चोरों ने अली मुर्तजा के घर को निशाना बनाया। चोर कमरे में रखे अली मुर्तजा के ससुर हाजी हसनैन और सास हज्जन मुस्तरी का संदूक लेकर निकल गए। सहरी के वक्त परिजनों ने कमरे का दरवाजा खुला देखा तो संदूक न मिलने पर होश उड़ गए। तलाश करने पर खाली संदूक और कपड़े शराफत अली के गेहूं के खेत में मिले। चोरों ने संदूक से चांदी की एक जोड़ी पायल, छल्ले, सोने का पैंडिल, दो हजार रुपये निकाल लिए।

ट्रक के परिचालक की हार्ट अटैक से मौत

संभल, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक के केबिन में सोये परिचालक की रात को किसी समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। सुबह ट्रक मालिक ने देखा तो परिचालक मृत पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव देहपा निवासी ट्रक परिचालक सुखीराम 65 वर्ष के सीने में दर्द हुआ तो वह शनिवार की शाम गांव के ही निजी डॉक्टर से लेकर संभल आ गया था। रात को सुखीराम सदर कोतवाली क्षेत्र में मनोकामना मंदिर के पास खड़े ट्रक के केबिन में सो गया। रविवार की सुबह ट्रक स्वामी माहिर ने खिड़की खटखटाकर सुखीराम को जगाने का प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। माहिर ने खिड़की के शीशे से झांककर देखा तो सुखीराम मृत अवस्था में सीट पर पड़ा हुआ था। सुखीराम के बेटे सतीश ने बताया कि हार्ट अटैक से पिता की मौत हुई है। पिछले कई दिनों से उनके सीने में दर्द था।

गर्भवती की संदिग्ध मौत, डाक्टर और ससुराल वालों पर आरोप

संवाददाता, बबराला

- क्लीनिक में ताला लगाकर संचालक हुआ फरार
- पति ने डॉक्टर के गलत इलाज से पत्नी की मौत का आरोप लगाया

अमृत विचार : नगर के एक निजी क्लीनिक में गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पति ने डॉक्टर के गलत इलाज से पत्नी की मौत का आरोप लगाया है जबकि पिता ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। क्लीनिक में ताला लगा संचालक फरार हो गया है।

गांव झुकैरा निवासी पवन अपनी गर्भवती पत्नी निकिता (23) की तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए नगर में डाकघर के पास गली स्थित एक क्लीनिक में लाया था। शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे गर्भवती की हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया।

पवन का आरोप है कि डॉक्टर की दवा खाने के बाद निकिता की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। गर्भवती की मौत के बाद क्लीनिक संचालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही बहजोई थाना क्षेत्र के गांव नाधौस से मृतका के मायके वाले पहुंच गए और बेटी के ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए हंगामा करने लगे।

पिता बनवारी ने इसे हत्या का मामला करार देते हुए आरोप लगाया कि दहेज की मांग नहीं पूरी करने पर ससुराल वालों ने बेटी की जान ली है।

बनवारी ने बेटी निकिता का विवाह दस माह पहले पवन से किया था। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

आर्म्ड केबल रोकेगा बिजली चोरी, जल्द शुरू होगा काम

कार्यालय संवाददाता, संभल

- शहर में हाई लाइन लॉस फीडरों में डाला जाएगा 90 किलोमीटर आर्मर्ड केबल
- आर्म्ड केबल को काटकर बिजली चोरी नहीं कर सकेंगे लोग

अमृत विचार : बिजली चोरी रोकने के लिए संभल शहर में आर्म्ड केबल डाले जाने की तैयारी की गई है। बिजली चोरी करने के लिए आर्म्ड केबल को नहीं काटा जा सकेगा। बिजली चोरी रुकेगी तो विभाग को भी राहत मिलेगी। जल्द ही केंद्र सरकार की आरडीएएस योजना के तहत हाई लाइन लॉस फीडर क्षेत्रों में 90 किलोमीटर आर्म्ड केबल डालने का काम शुरू होगा।

संभल शहर में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी हो रही है। पूर्व में पीएसी बल के साथ विभागीय अधिकारियों ने चेकिंग अभियान चलाया तो बिजली चोरी पर भी थोड़ा अंकुश लगा लेकिन पूरी तरह से बिजली चोरी नहीं रुक सकी है। चूंकि लोग केबल में कट लगाकर या फिर डायरेक्ट केबल में तार लगाकर बिजली चोरी कर रहे हैं, इसलिए बिजली विभाग ने अब बिजली चोरी रोकने के लिए आर्म्ड केबल डालने की योजना बनाई है। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग से 90 किलोमीटर आर्म्ड केबल प्राप्त हुआ है। यह केबल उन क्षेत्रों में डाला जाएगा जहां के फीडर हाई लाइन लॉस आ रहे हैं। इनमें दीपा सराय के अलीशा फीडर, हयातनगर में रामा टाकीज फीडर, भूडा फीडर, सरायतरीन के फीडरों का चयन किया गया है। एसडीओ तृतीय ने बताया कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत कर्मचारी जल्द ही हाई लाइन लॉस फीडर के क्षेत्रों में आर्म्ड केबल डालने का काम शुरू कर देंगे।

पति से अनबन होने पर पत्नी ने फंदे पर झूलकर दे दी जान

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 42 वर्षीय महिला का किसी बात को लेकर अपने पति से विवाद चल रहा था। दंपती पर एक बेटा है। रविवार को विवाद इतना बढ़ गया कि पति के घर से बाहर जाने के बाद महिला कमरे में पहुंचकर फंदे पर लटक गई। ग्रामीण ने घर पहुंचकर महिला को फंदे पर लटका देखा तो चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और फंदा खोलकर महिला को नीचे उतारा, लेकिन तब तक महिला की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर रोते बिलखते मृतक महिला के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए और कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया।

शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार ,कायम रहे सद्भाव

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : चैत्र नवरात्रि और ईद उल फितर के मद्देनजर कोतवाली में शांति समिति की बैठक हुई। कोतवाल संजीव बालियान ने सभी से त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाल ने कहा कि ईद का पर्व सौहार्दपूर्वक मनाएं। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर बजने वालों लाउडस्पीकर की आवाज को सीमित रखने और सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ईदगाह में जगह न होने पर मस्जिदों में नमाज अदा करें।

इस दौरान लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। साथ ही त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए सुझाव भी मांगे। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन का पूरा सहयोग करने तथा त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने का आश्वासन दिया।

गुन्नौर कोतवाली में शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन
- लाउडस्पीकर की आवाज को सीमित रखने और सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने की हिदायत दी

बैठक में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुन्फिद कादरी, खजूर वाली मस्जिद के इमाम हाफिज बिलाल, काजी हम्माद मुबीन, सामाजिक कार्यकर्ता केवी आर्य, व्यापार मंडल के अब्दुल मतीन, सुभाष वार्ष्णेय, अख़्तर अली कुरैशी, कुमोद वार्ष्णेय, मुगीश मलिक आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

प्रसव के दौरान महिला की मौत, अस्पताल सील

चन्दौसी, अमृत विचार : अपंजीकृत अस्पताल में शनिवार की रात प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंचे नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया। थाना बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली में किसान सेवा सहकारी समिति के निकट एक अपंजीकृत अस्पताल संचालित था। शनिवार की रात अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई। जिसकी सूचना किसी के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी गई। इस पर नोडल अधिकारी विश्वास अग्रवाल रात लगभग साढ़े दस अस्पताल पहुंचे और जांच की। अस्पताल पंजीकृत नहीं था। उन्होंने अस्पताल को बंद कर सील लगा दी।

किसानों को योजना की जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

सोलर सिस्टम से बचेगा बिजली का खर्च, होगी आमदनी

असमोली, अमृत विचार : कस्बा असमोली में आयोजित गोष्ठी के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर योजना की जानकारी दी गई। कहा गया कि सरकार की सब्सिडी से सोलर सिस्टम लगवाकर किसान मुफ्त बिजली उपभोग के साथ ही बची बिजली बेचकर पैसा भी कमा सकते हैं। सोलर कंपनी माईसन सोलर की और से आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि एक किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 30 हज़ार जबकि प्रदेश सरकार द्वारा 15 हज़ार रुपये प्रति किलोवाट की सब्सिडी दी जा रही है। तीन किलोवाट सिस्टम लगाने पर एक लाख 8 हज़ार की सब्सिडी मिलेगी। बताया गया कि योजना के अंतर्गत लगने वाले सभी सोलर सिस्टम स्थानीय बिजली विभाग की निगरानी और देखरेख में लगेंगे। घर में प्रयोग होने के बाद बची हुई अतिरिक्त बिजली, बिजली विभाग को बेची जा सकेगी। अभय यादव ने बताया कि लोग सोलर ऊर्जा की उपयोगिता समझ कर अपने घर को मिनी बिजलीघर के रूप में इस्तेमाल कर सकेंगे।

3251 मरीजों को मिला मुफ्त इलाज

संभल, अमृत विचार : जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3251 मरीजों का नि :शुल्क उपचार हुआ। 180 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए।स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 43 डॉक्टरों और 116 पैरामेडिकल स्टाफ ने 1327 पुरुषों, 1279 महिलाओं और 884 बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया। 117 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की। जिसमें सभी नेगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 180 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और परिवार नियोजन संबंधी सामग्री के लिए काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ .तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ .पंकज कुमार विश्नोई, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा आदि ने निरीक्षण किया।

नौ देवी के स्वरूप में महिषासुर वध का मंचन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

नौ देवी स्वरूप में महिषासुर वध का किया मंचन

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: भारतीय महिला समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में नवरात्र उत्सव में महिलाओं ने नौ देवी के स्वरूप में महिषासुर वध का मंचन किया तो सभी तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। वहीं डांडिया नृत्य से महिलाओं ने धमाल मचाया।

बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष ममता वार्ष्णेय, सचिव अंशु प्रिया व कोषाध्यक्ष मोनिका वाष्णेय ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद महिलाओं ने मां के भक्ति भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। महिलाओं ने नौ देवी के स्वरूप में महिषासुर वध का मंचन किया तो सभी तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ममता वार्ष्णेय ने कहा कि 9 अप्रैल से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। इसके उपलक्ष्य में ही मां की महिमा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मीरा वार्ष्णेय, नूतन वार्ष्णेय, प्रीति आर्य, ज्योति वार्ष्णेय, सुधा वार्ष्णेय, डॉ दीपशिखा, पूनम रोरा, आशा वार्ष्णेय, मनीष बजाज, गुंजन, कनिष्क आदि मौजूद रहीं।

इंश्योरेंस कंपनी को बीमा धनराशि देने का आदेश

बहजोई, अमृत विचार: इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बहाना बनाकर दुर्घटना बीमा धनराशि का भुगतान न करने पर उपभोक्ता आयोग ने धनराशि व मानसिक कष्ट के लिए भी 25 हजार की धनराशि देने के आदेश दिए हैं।

मिर्जापुर निवासी नईम की बीमित कार 3 मार्च 2022 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। नुकसान की भरपाई के लिए बीमा कंपनी से क्लेम किया गया तो बीमा कंपनी ने यह कह कर क्लेम देने से इनकार कर दिया कि गाड़ी दुर्घटना 3 मार्च 22 को नहीं बल्कि 4 फरवरी 2022 हुई थी। नईम की ओर से उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग एक वाद आयोजित किया गया। आयोग ने धनराशि 66401 पर परिवाद की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह में अदा करने के साथ ही 25 हजार रुपए मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि के मद में तथा 5 हजार बाद व्यय की मद में अदा करने का आदेश दिया।

बस संचालकों ने हादसे के बाद पुलिस से की अभद्रता

संवाददाता, संभल

- पुलिस ने पहले दिखाये तेवर फिर कर दिया मामला रफा-दफा
- डग्गामार बस ने ई रिक्शा में टक्कर मारी , हादसे में महिला सहित दो लोग हो गए घायल

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में बदायूं से दिल्ली जा रही डग्गामार बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस कर्मियों ने बस कब्जे में लिया तो बस मालिक पिता पुत्र व स्टाफ पुलिस के साथ अभद्रता पर उतर आया। पुलिस ने इस मामले को रफा दफा कर दिया।

अमरोहा जिले में सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव गलसुआ निवासी चालक अबरार रविवार की सुबह पत्नी अशरफी व गांव ढक्का मोड़ निवासी मोहम्मद अशरफ को ई रिक्शा में बैठाकर ला रहा था तभी संभल हसनपुर मार्ग पर गांव कुरकावली के पास सामने से आ रही दिल्ली जाने वाली डग्गामार बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में अशरफी व मोहम्मद अशरफ गंभीर रुप से घायल हो गए। थाना पुलिस ने बस कब्जे में लेकर बस चालक व परिचालक को हिरासत में ले लिया।

इस बात को लेकर बस स्वामी पिता पुत्र अपने साथियों के साथ सिपाही से अभद्रता करने लगे। पुलिस किसी तरह चालक, परिचालक को हिरासत में लेकर बस लेकर थाने आ गई। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि बस स्वामी ने घायलों का इलाज कराने की बात कही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

तीर्थ परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

तीर्थ परिक्रमा में उमड़े श्रद्धालु गूंजे श्री कल्कि के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल

- विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

अमृत विचार : 68 तीर्थ और 19 कूपों की नगरी संभल में रविवार को चौथी मासिक परिक्रमा का आयोजन हुआ। श्रद्धालु परिक्रमा करते हुए श्री कल्कि के जयकारे लगाकर चले तो विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

संभल में आदमपुर मार्ग पर गांव बेनीपुर चक में स्थित प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ से रविवार को सुबह आठ बजे तीर्थ परिक्रमा शुरू हुई। जिसमें श्रद्धालु श्री कल्कि के जयकारे लगाकर चले। श्रद्धालु जोया मार्ग पर खानपुर खुम्मार, फिरोजपुर, भवानीपुर होते हुए चंदायन मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक परिक्रमा का समापन किया। इस बीच गांव खानपुर खुम्मार, भवानीपुर और चंदायन में ग्रामीणों ने श्रद्धालु का स्वागत किया। ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करते हुए सूक्ष्म जलपान कराया। परिक्रमा के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। परिक्रमा में राजकुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, नितिन गुप्ता, डिंपल सिंह, विनीत सिंह, राकेश योगी महाराज, ओंकार शरण, जयपाल सिंह, अरविंद प्रजापति, प्रदीप शर्मा, राम अवतार, आदेश कुमार, अरविंद कुमार, जय सिंह, संगीता, सीमा आर्य आदि रहे।

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

महाकाल की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकली कलश यात्रा

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : गायत्री शक्ति पीठ में महाकाल प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को महिलाओं ने भव्य कलशयात्रा निकाली। जिसमें हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।पीले वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश लेकर कर मंगल गीत गाते व हर-हर महादेव के जयकारे लगाती चल रही थीं।

कलश यात्रा बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज से शुरू हुई। यात्रा इंदिरा चौक, लेखपाल कॉलोनी, अनूपशहर रोड, रामलीला मैदान और सर्राफा बाजार होते हुए राजघाट रोड पर गायत्री शक्तिपीठ पर पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों कन्याओं एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। महाकाल की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को होगी। इस दौरान डा. सुधींद्र, नरेंद्र वार्ष्णेय, नरेंद्र राघव, यशपाल वार्ष्णेय, संजय बंसल, अतुल, राकेश गुप्ता, रवेंद्र पाल सिंह आदि रहे।

अब नहीं होगा नेजा मेला का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : परम्परा के अनुसार नेजा मेला आयोजन के लिए निर्धारित समय बीत जाने के बाद प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब मेले का आयोजन नहीं किया जा सकता। ऐसा करने का प्रयास किया गया तो इसे नई परम्परा मानकर कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन ने मेला कमेटी को नोटिस भी थमा दिये हैं।

बीते सालों में होली के बाद दूसरे मंगलवार को नेजा मेला आयोजन की परम्परा रही है।

इस बार मेला कमेटी ने रमजान के चलते ईद के बाद का समय तय कर लिया। इस पर रामलीला कमेटी ने आपत्ति दर्ज कराई तो प्रशासन सक्रिय हुआ। नेजा मेला आयोजन के लिए तय समय बीत गया तो अब प्रशासन ने साफ कर दिया कि अब मेला आयोजन नहीं होगा।

प्रशासन ने नेजा मेला आयोजन में नई परंपरा को रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के निर्देश पर पुलिस ने मेला आयोजकों को नोटिस थमाए हैं। कहा है कि तय समय पर मेले का आयोजन नहीं किया गया।

अब मेले को लेकर नई परंपरा कायम नहीं होने दी जाएगी। अगर किसी ने नई परंपरा डालने का प्रयास किया तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

संभल में नेजा मेला कमेटी की बैठक में बोलते चौधरी शरफ अली। ● अमृत विचार

- निर्धारित समय बीत जाने के बाद प्रशासन ने आयोजकों को दिये नोटिस

प्रशासन के फैसले से मेला कमेटी खफा ,कहा घरों पर करें दुआ

संभल,अमृत विचार : धार्मिक नगर नेजा कमेटी के अध्यक्ष शाहिद हुसैन मसूदी ने नेजा मेला को लेकर प्रेसवार्ता में कहा कि प्रशासन द्वारा यह दबाव बनाया गया कि नेजा मेला की ढाल आदि नहीं होने दिया जाएगा। लोग सब्र करें और अपने घरों पर ही फातिहा दुरूद करें। चौधरी शरफ अली ने कहा कि नेजा मेला आयोजन को लेकर कमेटी ने समय से पूर्व ही प्रशासन को संवैधानिक तरीके से अवगत करा दिया था मगर एक विशेष वर्ग द्वारा ज्ञापन देने पर परंपरागत नेजा मेले को नहीं मनाने दिया जा रहा। प्रशासन द्वारा नोटिस देकर पाबंद किया जा रहा है। कहा गया कि लोग अमन शांति से रहें और अपने घरों पर नजरों नियाज करते हुए सय्यद सालार मसूद गाजी बाले पीर को याद किया जाए। इस दौरान कारी कमाल, मोहम्मद उमर, सैयद तालिब मियां, सय्यद रागिब हुसैन, मोहम्मद अहमद आदि रहे।

एक नजर

परिजनों ने की किशोरी को बरामद करने की मांग

चन्दौसी, अमृत विचार : पांच दिन पूर्व दूसरे समुदाय के युवक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गये थे। जिसके बाद परिजनों ने युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को गुस्साए परिजन कोतवाली पहुंचे। उन्होंने नाराजगी जताते हुए किशोरी को बरामद कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उनका कहना है किशोरी जल्द बरामद न हुई तो प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने जल्द ही किशोरी को बरामद करने का आश्वासन दिया है।

वारंटी सहित तीन लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने मुरादाबाद जिले के गांव भीकनपुर निवासी फरियाद को भूरे खां की जियारत के पास से तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया। हजरत नगर गढ़ी थाना पुलिस ने सिरसी के मुहल्ला गिन्नौरी निवासी वारंटी 0निवासी राजन को पुलिस ने गांव मुडैना जाने वाले कच्चे रास्ते से तमंचा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।

बेटी पर बुरी नजर थी इसलिए मार कर जला दिया

पिता-पुत्र गिरफ्तार, परेशान होकर बेटी को बचाने के लिए छोड़ दिया गांव, फिर भी नहीं छोड़ा पीछा

कार्यालय संवाददाता,संभल/असमोली

- मुरादाबाद के गांव में हत्या कर शव बाइक पर लादकर लाये और जलाकर चले गये
- मल्लपुरा में ग्रामीण की हत्या कर शव जलाने के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में ग्रामीण की हत्या कर शव जलाने के मामले का राज खोलते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पिता ने पुलिस के सामने कहा-साहब बेटी के पीछे पड़ा था। परेशान होकर गांव छोड़ दिया और मुरादाबाद के गांव में किराये का मकान लेकर रहने लगे। उसने वहां भी पीछा नहीं छोड़ा तो मजबूर होकर उसकी जान लेनी पड़ी।

पांच दिन पहले हुए हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 2 अप्रैल की रात कय्यूम निवासी मालपुर उर्फ मल्लपुरा की लाश गांव के बाहर मिली थी। उसके शव को जलाने के साथ ही बाइक को भी जला दिया गया था। पुलिस ने गहन पड़ताल के बाद कय्यूम की हत्या में शामिल मालपुर गांव के ही इरफान व उसके बेटे हाशिम को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल रस्सी,पेट्रोल लाने में इस्तेमाल की गई बोतल व माचिस बरामद की है। इरफान व उसके बेटे हाशिम ने बताया कि कय्यूम 1 अप्रैल को मुरादाबाद के नियामतपुर इकरोटिया में उनके कमरे पर आया तो रस्सी से गला दबाकर कय्यूम को मारने के बाद उसी की बाइक पर शव रखकर मालपुर के जंगल में लाए और वहां पैट्रोल डालकर कय्यूम के शव व उसकी बाइक में आग लगा दी।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत(दाएं)।

बाइक पर रखकर तीस किलोमीटर ढोई लाश

संभल, अमृत विचार : कय्यूम की हत्या करने के बाद इरफान व उसके बेटे हाशिम ने कय्यूम की लाश उसकी ही बाइक पर लादी और फिर बाइक लेकर मुरादाबाद के नियामतपुर इकरोटिया से असमोली के मालपुर गांव तक आ गये। पिता पुत्र को इस बात का भी डर नहीं था कि रास्ते में पुलिस उन्हें रोककर चेक कर सकती है। कय्यूम की लाश को बाइक पर बीच में इस तरह रखा था जैसे कोई सवारी बैठी हो। बेटा हाशिम बाइक चला रहा था जबकि पिता इरफान कय्यूम की लाश को पकड़कर पीछे बैठा था।

बेटी से मिलने को मना किया लेकिन वह नहीं माना

संभल, अमृत विचार : एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में इरफान ने बताया कि जब वह मालपुर में रह रहे थे तो कय्यूम उनके घर पर आता जाता था। वह उसकी बेटी से बात करता था तो परिवार के लोगों को बात नागवार लगती थी। कय्यूम से कई बार मना कर उसे समझाने का प्रयास किया मगर वह नहीं माना। इसी से परेशान होकर गांव छोड़ दिया और पूरा परिवार मुरादाबाद के नियामतपुर इकरोटिया में किराये का मकान लेकर रहने लगा। किसी को नहीं बताया था कि वह कहां रह रहे हैं लेकिन किसी तरह पता लगाकर कय्यूम नियामतपुर इकरोटिया के मकान पर भी आने लगा। 1 अप्रैल को जब वह आया तो वापस जाने के लिए कहा लेकिन कय्यूम नहीं माना। इसके बाद ही उसे गला दबाकर मार डाला।

सीसीटीवी से खुला राज

संभल, अमृत विचार : कय्यूम की हत्या का राज खोलने में सीसीटीवी फुटेज बड़ा मददगार बना। पुलिस ने रास्ते के सीसीटीवी कैमरों का फुटेज चेक किया तो बाइक पर इरफान व उसका बेटा हाशिम बीच में एक शख्स को बैठाकर ले जाते दिखे। वहीं पेट्रोल पंप की फुटेज में दिखा कि इरफान बोतल में पेट्रोल भरवाकर लेकर जा रहा है। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को दस हजार इनाम की घोषणा की है। टीम में इंस्पेक्टर असमोली हरीश कुमार के अलावा,दरोगा उपेंद्र मलिक,सर्विलांस प्रभारी रामवीर सिंह,मुख्य आरक्षी योगेश तोमर,मूला सिंह,आरक्षी विकेश कुमार,रोबिन राठी व मोहित गौतम आदि शामिल थे।

किसान संघर्ष समिति की पंचायत में मौजूद पदाधिकारी व किसान। ● अमृत विचार

पंचायत में किसानों ने रखी विभिन्न समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति की मासिक पंचायत का आयोजन राष्ट्रीय कार्यालय असालपुर जारई में किया गया। जिसमें मौजूद किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं।

पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि सरकार इस समय चुनाव प्रचार पर जोर दे रही है। उसे किसानों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य स्वामी नाथन आयोग के फार्मूले के आधार पर तय किया जाये। किसानों के सभी कर्ज माफ हों। किसान छुट्टा पशुओं से फसलों को नहीं बचा पा रहा है । साथ ही पंचायत में निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए संघर्षशील किसानों को जोड़ा जाये।

नशीला पदार्थ सुंघाकर किशोरी को किया अगवा

गुन्नौर, अमृत विचार : पूरे परिवार को नशा सुंघाकर किशोरी को अगवा करने का मामला सामने आया है। मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घर में किशोरी की शादी के लिए रखे सात लाख रुपये भी ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

नगर के व्यक्ति का आरोप है कि पांच अप्रैल को तड़के में मोहल्ला सराय निवासी राकेश, उसका पिता लक्ष्मन, भाई ललतेश, चाचा महावीर और विशंभर उसकी बेटी का अपहरण कर ले गए। घर में बेटी की शादी के लिए रखे सात लाख रुपये भी ले जाने का आरोप है। सुबह साढ़े चार बजे नींद खुलने पर घटना की जानकारी हुई। उसने लक्ष्मन से पूछा तो गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इसकी विवेचना कराई जा रही है।

चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति आई: डॉ. अरुण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित भाजपा के चिकित्सक सम्मेलन में मुख्य अतिथि पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में बताया।

गोशाला रोड स्थित यदुवंशी गार्डन में आयोजित सम्मेलन का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, लोकसभा सह प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा,डॉ सर्वेश सक्सेना, विनोद कुमार बिन्नी, सुभाष भटनागर, संजय कुमार गुप्ता,ओमवीर खडगवंशी ने भारतमाता, डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्यय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया। इसके बाद डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा के कार्यकाल में चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति आयी है। आज करोड़ों लाभार्थियों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है, एक समय था कि मरीजों को धन के अभाव में अस्पताल में इलाज नहीं मिल पाता था अब उन्हें 5 लाख तक इलाज मुफ्त मिल रहा है । कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए गए फैसलों ने विश्व में अपना डंका बजाया । पहले हमें वैक्सीन के लिए अन्य देशों से मदद लेनी पड़ती थी आज हम खुद वैक्सीन बनाकर अन्य देशों को दे रहे हैं। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में 15 नए एम्स देश को दिए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सर्वेश सक्सेना ने व संचालन डॉ. टीएस पाल ने किया। इस दौरान डॉ. पीयूषकांत राघव, डॉ. अमित वार्ष्णेय, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. रवि शर्मा , डॉ. विशाल, डॉ. अनुराग सक्सेना, डॉ. जगदीश श्रीवास्तव, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राजीव सक्सैना, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. हरपाल, डॉ. वीरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सम्मेलन में संबोधित करते राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना। ● अमृत विचार

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भाजपा का चिकित्सक सम्मेलन
- करोड़ों लाभार्थियों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा

संघ ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हनुमान शाखा ने वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया। बताया गया कि नववर्ष एक उत्सव है, हमें नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाना चाहिए।

रविवार को कार्यक्रम का आरंभ संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार को आद्य सरसंघ चालक प्रणाम से किया गया। इसके बाद घोष की ध्वनि के साथ ध्वजारोहण हुआ। गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन करते हुए दंड के प्रयोग किए।

मुख्य अतिथि जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख युवराज सिंह ने कहा कि भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य का पालन कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। सृष्टि के प्रारंभ का पहला दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा है। उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार की जीवनी से संबंधित प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए संघनिष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा दी। अध्यक्षता संस्कार भारती मेरठ प्रान्त के पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ. राजीव लोचन शर्मा ने व संचालन छत्रपाल सिंह ने किया।

किया। जिसमें जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख युवराज सिंह मुख्य वक्ता रहे। इस दौरान अशोक शर्मा, दिनेश चीनी, प्रभात अग्रवाल, डॉ. टीएस पाल, सुरेश चंद शर्मा, विश्वजीत शर्मा, वीरपाल सिंह, विनोद शर्मा, मुकेश शर्मा, सुरेद चंद्र, पारस अग्रवाल, जगपाल शर्मा, अमन कुमार, आयुष शर्मा, हरीश कठैरिया, प्रवीण आदि मौजूद रहे। इसके अलावा नगर की विभिन्न शाखाओं में वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हनुमान शाखा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभिन्न शाखाओं में हुआ कार्यक्रम

गृह क्लेश में बेटे ने मारा पिता के सिर पर स्टूल

चन्दौसी अमृत विचार: गृह क्लेश के चलते बेटे ने पिता के सिर पर दूसरी मंजिल से स्टूल से हमला कर दिया। जिससे पिता बुरी तरह से घायल हो गया। पुलिस को सूचना दी गई, पिता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पुलिस ने पुत्र का शांतिभंग में चालान कर दिया ।

कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर निवासी मुकेश यादव ने बताया कि शनिवार की शाम उसकी अपने बेटे लव से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके कुछ देर बाद बेटा छत पर चला गया, और वह घर के बाहर दरवाजे पर बैठ गया। तभी घर की दूसरी मंजिल से बेटे लव ने स्टूल फेंक कर मारा। स्टूल उसके सिर पर आकर लगा। जिससे वह घायल हो गया। घायल मुकेश को सीएचसी लाया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

संभल में चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, फैजगंज बेहटा(बदायूं)

- जिला संभल के थाना बनियाठेर क्षेत्र में चोरी की गई थीं टाट की दो हजार बोरी

अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। जिनके पास से अवैध असलहा, लोडर वाहन, दो हजार बोरे के टाट के 40 बंडलों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया है।

संभल जिले के थाना बनियाठेर क्षेत्र में टाट के दो हजार बोरों की चोरी हुई थी। पुलिस ने चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। संभल पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के आदेश पर रविवार को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस भी चेकिंग अभियान चला रही थी। ओरछी से आसफपुर मार्ग स्थित आरसी फूड कोल्ड स्टोर के पास से गिरफ्तार किया। जिनके पास से लोडर वाहन में चोरी किए गए टाट के बोरे के 40 बंडल बरामद हुए। पुलिस ने लोडर वाहन में बैठे जिला मुरादाबाद के थाना पाकवाड़ा क्षेत्र के गांव उमरी शब्जीपुर निवासी आमिर पुत्र रियासत, जिला संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र के मोहल्ला हनुमान गढ़ी निवासी मनोज पुत्र रमेश, थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर निवासी सुनील पुत्र राजपाल, इसी गांव के विजय सिंह पुत्र जानकी प्रसाद को गिरफ्तार किया। जिनके पास से दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस और चाकू बरामद हुआ। फैजगंज बेहटा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों के खिलाफ पहले से भी चोरी की गई रिपोर्ट दर्ज हैं। पुलिस ने चोरों को जेल भेज दिया।

कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता की शपथ लेते लोग। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी ने मेरा वोट मेरा अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

बैंक रोड स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाताओं को जागरूक होने की जरूरत है। लोकतंत्र व्यवस्था में एक-एक वोट का महत्व होता है। हम अपने मत से अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं। इसलिए सभी अपने मत का उपयोग करें। साथ ही आसपड़ोस और परिवार के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी वोट के महत्व के बारे में बताया ।

अन्त में सभी ने मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन जयशंकर दुबे ने किया।

इस दौरान कृष्णअवतार गुप्ता, विनय कुमार, डॉ.योगेंद्र मोहन शर्मा, सुभाष चंद्र भोलेनाथ, मुरारीलाल गुप्ता, केजी गुप्ता, संजय गुप्ता, अलका सक्सेना आदि मौजूद रहे।

बीमारी से परेशान ग्रामीण ने फंदा लगाकर दी जान

कादरचौक(बदायूं), अमृत विचार : बीमारी से परेशान एक ग्रामीण ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने किसी के खिलाफ भी तहरीर नहीं दी है।

कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव ककोड़ा निवासी प्रकाश (49) पुत्र रेबाड़ी लंबे समय से बीमारी से पीड़ित थे। उनके पेट में इंफेक्शन हो गया था। कई चिकित्सकों से इलाज कराने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। जिसकी वजह से वह बहुत परेशान रहने लगे थे। शनिवार को वह अपने बच्चे और पत्नी के साथ खाना खाने के बाद सो गए थे। रात में किसी समय उन्होंने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को परिजनों ने शव फंदे पर लटका देखा तो कोहराम मच गया। प्रकाश की पत्नी ने गांव के प्रधान और पुलिस को सूचना दी।

कार्यक्रम में मौजूद समिति की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव व होली मिलन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति ने किया आयोजन

अमृत विचार: वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति ने साहू झुन्नीलाल धर्मशाला में सातवां वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही।

सीता रोड स्थित धर्मशाला में समारोह का प्रारंभ भगवान गणेश व अक्रूरजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व मुख्य अतिथि प्रिया गुप्ता टनाटन द्वारा फीता काटकर किया गया। विशिष्ट अतिथि अंजू वार्ष्णेय, पारुल गुप्ता, झिलमिल चौधरी, लाजेश, सुनीता, बबीता वार्ष्णेय, अल्पना वार्ष्णेय, दीपा वार्ष्णेय व वंदना वार्ष्णेय रही।

कार्यक्रम में समिति की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। वहीं बीच-बीच में लकी ड्रा निकालकर पुरुस्कार दिए गए। सचिव रचना वार्ष्णेय ने समिति की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान सभी ने फूलों की होली खेली। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति की प्रदेशाध्यक्ष लता वार्ष्णेय (नगर पालिकाध्यक्ष) ने कहा कि समिति अपनी समाजसेवा को निरंतर आगे बढ़ा रही है। भविष्य में भी समिति सेवा के क्षेत्र में अपनी प्रमुख भूमिका निभाती रहेगी।कार्यक्रम का संचालन सुरभि चौधरी ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ब्रजवाला, कोषाध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, संध्या, नैना, रेखा, उमा, कुमकुम, रजनी आदि रही।

सार-संक्षेप

प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह से बात करते शहर इमाम व शहर काजी।

तैयारियों को लेकर किया ईदगाह का निरीक्षण

चन्दौसी, अमृत विचार : ईद को लेकर पतरौआ रोड स्थित बड़ी ईदगाह का कोतवाली प्रभारी व मुस्लिम समाज के लोगों ने निरीक्षण किया। नमाजियों को कोई दिक्कत न आए इसके बारे में विचार विमर्श किया गया। रविवार को शहर इमाम मौलाना नाजिम, शहर काजी मरगूब, शाह आलम मंसूरी व कोतवाली प्रभारी अतर सिंह खुर्जा गेट पतरौआ रोड़ स्थित बड़ी ईदगाह पहुंचे। जहां उन्होंने साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बात की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि नमाज अदा करने वालों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आयेगी। इस दौरान पालिकाध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी से बात करके ग्राउंड की साफ-सफाई के बारे कहा गया। इस दौरान हाफिज मतीन अशरफी, मोहम्मद नईम सभासद, शहबाज अन्ना सभासद, नजर मोहम्मद पूर्व सभासद, मोहम्मद मुजीब, जाहिद शेरी आदि मौजूद रहे।

चेकिंग में कार से जब्त की 3 लाख 44 हजार की रकम

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही चेकिंग में स्टेटिक टीम ने कार से 3 लाख 44 हजार 380 रुपये की नकदी बरामद की है। बुलंदशहर जनपद का रहने वाला कार चाल रकम के बारे में कुछ नहीं बता पाया इसलिए सील कर रुपये कोषागार में जमा करा दिये गये।चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से जनपद के मुख्य मार्गों पर स्टेटिक टीमें वाहनों की चेकिंग में लगी हैं। शनिवार की देर रात स्टेटिक टीम नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला नखासा चौराहा पर वाहन चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान संभल हसनपुर मार्ग पर बुलंदशहर जिले के गांव शिकारपुर निवासी बबलू की कार को टीम ने रुकवा लिया। चैकिंग के दौरान कार में बबलू के पास से 3,44,380 रुपये बरामद हुए। रुपये लेकर जाने के बारे में जानकारी देने को कहा तो बबलू कोई जानकारी नहीं दे सका। इसके बाद टीम ने रकम को सील कर कोषागार में जमा करा दिया। चुनाव के चलते पचास हजार से ज्यादा नकदी लेकर चलने पर रकम ले जाने वाले को कारण बताना होगा कि वह किस कारण से नकदी लेकर जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम में बोलते कवि माधव मिश्र। ● अमृत विचार

सुखी जीवन के लिए निरोगी काया आवश्यक

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य को उत्तम रखने के बारे में बताया गया। सीता रोड स्थित एक हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम होता है। किसी भी व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक रूप से अच्छे होने की स्थिति को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे पौराणिक ग्रंथों और आयुर्वेदिक पद्धति में स्वास्थ्य को सबसे पहले स्थान पर रखा गया है। कहा गया है कि मानव के सुखी जीवन के लिए निरोगी काया का होना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ. निशा गुप्ता,डॉ. नितिन कौशिक, डॉ. वसीम सैफी,अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय रहे। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने मरीजों को स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए। अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता व संचालन डॉ. अरविंद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम संयोजक सुरेश चन्द्र शर्मा रहे। इस दौरान राहुल सिंह, विकास यादव, अवधेश कुमार, सरोज यादव, सीता कश्यप, आमिर खान, रोहित चौधरी, मौ. अफजल, रिचा सागर आदि रहे।

संकीर्तन में भजनों पर नृत्य करती महिलाएं। ● अमृत विचार

श्रीमद भागवत कथा के समापन पर संकीर्तन

चन्दौसी, अमृत विचार : गोशाला रोड स्थित केशव कुंज में चल रही श्रीमद भागवत कथा के समापन पर दिव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने जमकर फूलों की होली खेली। अखिल भारतीय श्री राधा-माधव संकीर्तन मण्डल के तत्वाधान में आयोजित संकीर्तन में बदायूं शाखा के परिकर राहुल भी शामिल हुए। भजन गायकों में ज्ञानचंद शर्मा, अनिल गोयल, सुबोध मिश्रा, सतीश किराना, उमेश रस्तोगी, दिलीप भगतजी ने गणेश , सरस्वती एवं गुरु वंदना के पश्चात राधा माधव के सुरीले भजन सुनाए। इस अवसर पर फूलों की होली और लट्ठमार होली का भी खेली गई। फूल बंगले में विराजमान राधा माधव के पूजन और व्यवस्था की जिम्मेदारी चंदौसी शाखा के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोगी एवं डॉ. विवेक शर्मा ने निभाई। विनोद गोयल, आलोक, अभिषेक, अशोक आदि ने अन्य व्यवस्थाएं देखीं। संकीर्तन के पश्चात प्रसाद का भोग कराया गया। इस दौरान यजमान संजय मांगलिक, अभिषेक मांगलिक, शोभित, राघव, मृदुला मांगलिक, शिवांगी, सुरभि, सुनीता आदि रहे।

श्रीमद भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन यज्ञ

बबराला, अमृत विचार : साप्ताहिक सब्जी बाजार के पास हो रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर हुए हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। इस बीच झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कथा वाचक आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई और भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। कहा कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। इस दौरान नरेंद्र वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, मुनीष सक्सेना, रमेश लोहिया, यशपाल वार्ष्णेय, हृदेश कुमार, सुधीर सहारा आदि रहे। सोमवार को भंडारा होगा।

कथा समापन पर सुदामा की झांकी व मौजूद महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

एक नजर

पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

स्योहारा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव जमापुर जहांगीर में एक ग्रामीण ने पेड़ से अधेड़ को लटके देखा। उसने इसकी गांव में सूचना दी। जिसके बाद परिजन उसे पेड़ से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर घर पहुंचे। जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गांव निवासी हेमराज आयु 50 वर्ष पुत्र दिलीप का शव पेड़ पर लटका मिला था। जिसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, पुलिस ने मामले में जांच की बात कही है।

शैक्षिक भ्रमण के लिए नैनीताल गए विद्यार्थी

नहटौर, अमृत विचार : नहटौर पीजी डिग्री कालेज के भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. कैलाश सिंह के निर्देशन में भूगोल प्रयोगात्मक कार्य के तहत अनिवार्य शैक्षिक भ्रमण नैनीताल के लिए रवाना हुआ। शैक्षिक भ्रमण को प्राचार्य डॉ. संजीव गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डॉ. संजीव गौड़ ने छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण टूर की आवश्यकता एवं महत्व बताते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का अवसर देते हैं। शैक्षिक भ्रमण भूगोल शिक्षण में प्राकृतिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करता है। भौगोलिक शैक्षिक भ्रमण टूर में डॉ. सीमा शर्मा, दुष्यंत कुमार, डॉ. मनोज कुमार, यशपाल सिंह, नरेश कुमार, सुनीता त्यागी, अनीता रानी, पंकज शर्मा, आबिद हुसैन जैदी, विपिन सैनी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

नहटौर, अमृत विचार : रविवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने गांव बैरमाबाद गढ़ी सहित कई मतदान केंद्रों पर पहुंचे और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने क्षेत्रीय लोगों से वार्ता भी की। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, सीओ धामपुर सर्वम सिंह, एसडीएम धामपुर रितु रानी, हल्का लेखपाल अतुल कुमार व नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदान अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी : जिलाधिकारी

गौरव व सागरिका ने जीती मैराथन, मतदान की शपथ दिलाकर जिलाधिकारी ने मैराथन शुरू कराई

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : विवेक कॉलेज द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन का आयोजन किया गया। इसे विवेक कॉलेज ने विवेक मैराथन नाम दिया। जिसमें पुरुष वर्ग में गौरव कुमार तथा महिला वर्ग में सागरिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में विरेन्द्र सिंह तथा महिला वर्ग में तृप्ती रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में प्रेमपाल सिंह एवं महिला वर्ग में साक्षी रही। इसके अलावा प्रथम 25 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से दिया गया। मैराथन में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये महिला व पुरुष दोनों वर्गों को अलग-अलग दिये गये।

रविवार को मैराथन का आरंभ सुबह सात बजे नेहरु स्टेडियम से जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने मतदान की शपथ दिलाकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। अतः मतदान अवश्य करें तथा सभी को जागरुक करें।

मैराथन को झंडी दिखाते जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व तैयार प्रतिभागी। ● अमृत विचार

विवेक मैराथन नेहरू स्टेडियम से प्रारम्भ होकर शक्ति चौक, थाना कोतवाली, बुखारा रोड होते हुए जानी का चैराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवेक कॉलेज पर समाप्त हुई। इस मैराथन में पांच चैक पोस्ट बनाए गए थे। जिसमें सभी प्रतिभागियों के चेस्ट नम्बर को सत्यापित किया गया। इस प्रतियोगिता में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 1300 युवाओं, महिलाओं तथा बुजुर्गों ने प्रतिभाग किया।

बिजनौर की महिलाओं व पुरुषों ने इसमें बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कॉलेज के चैयरमेन अमित गोयल ने कहा कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन और मतदान की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मैराथन के माध्यम से सभी बिजनौर वासियों को मतदान एवं अच्छे स्वास्थ का संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत एवं ज्योति शर्मा ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीप्ती डिमरी, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. सर्वेश शीतल, डॉ. रंगानाथन, डॉ. संजय कुमार त्यागी, डॉ. मीना चौधरी, डॉ. पुष्पा जोशी, शैलेन्द्र शर्मा, मोनिका, मुकुल कुमार तथा कॉलेज कोर्डिनेटर डॉ. हितेश शर्मा एवं सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

शोभायात्रा में शामिल गणेश जी की झांकी। ● अमृत विचार

महाकाली मंदिर समिति ने नगर में निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

▸▸ शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मनमोहा, प्रसाद भी बांटा गया

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के आगमन पर धूमधाम से माता मां काली मंदिर समिति द्वारा नगर बिजनौर का भ्रमण कराते हुए शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान श्री गणेश, मां भगवती के भजन डीजे पर बज रहे थे। उसके उपरांत मां भगवती के कलश एवं चुनरी, फूलों से सुसज्जित माता महारानी का डोला झांकी में शामिल था। झांकियों के साथ नगर में प्रसाद का वितरण किया गया। काली मंदिर समिति के पदाधिकारी अतुल अग्रवाल, अध्यक्ष सुशील जिंदल, उपाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, विशाल शर्मा, विजय अग्रवाल, विपिन शर्मा, संदीप सिंघल, वीरेंद्र वर्मा, अनिल, अरविंद अग्रवाल भंडारी, सुरेश चंद शर्मा, अनिल विश्नोई महामंत्री, प्रकाश वर्मा आदि बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल थे। शोभायात्रा सुशील जिंदल के संरक्षण में निकाली गई।

नाले में मिला ईद मनाने घर लौटे युवक का शव

धामपुर, अमृत विचार : नगर में चुंगी के पास स्थित मंडप के आगे नाले में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव की पहचान रजीक उर्फ मुन्ना पुत्र नईम सैफी निवासी पुराना धामपुर के रूप में हुई है।

मृतक के चाचा शहनवाज का आरोप है कि पुराना धामपुर का ही एक युवक शनिवार की दोपहर उसे अपने साथ ले गया था तथा शाम पांच बजे से उसका मोबाइल भी बन्द है। रविवार सवेरे किसी व्यक्ति ने नाले में शव देखकर सूचना दी। परिजनों के मुताबिक युवक गुजरात में रहकर स्टील फर्नीचर का काम करता था तथा धामपुर अपने घर ईद का त्योहार मनाने पांच दिन पहले ही आया था। थाना कोतवाली निरीक्षक कृष्णौतार का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा। जिसके बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मनाएं त्योहार

संवाददाता, किरतपुर

▸▸ शांति समिति की बैठक में सभी ने दिलाया पुलिस को भरोसा

अमृत विचार : रविवार को ईद, आंबेडकर जयंती व हनुमान जयंती एवं राम नवमी के मद्देनजर थाने में अमन कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी उदय प्रताप ने व संचालन याकूब मालिक ने की।

बैठक में थाना प्रभारी उदय प्रताप ने कहा कि यदि कोई शासन की गाइड लाइन का पालन नहीं करता है या शांति भंग करने की कोशिश करता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सभी लोग शांति से प्यार से त्योहार मनाएं। बैठक में कस्बा इंचार्ज शिव कुमार सिंह ने कहा कि किरतपुर पुलिस आपकी रक्षा के हमेशा तत्पर है यदि किसी को कोई भी दिक्कत है या कोई शिकायत है वो सीधे संपर्क करे। बैठक में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अहसान उल करीम ने बताया की ईदगाह पर ईद की नमाज सुबह 8:30 बजे अदा की जायगी। बैठक में पीके चौहान ने कहा कि किरतपुर में हमेशा से सभी त्योहार शांतिपूर्ण मनाए जाते हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत व संजीव वर्मा ने कहा की कहीं कोई परेशानी है तो कोई भी पुलिस से संपर्क कर सकता है। बैठक में ग्राम प्रधानों, शहर के सभासद व शहर व कस्बे के सभी सम्मानित व्यक्तियों ने विचार रखे और भरोसा दिलाया कि सभी शांतिपूर्वक त्योहार को मनाएंगे। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत, गौरव पाराशर, संजय चौहान, मनोज बालियान, सोनू वर्मा, सुधीर राजपूत, नावेद अहमद, घसीटा तोमर, प्रदीप चौहान, गौरव पाराशर, मास्टर नामी, ऋजुज शर्मा, रोहिल खान, हिमांशु भारती, हसन अली चौधरी, अकबर राइन, सुभाष शर्मा, याकूब मलिक, दीपक अरोड़ा, कपिल रस्तोगी, दिव्यम अरोड़ा रहे।

कमरे के ताले तोड़कर नकदी समेत जेवर चोरी

नहटौर, अमृत विचार : गांव सिकंदरपुर में दूसरी मंजिल के कमरे के ताले तोड़कर चोर 70 हजार रुपये की नकदी व सोने चांदी के जेवरात ले गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। इसके अलावा चोर गांव करीमपुर मुबारक से भैंस भी ले गए।

गांव सिकंदरपुर निवासी रवि कुमार का परिवार मकान में पहली मंजिल में सोया हुआ था। बताया जाता है कि शनिवार की रात अज्ञात चोर दूसरी मंजिल पर बने कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। वहां अलमारी के ताले तोड़ते हुए 70 हजार रुपये की नकदी, 700 ग्राम चांदी के जेवरात व पांच तोले सोने के जेवरात के अलावा पांच घड़ी, दो फोन चुराकर ले गए। चोरी का पता चलने पर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। इसके अलावा गांव करीमपुर मुबारक में चोर अमीनुद्दीन की पशुशाला से एक भैंस चुराकर ले गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

10 टायर ट्रक का चेचिस अमला नदी में गिरा

संवाददाता, अफजलगढ़

▸▸ चालक ने चेसिस से कूदकर जान बचाई, मामूली घायल

अमृत विचार : कालागढ़-अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित अमला नदी के समीप उत्तराखंड के रुद्रपुर से 10 टायर ट्रक का चेचिस अनियंत्रित होकर अमला नदी में जा गिरा। ट्रक चला रहे चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि वह मामूली रूप से चोटिल घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे चेयरपर्सन के पति जावेद विकार व कस्बा इंचार्ज सुमित राठी ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

शनिवार देर रात रुद्रपुर से 10 टायर ट्रक का चेचिस लेकर चालक दलजीत सिंह पुत्र बलविंदर सिंह निवासी गांव अगवानपुर हरियाणा के जींद जा रहा था। जब वह अफजलगढ़ पहुंचा तो वह ट्रक को लेकर अपने गांव अगवानपुर जा रहा था। जैसे ही उसका ट्रक का चेसिस अमला नदी के पुल पर पहुंचा तो ट्रक अनियंत्रित होकर अमला नदी में जा गिरा। ट्रक को चला रहे दलजीत सिंह ने कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन वह मामूली रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज सुमित राठी व चेयरपर्सन के पति जावेद विकार ने ड्राइवर दलजीत सिंह को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। इस दौरान दलजीत सिंह ने बताया कि वह ट्रक को लेकर हरियाणा के जींद जा रहा था। अफजलगढ़ के पास उसका घर था वह रात्रि में ट्रक अपने घर ले जा रहा था कि अचानक यह घटना हो गई। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा नेता की दुकान में पेट्रोल डाल लगाई आग

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता की दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। भाजपा नेता ने लोगों की मदद से आग बुझाई। ऑटो से आकर आग लगाने वाला युवक सीसीटीवी में कैद हुआ है।

विश्वनाथपुरम निवासी सुरजीत सिंह चौहान ने बताया कि वह भाजपा में किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष हैं। उनका विश्वनाथपुरम में ही कृष्णा नाम से फोटो स्टूडियो है। वह भाजपा के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के साथ चुनाव प्रचार में गए थे। वह रात में करीब एक बजे घर पहुंचे। दुकान पर काम करने वाले मोहित गुप्ता ने रात तीन बजे उन्हें फोन कर बताया कि दुकान से धुआं निकल रहा है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर दुकान का शटर खोला तो अंदर आग जल रही थी। उन्होंने लोगों की मदद से आग बुझाई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पता चला कि एक युवक ऑटो से आया और दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : स्टेशन रोड स्थित वाईआईएस संस्थान पर रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 2023-24 सत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष तेजभान सिंह राघव ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसकी प्राप्ति के लिए मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने सभी तथा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। प्रथम स्थान ग्रुप (ए) में हर्षिता सिंह, द्वितीय मयंक चौधरी व तीसरा स्थान शमशुल निशा ने प्राप्त किया तो वही ग्रुप (बी) में प्रथम स्थान नीलम नागर, द्वितीय अंकित कुमार व तीसरा स्थान आकांक्षा चौधरी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक पवन कोहली ने सभी छात्रों को नए सत्र के लिए बधाई दी। इस दौरान नीरज कुमारी, नेहा प्रजापति, आदित्य कुमार, कपिल कुमार तथा अंशिका चौधरी, शिवांगी चौधरी, रिया चंद्रा, मेविश, अरमान अंसारी, खुशनवी, हिमांशु, उमा भारती, आकाश सैनी, अर्श दीप, राधिका, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

वाईआईएस संस्थान में पुरस्कृत किए गए विद्यार्थियों के साथ अतिथि व अन्य।

▸▸ संस्थान के निदेशक ने छात्रों को नए सत्र के लिए बधाई दी

त्योहारों पर सौहार्द बनाने की अपील

मैनाठेर, अमृत विचार : रविवार को ईद के त्योहार के मद्देनजर थाना भवन परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें आगामी त्योहारों को शांति से मनाने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन से शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने का आह्वान भी किया।

थाना मैनाठेर के थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों ने भाग लिया। थाना मैनाठेर इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक पवन कुमार शर्मा ने शांति व्यवस्था बनाये रखने व सभी से त्योहारों पर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर संभ्रांत व्यक्तियों ने त्योहारों पर बेहतर बिजली आपूर्ति की मांग भी रखी गई। इस मौके पर फरमूद हसन, कासिम अली, नासिर सलमानी, श्याम लाल सैनी, साकिब हुसैन, मुजिबुल हसन, उवैद अली, नावेद अली, डॉ. शाहिद पाशा, हाजी खुर्शीद अली आदि मौजूद रहे।

घरेलू कलह में मिस्त्री ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की अस्पताल में मौत की सूचना जैसे ही उसके परिजनों को मिली तो परिवार में सदमा फैल गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम हाशा नगला निवासी राजीव (28) पुत्र अमर सिंह की माता के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे वह घर से निकला था। उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर को पुलिस ने सूचना दी गई कि राजीव की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल का कहना है कि शनिवार की रात्रि करीब 10:00 बजे उनको हरियाणा रोड पर भट्ठे के पास में गंभीर हालत में एक युवक के पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके से युवक को सीएससी कुंदरकी लाया गया था। जहां पर चिकित्सक ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। युवक के सिम से उसकी पहचान हो पाई थी। रविवार की दोपहर को युवक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम करा कर बिसरा सुरक्षित रखा गया है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ गम्भीर हालत में जंगल में पड़ा हुआ मिला था राजमिस्त्री, पुलिस ने कराया था अस्पताल में भर्ती

फोन पर पत्नी से हुई थी कहासुनी

पता चला है कि युवक की पत्नी नीतू अपने चार वर्षीय बेटे को लेकर आठ दिन पहले मायके ऊमरी सब्जीपुर को चली गई थी। इसके बाद से वह घर पर था। बताया गया है कि शनिवार को फोन पर युवक की ससुराल में बात हुई थी। इस बीच कुछ कहासुनी होने पर उसने शायद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। मृतक के पिता की भी वर्षों पहले मौत हो गई थी। ग्राम प्रधान रवि कुमार ने बताया कि परिवार वालों से ही उसकी कुछ कहासुनी हुई थी। इसके बाद उन्हें राजीव की मौत की सूचना मिली। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि जहर के चलते उनके भाई की मौत हुई है। अंतिम संस्कार करने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

प्रदेश प्रवक्ता आनन्द तिवारी का गोरखपुर में स्वागत करते ब्राह्मण समाज के लोग।

ब्राह्मण महासंगठन के प्रदेश प्रवक्ता का गोरखपुर में स्वागत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन के प्रदेश प्रवक्ता व त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल के सीनियर मैनेजर आनंद तिवारी का गोरखपुर में ब्राह्मण महासंगठन के जिला अध्यक्ष नितेश पांडेय ने स्वागत किया।

प्रदेश प्रवक्ता आनंद तिवारी ने गोरखपुर के ब्राह्मण समाज के लोगों को सम्बोधित कर कहा कि ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए एकजुटता का परिचय देना चाहिए और संगठन को मजबूत करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि समाज में किसी तरह का कोई भी भेदभाव नहीं होना चाहिए। कहा कि ब्राह्मण समाज अपने मान-सम्मान के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। गोरखपुर के जिला अध्यक्ष नितेश पांडे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्माकर द्विवेदी को समाज के उत्थान में हर सहयोग का आश्वासन दिया।

दो ट्रक चालकों की मौत से मचा कोहराम

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के दो ट्रक चालकों की अलग-अलग राज्यों में सड़क हादसे में मौत हो गई। उनके शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंच गए। दोपहर में दोनों के शवों को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

गौरतलब है कि बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्राम में दो ट्रक चालकों की बंगाल और झारखंड में सड़क हादसे में मौत हो गई। मैनाठेर क्षेत्र के लालवारा निवासी मुस्तफा का झारखंड राज्य के चोपारान में नींद की झपकी आने से ट्रक दुर्घटना ग्रस्त हो था। हादसे में गुलाम मुस्तफा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं वसीम निवासी पंडित नगला की बंगाल के सिलीगुड़ी हाइवे पर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें वसीम बुरी तरह घायल हो गया था। इलाज के दौरान वसीम की मौत हो गई थी। पुलिस से शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिवार वालों के सपुर्द कर दिया। रविवार दोपहर बाद दोनों के शवों को सपुर्द- ए -खाक कर दिया।

चूरन समझ अनजाने में चाट लिया सल्फास, 4 बच्चों की हालत बिगड़ी

संवाददाता, बिसौली/ओरछी (बदायूं)

घटना

▸▸ थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी में खेलते समय बच्चों ने चाटा था सल्फास

अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी निवासी एक परिवार ने कुठला में से गेहूं निकाले और सूखने के लिए आंगन में फैला दिए। गेहूं में कीड़े मारने वाली सल्फास की पुड़िया पड़ी थी। घर के आंगन में खेल रहे चार बच्चों ने पुड़िया उठाई। चूर्ण समझकर चाट ली। कुछ ही देर में चारों बच्चों की हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

कस्बा मुड़िया धुरेकी के मोहल्ला पड़ाव के रामलीला मैदान के पास सईद और राकेश के मकान आमने-सामने हैं। सईद दिल्ली में रहकर काम करते हैं। राकेश सब्जी विक्रेता हैं। रविवार को वह दोनों ही घरों पर नहीं थे। अच्छी धूप होने की वजह से राकेश की पत्नी गुड़िया ने घर के कुठला में रखे पुराने गेहूं बाहर निकाले थे। उन्होंने गेहूं सूखाने के लिए घर के आंगन में डाल दिए। इसमें गेहूं को कीड़ा से बचाने के लिए लगाई गई सल्फास की पुड़िया थी। गुड़िया की इसपर नजर नहीं पड़ी। गुड़िया ने गेहूं घर के आंगन में सूखने के लिए डाल दिए। वह घर के अन्य काम में व्यस्त हो गईं। आंगन में उनकी तीन साल की बेटी संख्या और दो साल का बेटा रामा के अलावा सामने वाले घर निवासी सईद का चार साल का बेटा जैद और दो साल की बेटी अनाबिया खेल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गेहूं में पड़ी सल्फास की पुड़िया उठाई। चूर्ण समझकर चाट लिया। कुछ समय के बाद चारों की हालत बिगड़ गई। वह उल्टी करने लगे। परिजनों ने देखा तो घबरा गए। पास में ही सल्फास की खुली हुई पुड़िया पड़ी थी। परिजन समझ गए। सईद के भाई की पत्नी आ गईं। दोनों परिवार के लोग बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां सीएमएस ने बच्चों का इलाज किया। बच्चों की हालत सामान्य है। सीएमएस ने बताया कि बच्चे खतरे से बाहर हैं। उनकी तबीयत ठीक है।

तरावीह की नमाज के बाद कुरआन ए करीम मुकम्मल

मैनाठेर, अमृत विचार : रमजान मुबारक के पाक महीने में नगर और क्षेत्र की मस्जिदों में तरावीह की नमाज में कुरआन ए करीम मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार की देर रात को मैनाठेर जामा मस्जिद में भी तरावीह की नमाज के बाद कुरआन ए करीम मुकम्मल हुआ। तरावीह की नमाज में कुरआन ए करीम की तिलावत मुफ़्ती गालिब रजा ने की और कुरआन ए करीम हाफ़िज आबिद रजा ने सुना। इस मौके पर जामा मस्जिद के मौलाना नसीम ने मुल्क और कौम की सलामती की दुआ कराई। उन्होंने कहा कि कुरान अल्लाह की भेजी हुई ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीनों में रोजे ए कयामत तक महफूज रहेगी।

संगठन की एकता पर दिया जोर

कांठ, अमृत विचार : रविवार को संगठन के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के विस्तार व एकता पर जोर दिया गया। कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन पंजीकरण संगठन के अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन के विस्तार व एकता के लिए मिलजुल कर कार्य करें।

नोएडा की कंपनी ने पांच करोड़ की ठगी की

बरेली, अमृत विचार : बरेली के व्यापारी से नोएडा की गारमेंट कंपनी ने पांच करोड़ रुपये की ठगी कर ली। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने कंपनी के मालिक दंपती और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस निवासी चंदन कुमार पासवान ने बताया कि उनकी कंपनी वेलकिन जोन इंडिया मैनुफेक्चर ऑफ गारमेंट है। दो साल पहले नोएडा की इनोचेन डिजाइन कंपनी के मालिक शाहवाज खां कुछ लोगों के साथ पूर्व डायरेक्टर नितिन जायसवाल के आवास पर आए थे। इस दौरान सशर्त व्यापार करने की सहमति बनी थी। शाहवाज और उसकी पत्नी आयशा ने 22 महीने तक व्यापार किया। उन्होंने कई कंपनियों के पैसे आरोपियों की कंपनी में व्यापार के लिए ट्रांसफर किए। जब उन्होंने शाहवाज से हिसाब मांगा तो उसने फर्जी दस्तावेज थमा दिए। जब कंपनी ने मूल दस्तावेज मांगे तो वह टाल मटोल करने लगा। वह दबाव बनाने पर कंपनी छोड़कर भाग गया।

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥

इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता ? परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है ।

संपादकीय

बढ़ती धोखाधड़ी

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों में हजारों भारतीय संदिग्ध नौकरियों में फंसे हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में जबरन गैर-कानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार घर लौट रहे हैं। लाओस भारत के विस्तारित पड़ोस का एक हिस्सा है क्योंकि केवल म्यांमार, लाओस को भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों से अलग करता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी के काम में जबरन लगाए गए भारतीयों को लेकर एक परामर्श जारी किया था क्योंकि हजारों भारतीय खुद को म्यांमार और कंबोडिया में फंसा हुआ पाते हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी व अन्य धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय कंबोडियन अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे 250 और म्यांमार से लगभग 30 भारतीयों का पता लगाने और उन्हें बचाने में कामयाब रहा है। पिछले तीन माह में 75 भारतीयों को रेस्क्यू भी किया गया है। साइबर अपराधियों का गिरोह पूरे एशिया में जाल बिछा चुका है। सबसे पहले कंबोडिया में नजर आया। गिरोह भारत व मलेशिया समेत एशियाई देशों के तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिन लोगों को धोखाधड़ी के जरिए विदेश ले जाया जाता है उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और लाओस के जुआघरों में रखा जाता है। एशिया ह्यूमन राइट्स वॉच के उप निदेशक फिल रॉबर्टसन ने हाल ही में कहा कि गिरोहों ने कुशल तकनीक पसंद लोगों को निशाना बनाया है जिनकी नौकरियां महामारी के दौरान चली गई थीं। नई नौकरी पाने को बेताब ये लोग झांसों में आ गए। वास्तव में भारतीय नागरिकों की म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में नौकरी करने की बेताबी भारत में रोजगार परिदृश्य की गंभीर स्थिति का आईना है।

गौरतलब है 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में उल्लेख था कि लाखों लोगों को साइबर फ्रॉड की दलदल में धकेला गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर शिकार एशिया के ही दूसरे देशों से जुड़े हैं। रिपोर्ट कहती है कि साउथ ईस्ट एशिया में इस तरह के साइबर फ्रॉड बढ़ने के पीछे कोविड के दौरान लोगों का घर की चारदीवारी तक कैद होना और ऑनलाइन गतिविधियों पर ज्यादा वक्त गुजारना है। अब धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों के संचालकों पर कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। भारत का अधिकांश आसियान देशों के साथ अच्छा संबंध है, सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑनलाइन/फोन घोटालों के बारे में उसकी सलाह हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो। सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान अपराधियों को रोकने में प्रभावी हो सकता है।

'चिपसेट' इंजीनियरिंग में भारत को मिलेगी बढ़त



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है।

विकसित औद्योगिक देशों के साथ सिविलियन और मिलिट्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जितने भी समझौते भारत ने किए इनके अंतर्गत हमेशा की तरह उन्नत प्रौद्योगिकी से एक दर्ज़ा नीचे की प्रौद्योगिकी हमें मिली है। ऐसा क्यों होता रहा है और, विदेश से हमें 'अप्रचलित' प्रौद्योगिकी ही क्यों उपलब्ध होती है? टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में हमारा खुद का निवेश उनके मुकाबले में कम होने और प्राइवेट सेक्टर की शुरूआती दौर की अरुचि, इसके कारण हैं। तीन वर्षों में भारत में सेमी-कंडक्टर्स के क्षेत्र में 'मैच्योर-नोड' चिप्स बनाने के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किये जाने के संकेत हैं। प्रारंभिक दौर में 14 नैनोमीटर के मेच्योर चिपसेट बनाए जाएंगे। अभी दुनिया भर में इसकी मांग बनी हुई है क्योंकि अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्लायेंसिस और डिवाइसेस जैसेकि कार, कंप्यूटर, डिस्प्ले पेनल्स, खिलौने, इंडस्ट्रियल इक्वेप्मेंट, स्मार्ट फ़ोन्स, ऑप्टिकल/इमेज सेन्सर्स, फ़्लैश मेमरी कंट्रोलर्स, माइक्रो कंट्रोलर्स और टीवी के अलावा पॉवर मैनेजमेंट इन्टीग्रेटेड सर्किट्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है। तत्पश्चात सर्किट्स और गेट्स की प्रिंटिंग एक-एक परमाणु को डिपाजिट करने से होती है। चिसेट का आर्किटेक्चर प्रत्येक कार्य के लिए प्रयुक्ति के आधार पर अलग होता है।

टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग में 1970 आदि दशक के बाद उन्नत देशों द्वारा निवेश की गई कुल राशि की तुलना भारत से करने लगें तो यह विशाल है। साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में उनकी सोच के मौलिक होने की वजह असल में यह विशाल निवेश राशि ही है जिसकी आधारशिला द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान सामने आई नई तकनीकी चुनौतियां थीं। इसने उन देशों के वैज्ञानिक समुदाय को मौलिक वैज्ञानिक शोध को ऐसी टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रेरित किया जिससे हिटलर जैसी

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ।

चुनौती का उन्हें फिर से सामना न करना पड़े। सन 1970 के बाद से इन्होंनें अपना रिसर्च आउटपुट विशाल कर लिया जिससे एकदम से स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट एवं फ्रंटियर टेक्नोलॉजी विकसित करने की ही नहीं, बल्कि मैन्युफेक्चर करने की कैपेसिटी को भी इन्होंनें उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। कूटनैतिक संबंधों और फाइनेंसियल रिसोर्सेज ने इन्हें फिर से आपस में भिड़ने और होड़ करने से भी दूर रखा है।

उदाहरण के लिए सेमी-कंडक्टर टेक्नोलॉजी क अंतर्गत चिपसेट बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका में विकसित हुई, लेकिन कुछ देशों ने इसे अंशों में चोरी किया और अब इसी के उन्नत संस्करण बना कर मालामाल हो रहे हैं। इस काम में महारत हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान में सेंध लगाने वाले देशों को आधी सदी तो खुद को मजबूत करने में लगी ही है। चिप निर्माण में अमरीका के मुकाबले में अब दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन होड़ में इसलिए पहुंच पाए हैं क्योंकि इन्होंनें शुरूआती निर्भरता तो औरों पर दिखाई, लेकिन बेसिक साइंस और मटेरियल रिसर्च में जबरदस्त इन्वेस्टमेंट इन्होंनें खुद किया तो नतीजे सन 2000 तक दिखाई देने लगे। ताइवान इस समय चिप निर्माण टेक्नोलॉजी में अग्रणी देशों में है।

सामरिक और सिविलियन टेक्नोलॉजी में मिनिएचरायिज़ेशन, प्रिसीजन, इज़ ऑफ़ हैंडलिंग, टिकाऊपण और हल्का होने के गुण डाले जाते हैं। इस तरह से कि प्रोडक्ट में 'फटीग' कम हो और हरेक परिस्थिति में, हर समय तब तक काम करे जब तक खंडित ही न हो जाए। मारक क्षमता या कार्यक्षमता और कुशलता पहले के मुकाबले में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीकों के समावेश से 10 गुणा तक बढ़ा दी गई है। नए मटेरियल, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मिनिएचरायिज़ेशन से निर्मित चिपसेट लगाए जाने से यह कमाल संभव हुआ है। भारत ने इस दिशा में तीन-चौथाई दूरी तो तय कर ही ली है। लेकिन बहुत चिंता अमरीका के 'ब्यूरो ऑफ़ इंडस्ट्री एंड सिक्यूरिटी' के निर्देशों और चीन के मन्सूबों को लेकर होती है जिनका परोक्ष प्रभाव उन देशों पर ही पड़ता है जिनके यहां 14 नैनोमीटर साइज़ तक की 'लिगेसी' या 'मैच्योर-नोड' चिप्स चीन से आयात की जाती हैं और इक्विपमेंट और डिवाइसेस में फिट की जाती हैं। अमरीका के उक्त ब्यूरो ने 18 जनवरी 2024 को इस बारे में ताज़ा निर्देश जारी किए हैं जिससे भारत में उलझन इसलिए पैदा नहीं होगीं क्योंकि हमने चीन की नहीं बल्कि ताइवान की कंपनी मीडिया-टेक से इस बारे में बातचीत की है जो भारत में बनाई जाने वाली मेच्योर नोड चिप्स के लिए बड़ा खरीदार हो सकती है।

विदेशी मूल की और यहां की बड़ी कंपनियों में टेक्नोलॉजी विकास के लिए आरएंडडी और निर्माण के स्तर में गैप को कम किए जाने की कवायद मीडिया-टेक के आगमन से शुरू हुई है, जैसे कि दूसरी-तीसरी पीढ़ी हमारे यहां है तो उच्चतम स्तर पर उनकी यह पांचवीं पीढ़ी हो सकती है। कंप्यूटर्स और मोबाइल कम्युनिकेशन गैजेट्स में ऑपरेटिंग सिस्टम्स और एप्लीकेशन्स 10 साल के भीतर संख्या और कार्यक्षमता के हिसाब से 1 से सौ-गुणा के अनुपात में समृद्ध हुए हैं। 'टेक्नोलॉजी डिनायल' या 'नॉन-शेयरिंग और एक्सपोर्ट रेजीम' के बरअक्स डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेश में स्थापित 'कन्जोर्शियम' में संबंधित मुल्कों की उन्नत वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जिन तकनीकों और सिस्टम्स को अगली पीढ़ी के लिए विकसित कर लिया गया, उन्हें हमें सिविलियन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयोग करने के लिए भी नहीं दिया जाता। बेसिक रिसर्च में बेहतरीन समझ रखने के बावजूद हम इस ज्ञान पर आधारित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स - जैसे कि मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरा, कंज्यूमर गैजेट्स और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में लार्ज स्केल पर डिवाइसेस बना कर उपलब्ध नहीं करवा पाए। बेशक हमने सेमी-कंडक्टर इंडस्ट्री में आरएंडडी में काम किया है, लेकिन वह औरों से 15-20 वर्ष पीछे के स्तर का है। भारत को स्पेस और एटॉमिक एनर्जी एवं रक्षा क्षेत्र के लिए वांछित एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज को इसीलिए खुद ही रिसर्च, डेवलपमेंट और टेस्टिंग करने के बाद देश में निर्मित करना पड़ा।

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ। 'चिप' विकास और निर्माण में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, आईबीएम और अमेरिकन टेलीग्राफ एंड टेलीफोन कंपनियों के बाद चीन और ताइवान की कंपनियों ने सन 1990 के बाद से आश्चर्यजनक स्पीड से विश्व मार्किट का काफी हिस्सा पकड़ा। भारत में बीईएल, ईसीआईएल, सीडीआईएल, इंडिया और सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लि. मोहाली ने अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स में डिवाइसेस के लिए 14 नैनोमीटर से नीचे की 'चिप' डिजाईन और फैब्रिकेशन क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

डिफेन्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट आर्गेनाइजेशन, इसरो और बीएआरसी अपने मैंडेट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स में इंस्ट्रूमेंटेशन के अलावा कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम्स का विकास बीईएल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन के जरिये से करते हैं। सिविलियन उपयोग के लिए भी इन संस्थानों ने बेहतरीन टेक्नोलॉजी और गैजेट्स जारी किए हैं। उन्नत देशों ने डिफेंस और स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों और ड्यूल-यूज़ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। बेसिक रिसर्च को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी में कन्वर्ट करने की हमारी समस्या जल्द दूर नहीं होती दिखती, भारत में कुछ कंपनियां पिछली पीढ़ी के मेच्योर नोड चिप सन 2024 के दिसंबर महीने में बनाना शुरू कर देंगी जिससे चिप निर्माण में शुरूआती दौर के मूल्यवान अनुभव मिलने से कुछ वर्षों में 14 नैनोमीटर से नीचे 4 नैनोमीटर साइज़ की चिप बनाने की दक्षता हासिल करने में भारत के लिए मुश्किल न होगा। यह महत्वपूर्ण बढ़त तो होगी है लेकिन 1 नैनोमीटर साइज़ के सिलिकॉन 'ड्रीम-चिप' को संभव बनाने की दिशा में इस समय तजुर्बे चल रहे हैं उस तक हमें पहुंचने में शायद 15 बरस का समय और लगेगा। फिलवक्त अमरीका की आईबीएम कंपनी ने 2 नैनोमीटर साइज़ की चिप तैयार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

प्रसंगवश

गुलाम कश्मीर में विदेशी दखल

कश्मीर का एक भाग पाकिस्तान के अधिकार में है, जिसे हम गुलाम या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहते हैं। पाकिस्तान उसे आज़ाद कश्मीर कहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय पाक कबीलाइयों ने कश्मीर पर हमला कर दिया था और इसे बल पूर्वक कब्जियाना चाहा था।

हमारी सेना ने जवाबी कार्यवाही करके इसका बड़ा भाग, जो इस समय हमारे कब्जे में है, मुक्त करा लिया था। शेष भाग भी मुक्त हो जाता, किंतु नेहरू ने युद्ध रोक दिया और प्रकरण संयुक्त राष्ट्र संघ ले गए। इस तरह यह विवादित हो गया। वहां यह तय पाया गया था कि जनमत संग्रह करा लिया जाय और उसके अनुसार इसका प्रभुत्व तय हो। यह निर्णय भारत के गले की हड्डी बना रहा। हालांकि बाद में, कुछ ठोस आधार बताकर भारत इस जनमत संग्रह के फैसले से पीछे हट गया। अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में अपने कब्जे वाले कश्मीर से संबंधित धारा 370 हटाने व तत्परिणामी परिवर्तन करने से पाक चीन तो बौखलाए ही,पश्चिमी देश भी असंतुष्ट हुए। अब जब भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ दल इस 370 को हटाने और विगत में पाक पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को चुनाव में भुनाने की जुगत कर रहा है, तो पश्चिम इसे मलिन करने के यत्न में है। वह गुलाम कश्मीर में अपनी चहल कदमी बढ़ा रहा है। अब खबरें आई हैं कि ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने इस पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह गतिविधियां क्या कह रही हैं? एक ओर भाजपाई प्रचार तंत्र मोदी को वैश्विक नेता कहता रहता है और यह ज़ाहिर करता है कि बड़ी विश्व शक्तियां मोदी के सामने झुक रही हैं; दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि विश्व शक्तियां भारत की पोज़ीशन पतली कर रही हैं।

आरएसएस तो अखंड भारत का लक्ष्य बनाए रहा है। अमेरिका,ब्रिटेन तो शक्तिशाली सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं। चीन तो हमारा चिर और सबल शत्रु है ही। तो आखिर क्या हम नारों और भाषणों के ही वीर बने रहेंगे। यह खुला विदेशी हस्तक्षेप कैसे बढ़ता जा रहा है? हमें सोचना होगा कि भूल कहां हो रही है।

सबके अपने-अपने इतिहास

सत्ता कुचक्री होती है भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है।

वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं , उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? इतिहास मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित तो करता ही है और इस लिए राजसत्ता हर बार अपने अनुकूल इतिहास लेखन का कार्य कराती है। विवाद पैदा करती है, विवाद को अवसर बना लेती है। सत्ता के सिंहासन को स्थिर करने का प्रयास करती है। जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवन भर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं. संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी है, ऐसे इतिहास का उद्देश्य होता है - उन कहानियों से मनुष्य के मन मस्तिष्क को क्रूरता और नफ़रत से भर देना।

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म मजहब को खोजा । राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए जिस इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है।

जहर की खेती की। सचमुच वह इतिहास बहुत निष्ठुर है, दोगला है । इतिहास वर्ग की चीज है। वर्ग स्वार्थ से प्रेरित है। इतिहास के नाम पर अपने अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। इसीलिए हिन्दूमन, मुस्लिममन, ब्राह्मण-मन, शूद्रमन, धार्मिकमन और धर्मनिरपेक्षमन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं ।,कहानी है - तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास की बातें बड़ी दगाबाज होती हैं, सबके अपने अपने इतिहास हैं। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं ? किस इतिहासकार ने लोकजीवन में पैंठ कर के इतिहास लिखा है । जनता का इतिहास किसने लिखा है? कोई क्यों लिखे? सत्ता का इतिहास लिखने से लाभ होगा.

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। हां , यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य-जीवन को गतिशील बना सकता है । इतिहास को हम इसलिये पढें , इसलिए रचें , इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिल सके । लेकिन उसके लिए सत्ता का नहीं लोकसत्ता का इतिहास लिखना होगा । पहले यह तय करना होगा कि सबके साथ रहना है कि सबको सबसे लड़ना है और सबको सबसे लड़ाना भी है। यदि लड़ना ही है लड़ाइयों का इतिहास बना बनाया है ही। मिल कर रहना है तो जनता का इतिहास लिखना होगा। जनता का इतिहास किसने लिखा है ?

जो है वह सत्ता का इतिहास है। सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें-मनुष्य के भीतर का मनुष्य।

कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। विचारशील मित्र जानते हैं कि केवल फौज और हथियारों से शासन नहीं हो सकता , उसके लिए सैद्धांतिक आवरण अनिवार्य हैं। इतिहास हो या कोई वाद हो, ये सब उसके आयुध हैं।

सोशल फोरम

अनुशासित जापान से वापसी

बहुत ही तेज कदमों से भागते, साफ सुथरे, बिना ज़रूरत के न बोलने वाले अनुशासित जापान से चलकर रात करीब 9 बजे भवाली आ धमका। दिल्ली से बरेली डिब्रूगढ़ राजधानी से आया पर राजधानी जैसी ट्रेन बरेली तक करीब 250 कि मी का सफर 4.30 घंटे में मात्र 35 मिनट देरी से, कमोड की सीट टूटी फूटी, बाथरूम की फर्श में पानी भरा, एसी कूपे का दरवाज़ा ख़राब। लगा अपने असली हिंदुस्तान आ गए। यह तो अच्छा रहा सामने एक पढ़ी लिखी लड़की ने शिकायत दर्ज की, कुछ लोग आए, कुछ जुगाड़ किया । कूलिंग बढ़ाई। राहत मिली। पर बस जुगाड़।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

थोड़ी देर में एक सफ़ाई वाला क़रीब एक बोरा कूड़ा बुहारता हुआ बग़ल से निकला । लगा जहां जापान में मुझे कहीं कूड़ा नहीं दिखा, हम भारतीय दिन में कई बार एक एक डिब्बे मे कूड़ा सीट के आसपास फेंकते रहते है। गंदगी फैलाना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। हमने गंगा मां को गंदा और प्रदूषित कर दिया। लगता है नैतिकता, अनुशासन, साफ़ सफ़ाई की देवी अब हमसे नाराज़ हो गई है ।

राजधानी ट्रेन की हालात मैं पिछले 25-30 वर्षों में वहीं की वहीं देख रहा हूँ । खैर यह कहने में बुरा लगेगा पर सत्यता यही दिखती है कि इस रफ़्तार से हम शायद ही कभी जापान की ट्रेनों की रफ़्तार, उनकी सफ़ाई, उनकी समय की पाबंदी की बराबरी की भी सोच सके।

जापान की प्रत्येक व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में क़रीब सात गुना ज़्यादा है, मतलब पैसे की सप्लाई ज़्यादा तो चीजों के दाम भी ज़्यादा । भारतीय के लिये इस कारण जापान बहुत महंगा देश। दिल्ली स्टेशन के नंबर एक प्लेटफ़ार्म पर एक जलपान गृह में मशीन से बनी 10 रूपये की काफ़ी जापान की क़रीब चार सौ रूपये कि काफ़ी पर भारी लगी , यह सुखद लगा । मैंने पचास रूपये में गरमागरम छोले चावल का भी सुख लिया । मुझे ढाबों का, छोटे रेस्टोरेंट का गरमागरम भारतीय खाना, फ्रिज किये गए पांच सितारा होटल के भोजन से स्वादिष्ट लगता है। भवाली पहुंचकर करीब 8- 9 दिन बाद रोटी मिली , मज़ा आया ।

-फेसबुक वॉल से

मतदान से ही निकलेगा समस्याओं का समाधान

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सरकारें हमेशा से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धैर्य की परीक्षा लेती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से पहाड़ की तरफ जाते हुए दूर के गांवों तक सड़कों का जाल बिछा तो दिखता है लेकिन पलायन की ऐसी हवा चली है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर हताश हुए लोग इन जगहों को वीरान छोड़कर शहर की ओर चले गए हैं। कई सीमांत जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के अभाव में लोग पलायन कर गए हैं। जगह-जगह स्कूल और कॉलेज खुल गए हैं मगर पढ़ाने वाले शिक्षक और धूप बारिश से बचाने वाली इमारत नहीं है। आज भी गांव में बीमार या गर्भवती को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, कई जगह डोली का सहारा लिया जाता है। पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा समेत कई जिलों से भारी पलायन हुआ है और यह जनसंख्या पहले से ही हांफते, दम घुटते देहरादून,ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे शहरों के आसपास बस कर रह गई क्योंकि लोगों को लगता था कि इन क्षेत्रों में बच्चों को रोजगार के कुछ अवसर तो जरूर मिलेंगे।

जनता की परेशानियों से संबंधित अधिकतर मुद्दे वही हैं जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उठ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी समस्याएं आजादी के बाद भी थी और आज भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी मुद्दे तो

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है।

बना लेती हैं लेकिन इन समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की प्राथमिकता नहीं होती। नैनीताल, उधम सिंह नगर लोकसभा सीट की बात अगर करें तो यह एक महत्वपूर्ण सीट है जहां पर विकास और समाधान के कई अवसर हैं लेकिन बढ़ती आबादी की मार ने समस्याओं को जस का तस बनाकर रख दिया है। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र से लेकर भावर और तराई का क्षेत्र मानव और वन्य जीव संघर्ष से लंबे समय से प्रभावित रहा है। आबादी से लगे जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक है।

बढ़ती आबादी ने पेयजल संकट को बढ़ावा दिया है। भवन निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है जिसके कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं। विकास के नाम पर खुले रिसॉर्ट और होटलों के पास अपने ट्यूबवेल हैं जिससे सार्वजनिक जल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहरों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन पड़ी हैं, जिनमें सीवर युक्त गंदा पानी आने की खबरें आए दिन समाचारों में पढ़ते रहते हैं। हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा प्रमुख है। सरकारों की तनातनी के बीच यह मामला कई वर्षों से अधर पर लटका है। हाई कोर्ट नैनीताल से शिफ्ट किया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। करोड़ों रुपयों की लागत से हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन कर तैयार हुआ लेकिन खेल गतिविधियां वहां पर भी नहीं के बराबर हैं। इस क्षेत्र में एक लॉ विश्वविद्यालय खोले जाने की भी मांग थी जो शिलान्यास होने के बावजूद खटाई में पड़ा हुआ है। जमरानी बांध का मुद्दा तो वर्षों से लटका हुआ है। स्थायी राजधानी के मामले को ही ले लें, किसी भी दल की रुचि इसमें नहीं है इसीलिए आज तक समाधान नहीं हो सका।

यूं भी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है। लेकिन आज लोगों में उदासीनता देखने को मिल रही है। 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है। शायद जनता की उदासीनता ही कारण है कि चुनाव चाहे प्रदेश के हो या लोकसभा चुनाव, उत्तराखंड का चुनाव प्रतिशत 70 के पार कभी नहीं जाता। विभिन्न गीतों, पोस्ट और बैनरों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की गतिविधियां चल रही हैं। मतदान का बहिष्कार न कर वोट को अपना हथियार बनाने की बात भी कही जा रही है लेकिन दशकों से आश्वासन झेलती जनता भी समझती है कि वोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही मुश्किल है। इसीलिए समय समय पर जनता अपने-अपने मसलों को लेकर एक समूह के रूप में सड़क पर उतर आती है और अपनी समस्याओं के समाधान की बात कहती है। ऐसा न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी भी देती है। मगर सच्चाई तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने से समस्या का समाधान नहीं निकलने वाला। पहले के समय में राजनीतिक पार्टियां कम थी, जनप्रतिनिधियों में भी एक समर्पण की भावना थी। जनता में अपने नेता की एक झलक पाने की इच्छा दिखाई देती थी। नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों में गरिमा और वचनबद्धता होती थी। आज की तरह अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता था।

एक समय था जब मतदान को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। बीते तीन-चार दशकों से चुनावी माहौल में भी बहुत अधिक फर्क आया है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मतदान का माहौल कुछ ठंडा सा नजर आ रहा है, हालांकि मैदानी क्षेत्र में सरगर्मियां में बढ़ गई हैं। मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं में थोड़ा बहुत उदासीनता देखने को मिले लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को आज भी महिलाओं ने संभाल रखा है और किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का निर्णय मुख्यतः वहां की महिलाएं ही करेंगी।

आपका पत्र

हर प्रत्याशी जारी करे संकल्प पत्र

जिस तरह हर राजनीतिक दल अपना चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करता है, उसी प्रकार हर प्रत्याशी को भी चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करना अनिवार्य होना चाहिए कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र में क्या-क्या सुविधाएं अगले पांच सालों में विकसित करेगा। किन किन समस्याओं को हल करेगा।

भारत में कई संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां उचित विकास नहीं हुआ सालों से समस्याएं बरकरार है। हर लोकसभा प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करते समय क्षेत्र के विकास का रोडमैप भी देना चाहिए ताकि जनता आश्वस्त हो कि वह जिसे वोट देंगे वह सांसद उनके क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, की समस्या हल करेगा। जिले में औद्योगिक विकास कैसे होगा। लोकसभा क्षेत्र में पुल कहां-कहां बनवाएगा। मेरा यह भी मानना है। यदि कोई भी सांसद जीतने के बाद अपने चुनावी घोषणा पत्र, संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सफल नहीं होता है तो उसको अगली बार चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाना चाहिए। मेरा यह भी मानना है एक व्यक्ति को तीन बार से ज्यादा सांसद पद पर आसीन नही रहना चाहिए ताकि युवाओं को भी मौका मिलता रहेगा।

-अनुज अग्रवाल,
सीईओ, बीमा घर

रालोद के लिए नाक का सवाल बना बिजनौर का रणक्षेत्र

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। जाटलैंड की बिजनौर संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है। 2014 की मोदी लहर में इस सीट पर भाजपा ने कब्जा तो जमा लिया था लेकिन 2019 के चुनाव में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो बसपा के मलूक नागर ने भाजपा के उम्मीदवार को पटखनी दे दी थी। भाजपा ने इस बार एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोकदल को यह सीट दी है। पार्टी ने यहां से विधायक चंदन चौहान को मैदान में उतारा है तो सपा ने दीपक सैनी को अपना चेहरा बनाया है। बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तीनों दलों से दमदार उम्मीदवार होने से यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं। वैसे तो 2004 और 2009 के चुनाव में इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल काबिज रह चुकी है। अब देखना यह है कि मोदी की गारंटी, राम मंदिर निर्माण से उपजी लहर और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के दम पर चंदन चौहान जीत दर्ज कर पाते हैं फिर किसानों की नाराजगी का कुछ नुकसान उठाना पड़ता है।

मीरापुर के विधायक हैं चंदन चौहान: भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मीरापुर से विधायक चंदन चौहान को सांसद बनाने में जुट गए हैं। भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे रही है कि रालोद के निशान को ही कमल का निशान समझें और ताकि चार सौ पार का सपना साकार हो सके। चंदन ने भी यह कोशिश की है कि उनके किसी कदम से भाजपा के कार्यकर्ता नाराज न हों। चंदन के दादा चौधरी नारायण सिंह 1977 में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही उनके पिता संजय चौहान भी विधायक रह चुके हैं।

हर दल को मतदाताओं ने अपनाया: यहां के मतदाताओं ने हर दल को गले लगाया। चाहे वह कांग्रेस हो या जनता पार्टी, बसपा, सपा, कांग्रेस, भाजपा और रालोद। जनता पार्टी सेक्युलर को भी यहां जीत मिल चुकी है।

पहली बार 1991 में यहां भाजपा जीती थी। 1996 के चुनाव में भी कमल खिला था पर 1998 में सपा की ओमवती ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी लेकिन जब 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ तो यह सीट पुनः भाजपा के खाते में आ गई। लेकिन 2004- 2009 के चुनाव में यहां के मतदाताओं ने रालोद पर भरोसा जताया।

2014 में मोदी लहर में भाजपा यहां जीती जरूर लेकिन 2019 में सपा- बसपा गठबंधन में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा को यहां हरा दिया।

- पिछले चुनाव में इस सीट पर सपा से गठबंधन के चलते बसपा के मलूक नागर बने थे सांसद
- सपा ने इस बार दीपक सैनी को तो बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को बनाया उम्मीदवार

दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा- रालोद काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से दो- दो विधानसभा सीटों पर रालोद- भाजपा |का कब्जा है। एक सीट पर सपा काबिज है। मुजफ्फरनगर जिले की पुरकाजी और मीरापुर सीट पर रालोद और बिजनौर की बिजनौर सीट पर भाजपा और चांदपुर सीट पर सपा और मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

रालोद के बागी पर बसपा का दांव

- मेरठ के जलालपुर लावड़ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वह रालोद से त्यागपत्र देकर बसपा में आए थे। रालोद से बगावत के पीछे टिकट न मिलने को कारण बताया गया था।

मीरा कुमार यहां से पहुंची थीं संसद

1984 में कांग्रेस के सांसद गिरधारी लाल का निधन हो गया था। तब इस सीट पर उप चुनाव हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने यहां से जीत दर्ज की थी। मीरा कुमार ने यहां से लोकदल के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान को हराया था। मीरा कुमार कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में मायावती बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थीं। इसी सीट से उनकी सियासी लांचिंग हुई थी। 2014 में पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयापद्रा यहां से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरीं थीं पर चौथे स्थान पर रहीं थीं।

चौधरी विजेंद्र सिंह।

दीपक सैनी।

चंदन चौहान।



2019 का वोट प्रतिशत

बसपा	मलूक नागर	51.21
भाजपा	कुंवर भारतेंद्र	44 .67
कांग्रेस	नसीमुद्दीन	2 .36

बसपा भाजपा कांग्रेस

26% मुस्लिम मतदाता

22 % दलित मतदाता

18 % जाट मतदाता

06% गुर्जर मतदाता

28 % अन्य वोटर

17,33,372 बिजनौर सीट पर कुल मतदाता

सपा को बदलना पड़ा उम्मीदवार

- बिजनौर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पहले पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी को मैदान में उतारा था। यशवीर सिंह 2009 में नगीना सीट से सांसद चुने गए थे। वह नगीना से ही टिकट चाह रहे थे लेकिन बदली परिस्थितियों में पार्टी ने उन्हें बिजनौर के रण में उतारना जरूरी समझा। हालांकि इससे यशवीर सिंह खुद ही असहज महसूस कर रहे थे। पार्टी ने उनके भाव को समझा और टिकट बदलते हुए नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी को मैदान में उतार दिया। अब दीपक ने इस समर को जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। युवाओं की टोली के साथ वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और किसानों को यह याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके आंदोलन को किस तरह कुचला। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही किसानों को न्याय मिलेगा। बसपा उम्मीदवार विजेंद्र चौधरी जल्द ही यहां पार्टी प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की रैली कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रणक्षेत्र में वे जीत दर्ज कर सकें। रालोद और भाजपा की रणनीति पर भी उनकी गहरी नजर है। इसके लिए वे लगातार रालोद कार्यकर्ताओं के संपर्क में भी हैं।

कमलनाथ के गढ़ में क्या इस बार खिलेगा कमल

मनोज त्रिपाठी

मध्यप्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा के साथ सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन आधा दर्जन सीटों में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच होगा। इस सीट पर देश भर की निगाह लगी है। छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की लाइन लगी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के काफी खास रहे पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था और राज्य की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। 2019 में भाजपा ने 28 सीटें जीती थीं, सिर्फ छिंदवाड़ा में कांग्रेस और कमलनाथ का किला नहीं ढहा पाई थी। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा यहां बिछाई गई बिसात पर वर्तमान सीएम मोहन यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस को मात देने में जुटे हैं।

छिंदवाड़ा सीट पर बीते चार दशक से कमलनाथ परिवार का कब्जा है। छिंदवाड़ा में भले ही कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। वर्ष 1971 से 2019 के बीच हुए 14 लोकसभा चुनावों में 13 बार यहां से कांग्रेस जीती है। 1980 से लेकर 2019 तक तो केवल कमलनाथ परिवार का ही दबदबा रहा है। इस सीट पर केवल वर्ष 1993 का उपचुनाव छोड़कर कमलनाथ हमेशा लोकसभा का चुनाव जीतते रहे हैं। 1993 के उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा ने उनको पराजित किया था। इस बार कांग्रेस की इस परंपरागत सीट पर जीत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। इनके मुकाबले कमल नाथ ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है। वह लगातार घूम-घूमकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अपनी सभाओं में यह कहते नहीं थकते हैं कि 'जब मैं छिंदवाड़ा आया था, तब लोगों को इसका नाम पता नहीं था। यह देश का सबसे पिछड़ा इलाका होता था।



16 लाख 40 हजार के आसपास मतदाता हैं यहां

08 लाख 30 हजार पुरुष मतदाता चुनेंगे सांसद

- मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंकी
- बीते कुछ समय से यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल, 19 अप्रैल को मतदान
- चार दशक से यहां कमलनाथ परिवार का कब्जा, पिछली बार बेटे नकुलनाथ को जीतने में छूट गया था पसीना

कमलनाथ के सामने दो बार कड़ी चुनौती पेश कर चुके हैं बंटी साहू

- भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के युवा व्यवसायी हैं। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इससे पहले छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें हार भले मिली हो, पर उन्होंने कमलनाथ के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में बंटी साहू को कमलनाथ से सिर्फ 35 हजार वोटों से हार मिली थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कमलनाथ 34 हजार मतों से ही पराजित कर पाए थे।

08 लाख 10 हजार महिला मतदाता

53 हजार से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर

लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर कांग्रेस काबिज

- छिंदवाड़ा जिले में पिछले साल- 2023 के अंत में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। यहां की सभी सातों विधान सभा सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यहां की सभी सीटों पर कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा विधान सभा सीट से कमलनाथ जीते थे। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कमलनाथ या कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसकी बड़ी वजह लोग यह भी बताते हैं कि नकुलनाथ 2019 में सांसद जरूर चुने गए थे। लेकिन उनकी जीत का आंकड़ा 37 हजार 536 मतों का ही था। नकुलनाथ को 5,87,305, जबकि भाजपा प्रत्याशी नथनशाह कवरेती को 5,49,769 मत मिले थे।

प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न अब 'कॉर्न सिटी' की नई पहचान

- मध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही छिंदवाड़ा जिला भी वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। घने जंगल, पहाड़, नदियां, प्राचीन किले, कोयले की खदान, संतरों के बाग और हरियाली अगर इसे प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाती है, तो बीते कुछ वर्षों से मक्का की बढ़िया फसल के कारण छिंदवाड़ा को 'कॉर्न सिटी' के नाम से भी जाना जाता है।

तेवर दिखाए

नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शराब घोटाले के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कनाट प्लेस में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करके इस्तीफा मांगा।

शिरडी सीट पर इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई

शिरडी

अमृत विचार। महाराष्ट्र की शिरडी लोकसभा सीट में इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई है। इससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। शिरडी लोकसभा क्षेत्र अहमदनगर जिले में आता है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र अकोले, संगमनेर, शिरडी, कोपरगांव, श्रीरामपुर, नेवासा शामिल हैं। यहां पहला संसदीय चुनाव साल 2009 में हुआ। इस सीट पर शिवसेना का दबदबा है।

वर्तमान में यहां से शिवसेना के सदाशिव लोखंडे सांसद हैं। शिवसेना में बगावत के बाद सदाशिव लोखंडे ने शिंदे गुट के साथ जाने का फैसला किया। शिवसेना में फूट के बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे को समर्थन देने का फैसला किया था। इसलिए उन्हें दोबारा टिकट दिया गया है। वह पिछले दो बार से लगातार शिव सेना के टिकट पर शिरडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में भाऊसाहेब वाकचौरे ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

उन्होंने शिवसेना के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। अब शिवसेना में फूट के बाद यहां चुनाव रोचक हो गया है। शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना 2008 में हुई थी। भाऊसाहेब वाकचौरे ने निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना के बाद पहला चुनाव 2009 में जीता और सदाशिव लोखंडे ने 2014 और 2019 में लगातार जीत हासिल की है। इससे पहले 2004 तक इस निर्वाचन क्षेत्र (कोपरगांव) पर मुख्य रूप से बालासाहेब विखे पटल का दबदबा था। बालासाहेब विखे पाटिल ने लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का 7 बार प्रतिनिधित्व किया। इनमें से 6 बार वह कांग्रेस से और एक बार शिवसेना से लोकसभा चुनाव जीते। इस सीट पर भाजपा को सिर्फ एक बार जीत मिली है। 1996 के चुनाव में भाजपा के भीमराव बडाडे चुने गए।

विस में महायुति और महाविकास अघाड़ी के पास 3-3 सीटें

इस लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा में महायुति के पास तीन सीटें और महाविकास अघाड़ी के पास तीन सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के 2 विधायक, एनसीपी अजित पवार गुट के 2 विधायक, बीजेपी का एक विधायक और ठाकरे समर्थक शंकरराव गडाख नेवासी विधायक हैं।

पश्चिम बंगाल में गरजे मोदी | जलपाईगुड़ी में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और चार सौ पार का नारा दिया

पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की कसम खाई

जलपाईगुड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और भरोसा दिया कि गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं, वे गरीबों को लौटाये जाएंगे। गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा। जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एक तरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रात-दिन कर रहे हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा," हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानंमत्री ने दोहराया, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी ताकतों के साथ खेलने के लिए तीनों एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। यह चुनाव 2024 केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के बारे में है। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने उत्तर 24 परगना में संदेशखाली प्रकरण का भी जिक्र किया जहां तृणमूल नेता कथित तौर पर महिलाओं पर अत्याचार करने में शामिल थे और कहा कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे।

जबलपुर में रोड शो के दौरान जनता का शीश झुकाकर अभिवादन करते पीएम मोदी।

कांग्रेस की हर सरकार में हुआ घोटाला ही घोटाला : राजनाथ

झुंझुनूं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार जब भी रही, कोई न कोई घोटाला जरूर हुआ है। भ्रष्टाचार के कारण ही कांग्रेस के मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने रविवार को झुंझुनूं जिले के पिलानी में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की धरती है। राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, भामाशाह की संपत्ति ही राजस्थान की धरती है। राजस्थान सहित पूरे देश में एक चुनाव होना चाहिए। अलग-अलग चुनाव से समय और पैसे की बर्बादी होती है। हमारी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करती है। पहले देश में कहीं ना कहीं आतंकी घटना होती रहती थी। जम्मू-कश्मीर में हमेशा आतंकी घटना होती रहती थी। लेकिन अब किसी मां के लाल में दम नहीं जो हमारी तरफ आंख उठा कर देख सके। जब जरूरत पड़ी तो सीमा के इस पार और सीमा के उस पार भी मारेंगे। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपये से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाई जाती थी। वर्तमान में हम 21 हजार करोड़ रुपये की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को बेच रहे हैं।

सड़क पर सीएम

बेंगलुरू में नार्थईस्ट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजीव गौड़ा के समर्थन में सड़क पर चुनाव प्रचार करने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया निकले तो जनता ने हाथ हिलाकर जीत का भरोसा जताया।

राजग की भितरघात मिशन-80 की राह में चुनौती

पश्चिम से पूरब तक कहीं रालोद तो कहीं सुभासपा से भाजपाइयों की खटपट की सूचना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: पश्चिमी उप्र. से लेकर पूरब तक लोकसभा सीटों पर राजग में भितरघात और अपसी मनमुटाव से पार पाना मिशन-80 के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। जाटलैंड में रालोद और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों में गुटबाजी और अंतर्कलह हावी दिख रही है तो, पूरब में घोसी विधानसभा के उपचुनाव जैसी कहानी सुभासपा प्रत्याशी के सामने है। हालांकि बड़े नेता इस आपसी मनमुटाव को अपने तरीके से दूर करने में जुटे हैं। इन सबके बीच राजग के सहयोगी दलों की मुस्लिम लीडरशिप खुलकर इंडी गठबंधन की मददगार बनती दिख रही है।

जाटलैंड में हो रहे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की सक्रियता उतनी नहीं देखी जा रही है, जितनी भाजपा नेताओं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में चुनावी रैली के जरिए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा, लेकिन मंच पर जयंत चौधरी नदारद थे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मोदी के साथ सहारनपुर के बाद अपनी रैली बिजनौर और नगीना में की, इन इलाकों में जाटमतों का खासा प्रभाव है, लेकिन रालोद नेता दूर ही रहे। हालांकि तीन दिन पहले मुजफ्फरनगर में गृहमंत्री अमित शाह के साथ जयंत ने मंच साझा किया था।

कैराना: सहयोगी से ही भितरघात का डर- कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा एक कद्दावर नेता समेत कई दावेदार थे, मगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया। ऐसे में नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए भाजपा ने दो मंत्रियों लक्ष्मीनारायण व नरेंद्र कश्यप समेत पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को मैदान में उतारा है। रालोद का असर यहां भी है, 2014 में रालोद-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना को 42706 मत मिले थे। इस चुनाव में भाजपा के हुकुम सिंह ने 565909 मत पाकर जीत दर्ज की थी। 2019 में गठबंधन प्रत्याशी के रूप में तबस्सुम हसन को मैदान में उतारा गया था। लेकिन भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने जीत दर्ज की थी। इसबार वे मजबूत प्रत्याशी है, सहयोगी दल से भितरघात का डर सता रहा है।

बिजनौर व नगीना सीट: गठबंधन संग चलना चुनौती- बिजनौर रालोद के हिस्से में जाने से भाजपा के दावेदार मायूस हैं। ऐसे में रालोद को भाजपा नेताओं को साथ लेकर चलना चुनौती हो गई है। नगीना सुरक्षित सीट भाजपा के हिस्से में है, वहां ज्यादा गुटबाजी नहीं दिख रही है। हालांकि राजग का जीत के लिए एकजुट प्रयास हो, इसके लिए आपस में ही मान-मनौव्वल हो रहा है।

घोसी: माफीनामा से भाजपा का वोट साध रही सुभासपा- मऊ जिले की घोसी संसदीय सीट बसपा के कब्जे से लेने के लिए राजग ने अपने सहयोगी सुभासपा को कमान सौंपी है। यहां पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने अपने पुत्र अरविंद राजभर को छड़ी निशान से मैदान में उतारा है। हाल में यहां विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की पिछली सरकार वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान की सपा से वापसी के बाद भाजपा प्रत्याशी बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ही सपा के सुधाकर सिंह के हाथों हराने में भिरतघात किया। ऐसा दोबारा न हो, इससे बचने के लिए हाल ही में भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने सिर झुकवाकर नीचे बैठाकर अरविंद राजभर से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने माफी मंगवाई।

राजनीति

- **रालोद व सुभासपा के मुस्लिम नेता खुलेआम अपने समर्थकों को दे रहे बगावत और भितरघात का संदेश**
- **घोसी में अंतर्कलह से हार चुकी है भाजपा, इस बार सुभासपा प्रत्याशी से माफी मंगवाकर सहेज रही वोट**

मुजफ्फरनगर: राहत जरुर, मगर भितरघात हावी

पश्चिमी उप्र का मिजाज बताने वाले मुजफ्फरनगर जिले में 2022 के विधानसभा चुनाव में चरथावल, बुढ़ाना, खतौली और सरधना सीट भाजपा हार गई थी। इसबार रालोद के साथ गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राहत में हैं, मगर भितरघात हावी दिख रहा है। पूर्व विधायक संगीत सोम और भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के बीच वजूद की लड़ाई से नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से मामला जरुर संभला है। 2019 में भाजपा से दूसरी बार भी संजीव बालियान सांसद चुने गए थे। सपा, रालोद के गठबंधन के प्रत्याशी अजित सिंह को हार का सामना करना पड़ा। रालोद 2014 में असरदार नहीं थी, रालोद-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस के पंकज अग्रवाल को मात्र 12937 वोट मिले थे। वह चौथे स्थान पर थे।

सहारनपुर: राजपूत समाज की नाराजगी

यहां भाजपा के प्रति राजपूत समाज में नाराजगी है। राजपूत समाज के लोगों का कहना है कि उन्हें भाजपा प्रत्याशी से दिक्कत नहीं है, लेकिन संगठन में अनदेखी के चलते रोष है। इसको लेकर राजपूत समाज ने सात अप्रैल को नानौता में कार्यक्रम रखा है। भाजपा से राघव लखनपाल शर्मा को मैदान में उतारा है। 2014 के चुनाव में रालोद-कांग्रेस से इमरान मसूद को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल ने जीत दर्ज की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन से हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 मत पाकर जीत दर्ज की थी।

बागपत: आपसी खींचतान से रालोद परेशान

दो बार से भाजपा के कब्जे में रही इस सीट पर रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान मैदान में हैं। इससे स्थानीय भाजपा नेताओं की नाराजगी देखी जा रही है। रालोद को भाजपा से भितरघात का डर तो सता ही रहा है, उसके कई अपने कद्दावर नेता भी टिकट न मिलने से नाराज हैं। 2014 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह, कांग्रेस-रालोद से अजित सिंह मैदान में उतरे थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 423475 वोट लेकर जीत गए थे। अजित सिंह 199516 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह और सपा-बसपा-रालोद से जयंत सिंह चुनाव लड़े थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 525789 वोट लेकर जीत गए और जयंत सिंह 502287 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे।

चुनाव प्रचार में साइकिल व बैलगाड़ी ही थी शान की सवारी

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज गोंडा

अमृत विचार: नगर के लगभग 82 वर्षीय बुजुर्ग कृष्ण गोपाल वैश्य बताते हैं कि 1966 व 72 के दौर में पार्टियां ऐसे लोगों को प्रत्याशी बनाती थीं, जो शिक्षित, सामाजिक और जन सरोकार से ताल्लुक रखता था। तब प्रचार-प्रसार पैदल साइकिल एवं बैलगाड़ी से होता था। आवागमन का रास्ता नहीं होने के कारण प्रत्याशी गांव के चौपाल में बैठकर मुखिया और गांव के सम्मानित लोगों को बुलाकर बात कर लिया करते थे। उस समय के कार्यकर्ता घर से सत्तू, चूड़ा, मूली, नमक एवं गुड़ को पोटली में बांधकर प्रचार के दौरान अपने साथ रखते थे। उस समय बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, कट आउट का प्रचलन नहीं के बराबर था। चुनाव के दौर में तामझाम बिल्कुल ही नहीं था। कृष्ण गोपाल वैश्य कहते हैं कि 1966 से लेकर अब तक सभी लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में अपना मतदान सभी कामकाज छोड़कर दिया। लेकिन अब उम्र का तकाजा व अस्वस्थ होने के चलते दिक्कत आ रही है। उस वक्त के लोकसभा चुनाव में यही कोई कुल एक लाख रुपए से भी कम खर्च होते थे। वर्तमान समय के चुनावी क्रम पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि उस वक्त व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप नहीं चलता था। नेता और प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ता काफी शालीन स्वभाव के थे। पार्टी की नीति को लेकर नेता एवं कार्यकर्ता आम जनता के बीच में जाते थे।

कृष्ण गोपाल वैश्य

आज राजनीति में गिरावट क्षोभ का विषय है। शब्द बाण मर्यादित और शालीन रहती थी। लेकिन अब भाषा मर्यादा वाला नहीं रह गया। पहले के नेता निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते थे। लेकिन वर्तमान में सभी नेता स्वार्थी हो गए हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि पहले यहां से दिवाकर दत्त तिवारी जो मूल रूप से किसान थे और परवल की खेती करते थे। इसलिए वे परवल तिवारी के नाम से प्रसिद्ध भी थे। जनसंघ पार्टी से चुनाव लड़े थे। यह आपातकाल के समय के आसपास की बात है। तब नगर के हंसराज जैन, पंडित बंशीधर, केशव प्रसाद व गणेश प्रसाद तिवारी आदि मिलकर साईकिल से रामकुशल सिंह व राम नरेश सिंह के यहां जाकर चुनावी रणनीति बनाया करते थे। चुनाव से लेकर मतगणना तक सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से लगे रहते थे।

बाहुबल और बॉलीवुड के आकर्षण से दूर होता चुनाव

कभी जनसभाओं में भीड़ जुटाने को बुलाए जाते थे फिल्मी सितारे | अब गिनती के सिने सितारे प्रत्याशी तो हैं, लेकिन प्रचारकों की सूची में नहीं

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश का लोकसभा चुनाव इस बार बाहुबलियों और बॉलीवुड की हस्तियों दोनों की ही चमक-धमक से दूर है। बीते चुनावों में राजनीतिक दलों ने इन दोनों के जन-आकर्षण को जमकर भुनाया। मुख्तार हों, अतीक हों या उन जैसे अपराध के दलदल से उबरकर राजनीति के पटल पर आकर धमक दिखाने वाले अन्य। फिलहाल इनके राजनीतिक दबदबे की सुगबुगाहट तक नहीं। वहीं, फिल्मी हस्तियों के चेहरे भी पहले की तरह न प्रचार में नजर आने वाले और न ही चुनावी लड़ाई लड़ने में। ऐसे चेहरे भी हैं तो, उंगलियों में गिनती के।

केवल फिल्मी सितारों की ही बात की जाए तो राजनीति से फिल्म जगत के सितारों का नाता पुराना रहा है। दरअसल, ऐसे सितारों का प्रयोग राजनीतिज्ञ चुनावी जनसभाओं में भीड़ जुटाने के लिए आते रहे हैं। इस बार मामला उल्टा है। सिनेमाई सितारे कम और लंबा राजनीतिक कॅरियर रखने वाले ज्यादा हैं। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की सूची देखें तो पाते हैं उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर से सिने तारिका हेमा मालिनी जबकि सपा की ओर से जया भादुड़ी ही चुनावी जनसभाओं में अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के साथ खड़ी दिखेंगी। इन दोनों का राजनीतिक कॅरियर लगभग दो दशक से भी ज्यादा का है, इसीलिए संभवतः स्टार प्रचारकों की सूची में भी शामिल हुईं।

राजनीतिक दलों में सत्तासीन दल भाजपा पर मंथन करें तो पहले चरण के चुनाव में वोटर्स को आकर्षित करने के लिए रविकिशन, मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' जैसे भोजपुरी सितारों को आगे नहीं किया है। वैसे तो उप्र. की मेरठ सीट से रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल और हिमाचल की मंडी सीट से सिने तारिका कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया।लेकिन पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के लिए प्रचार अभियान वाली सूची में नाम दर्ज नहीं किया है।

वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा की स्थिति देखें यहां पार्टी का कर्ताधर्ता यादव कुनबा ही स्टार प्रचारक है। उप्र. के सबसे बडेस इस राजनीतिक यादव कुनबे से चार सदस्यों अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, डिम्पल यादव और प्रो. रामगोपाल यादव सभी आने वाले दिनों में सभी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते दिखेंगे। सपा के साथी दल कांग्रेस की भी स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य शामिल हैं।

बीते चुनावों के पन्ने पलटें तो एक समय ऐसा भी था जबकि, सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह ने राजनीति को फिल्मी सितारों से हराभरा कर दिया था। जयाप्रदा को सांसद बनवाया। उस वक्त प्रचार में अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसी बॉलीवुड हस्तियों को पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में उतरवा दिया। यानि एक दौर था जब चुनावी प्रचार में अमिताभ बच्चन से लेकर नये कलाकारों में सोनाक्षी सिन्हा तक नजर आयीं। फिलहाल इस बार ऐसा कुछ नहीं।

उस वक्त बॉडीवुड से चुनाव में किस्मत आजमाने वाले राजबब्बर, जयाप्रदा, हेमा मालिनी के लिए गोविंदा, चंकी पांडेय, नगमा, अमीषा पटेल, शमिता शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, शिल्पा शेट्टी जैसे तमाम सिने कलाकारों ने उत्तर प्रदेश चुनावी वातावरण को चकाचौंध किया था।

जीत कर भी राजनीति की मंशा पूरी न कर सके

तमाम फिल्मी सितारों ने भले ही चुनाव जीता हो लेकिन वे राजनीति की जमीन पर उतर कर जनआकांक्षाओं पर सफल नहीं रहे। इस बार भी 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के प्रवेश और गोविंदा की वापसी चर्चा में है। सच पूछा जाए तो इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने का आत्मिक लक्ष्य लेकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब इन सितारों से संबधित क्षेत्र की जनता को उनके कार्य से संतुष्ट हुई हो। ऐसे में अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र इसका बड़ा उदाहरण रहे। दोनों का ही राजनीति से मोहभंग ही हो गया।

नवाबों के शहर से भी सफल नहीं हुए सितारे

नवाबों के शहर लखनऊ से भी तमाम फिल्मी सितारों ने राजनीति की दुनिया में कदम रखने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। सबसे पहले 1996 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने राजबब्बर को चुनाव में उतारा था। लेकिन, उस वक्त भाजपा के प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी के आगे वे टिक नहीं सके। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिल्मकार मुजफ्फर अली को मैदान में उतारा, लेकिन उन्हें भी अटल बिहारी के सामने हार का सामना करना पड़ा।

2009 में सपा ने भाजपा नेता लालजी टंडन के खिलाफ अभिनेत्री नफीसा अली को उतारा, लेकिन वह चौथे नंबर पर रहीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन लखनऊ की जनता ने उन्हें भी नहीं स्वीकारा।



अमिताभ बच्चन

अमीषा पटेल



राज बब्बर

आईना : सीतापुर लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
राजेश वर्मा, विजेता	5,14,528
नकुल दुबे, उपविजेता	4,13,695

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	राजेश वर्मा	4,17,546
बसपा	कैसर जहां	3,66,519
सपा	भरत त्रिपाठी	1,56,170

सीतापुर के क्षेत्र

निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	सदस्य	दल
1952, 1957	उमा नेहरू, परागी लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	सूरज लाल वर्मा	जनसंघ
1967	शारदा नन्द	जनसंघ
1971	जगदीश चंद्र दीक्षित	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	हर गोविंद वर्मा	जनता पार्टी
1980,84 व 89	राजेंद्र कुमारी बाजपेयी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	जनार्दन प्रसाद मिश्र	भारतीय जनता पार्टी
1996	मुख्तार अनीस	समाजवादी पार्टी
1998	जनार्दन प्रसाद मिश्र	भारतीय जनता पार्टी
1999, 2004	राजेश वर्मा	बहुजन समाज पार्टी
2009	कैसर जहाँ	बहुजन समाज पार्टी

2019 8,873 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

2014 12,682 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

2009 चुनाव के आंकड़े



आधी हिस्सेदारी का दावा फिर भी नहीं मिल रही उम्मीदवार

महिला प्रत्याशी उतारने में अबतक सपा आगे, भाजपा पीछे व कांग्रेस व बसपा में मात्र एक- एक प्रत्याशी

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: इस लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्य राजनीतिक पार्टी कांग्रेस और बसपा को महिला उम्मीदवार मिल नहीं रहे या फिर उन्हें राजनीति में सक्रिय किसी महिला में योग्यता नजर नहीं आ रही? हालांकि प्रदेश में सपा से गठबंधन कर लड़ रही कांग्रेस ने हिस्से की 17 सीटों में से, अब तक घोषित 14 उम्मीदवारों में मात्र एक महिला को (गाजियाबाद सीट) मौका दिया है। वहीं बसपा ने भी घोषित तीन दर्जन उम्मीदवारों में एक मात्र लालगंज की सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंदु चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा खुद को चुनाव से अलग कर लेने के बाद प्रियंका गांधी के भी चुनाव लड़ने पर संशय बना है, अगर प्रियंका ने रायबरेली से नामांकन नहीं किया तो गाजियाबाद सीट से कांग्रेस की एकमात्र महिला प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ चुनाव में होगी। कांग्रेस के पास सीटें भले कम हों लेकिन पार्टी के घोषणापत्र में अगर तमाम सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का दावा है तो इसकी तस्वीर भी घोषित उम्मीदवारों में दिखनी चाहिए।

उप्र. के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने है। भाजपा ने अब तक आधा दर्जन महिला प्रत्याशी समेत 62 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। दूसरी तरफ सपा ने अपने हिस्से में आई 62 सीटों में से आठ सीट पर महिला प्रत्याशियों को उतारा है। यह संख्या यहां अन्य किसी भी दल से ज्यादा है। सपा की घोषित महिला उम्मीदवारों पर नजर डालें तो मेरठ की सीट पर दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद सुनीता वर्मा को, मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को और मुरादाबाद सीट पर एसटी हसन के स्थान पर रूचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने गोरखपुर से काजल निषाद, गोंडा से श्रेया वर्मा, उन्नाव से अन्नू टंडन, हरदोई से उषा वर्मा और कैराना से इकरा हसन को उम्मीदवार बनाया है। साथ ही जौनपुर सीट पर बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी को भी उतारने की चर्चा है। वहीं, भाजपा ने अमेठी से स्मृति ईरानी, धौरहरा से रेखा वर्मा, मथुरा से हेमा मालिनी, सुलतानपुर से मेनका गांधी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और लालगंज सीट से नीलम सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही घटकदल से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी एनडीए से चुनाव लड़ रहीं है। साथ ही मुलायम परिवार की बहु अपर्णा यादव को भी भाजपा द्वारा टिकट दिये जाने की चर्चाएं चल रही है।

▸▸ प्रियंका नहीं उतरीं तो कांग्रेस को दूसरी महिला प्रत्याशी मिलना मुश्किल

चुनाव गतिविधियां

- **दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित :** भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रचार के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित किया है। राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल पर लगभग 10 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 241 मिनट, कांग्रेस को 148 मिनट, माकपा को 54 मिनट, आप को 47 मिनट, एनपीपी को 45 मिनट और बसपा को 64 मिनट का समय मिलेगा। इसी तरह, राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों पर कुल 15 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 362 मिनट, कांग्रेस को 222 मिनट, माकपा को 81 मिनट, आप को 71 मिनट, एनपीपी को 68 मिनट और बसपा को 96 मिनट का समय मिलेगा। समाजवादी पार्टी को 53 मिनट और अपना दल (सोनेलाल) को 27 मिनट का समय मिलेगा।

प्रदेश की 12 लोस सीटों को लेकर भाजपा में असमंजस, मुख्तार की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करना चुनौती

पत्नी के पक्ष-विपक्ष में जोर आजमाइश तो कहीं समीकरण बैठाने में देरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में चुनाव प्रचार और तैयारी में विरोधियों से काफी आगे निकल रही भाजपा में अभी भी 12 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी को लेकर असमंजस बरकरार है।

कैसरगंज में पत्नी और बेटे को टिकट देने का विरोध करते हुए बृजभूषण खुद लड़ने पर अड़े हुए हैं तो इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उधर, माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करने वाला चेहरा तय करना भी चुनौती बन गया है।

भाजपा ने अभी तक प्रदेश की 63 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इसमें पांच सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी गई है। जबकि बची हुई 12 सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा करने को लेकर असमंजस का दौर दूर नहीं हो पा रहा है। इन सीटों में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली सीट भी है, जहां भाजपा के लिए वर्ष 1999 से कोई जीत का स्वाद नहीं चख सका है।

भाजपा यहां इंतजार करती दिख रही है कि कांग्रेस के पत्ते कब खुलेंगे। प्रियंका गांधी खुद अपनी मां सोनिया गांधी की विरासत संभालेगी या उनके पति रॉबर्ट वाड्रा। दोनों का नाम चर्चा में है। फिलहाल रायबरेली सीट पर सोनिया गांधी का उत्तराधिकारी कौन होगा? इसे लेकर कांग्रेस सस्पेंस बनाए हुए है।

भाजपा की रायबरेली जैसी ही हालत मैनपुरी सीट को लेकर है। यहां भाजपा कभी जीत नहीं सकी है। मिशन-80 की तैयारियों में जुटी भाजपा इस बार सपा को उसके गढ़ में घेरना चाहती है। मैनपुरी से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। इनके सामने कौन मोर्चा संभालेगा? भाजपा में इस पर मंथन जारी है। हालांकि मैनपुरी में शाक्य मतदाताओं की बड़ी तादाद को देखते हुए इसी बिरादरी के पार्टी के एक बड़े नेता को चुनाव लड़ाए जाने की चर्चाएं तेज है। भाजपा सरकार के एक मंत्री पहले की लड़ने से इंकार कर चुके हैं। चुनावी जंग के लिए पार्टी किसे सूरमा बनाती है, इसका विपक्ष को भी इंतजार है। पड़ोस की फिरोजाबाद सीट के लिए भी दमदार प्रत्याशी की तलाश हो रही है।

कैसरगंज सीट को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति है। यहां के वर्तमान सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहे बृजभूषण शरण सिंह का महिला पहलवानों से विवाद के बाद उनके बेटे या पत्नी को टिकट देने की चर्चाएं थी, लेकिन बृजभूषण खुद चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। ऐसे में देखना होगा कि ऊंट किस करवट बैठेगा।

कौशांबी, इलाहाबाद और फूलपुर को लेकर पेच फंसा

कौशांबी, इलाहाबाद और फूलपुर सीटों के प्रत्याशियों को लेकर भी पेच फंसा हुआ है। इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं लेकिन पार्टी के ही एक बड़े नेता इसका विरोध कर रहे हैं। गाजीपुर सीट भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में हार गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर में परिस्थितियां तेजी से बदली हैं और यहां का राजनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। ध्रुवीकरण की संभावना के दृष्टिगत भाजपा यहां अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रही है। यहां बलिया में क्षेत्र के पूर्व सांसद नीरज शेखर समेत कुछ और नामों पर पार्टी विचार कर रही है।

सार-संक्षेप

सुलतानपुर में भाजपा नेता की करंट लगने से मौत

सुलतानपुर, एजेंसी : भाजपा के पिछड़ा मोर्चा के सुलतानपुर जिला मंत्री की रविवार को करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। जिले के कादीपुर कोतवाली के अंतर्गत ग्राम सभा कोटिया निवासी रामचंद्र यादव (50 वर्ष) पुत्र राम नायक यादव के घर में छत पर निर्माण कार्य चल रहा है। उसी को लेकर वे अपने मकान की दीवार को तरी कर रहे थे तभी करंट दीवार पर उतर गया और वह उसकी चपेट गए। लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह भाजपा मंडल कादीपुर के मंडल मंत्री और सुल्तानपुर पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री थे।

12वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

सहारनपुर,एजेंसी : जिले के नकुड़ क्षेत्र में 12वीं कक्षा के एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने रविवार को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के सहसपुर जट गांव के निवासी किसान जोगिन्दर सिंह के बेटे और 12वीं के छात्र आदित्य (19) को शनिवार रात दो युवक उसके घर से बुलाकर मोटरसाइकिल से अपने साथ ले गए थे, वह जब देर रात तक नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे फोन किया लेकिन उसका फोन बंद था। जैन ने बताया कि छात्र के परिजन ने बहुत कोशिश की लेकिन आदित्य का कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह उसका शव एक खेत के पास पाया गया, खेतों में जा रहे कुछ किसानों ने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी।

मेडिकल कॉलेजों को 61 करोड़ रुपये जारी

लखनऊ, अमृत विचार : हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की योजनाअंतर्गत पहले चरण के पांच व दूसरे चरण के आठ मेडिकल कॉलेजों को गैर वेतन मद में 61 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं। इस बजट में जौनपुर मेडिकल कॉलेज को भी तीन करोड़ भी शामिल है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी ने फिरोजाबादा, बस्ती, अयोध्या, बहराइच, शाहजहांपुर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर,मीरजापुर और जौनपुर के प्रधानाचार्यो को बजट भेजा गया है। नए वित्तीय वर्ष में हर मेडिकल कॉलेज के प्रस्तावित बजट में सभी को तीन से पांच करोड़ तक दिए गए।

अलीगढ़ में दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

अलीगढ़,एजेंसी : जिले के जवां थाना क्षेत्र में 16 साल की दिव्यांग नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के मुताबिक यह घटना 25 मार्च की है। परिवार को इस घटना के बारे में तब पता चला जब घटना के कुछ दिनों बाद घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। पिता ने इस मामले में दो आरोपियों रामू और राहुल को नामजद किया है।

सुबह पांच बजे घर पहुंची थी एनआईए की टीम

लखनऊ, अमृत विचार : बलिया के खेजुरी थाना क्षेत्र में हथौज गांव में पहुंची एनआईए टीम दवारा छापा मारने के दूसरे दिन विनोद राम के घर पर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान विनोद राम ने बताया कि टीम सुबह पांच बजे आई थी। उन्होंने घर वालों और बच्चों से भी पूछताछ की थी। उन्होंने सर्च वारंट दिखाकर छानबीन की थी। कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराते हुए पूछा कि कभी मुंबई गए हो। इस मैने जवाब दिया कि कभी नहीं गया हूं। उन्होंने अटैचियां, आलमारियां खोलकर देखी और एक कागज थमाते हुए कहा कि 19 अप्रैल को लखनऊ के इस पते पर आना है। वहीं पर बताएंगे कि क्या-क्या आरोप हैं और किसने तुम्हारे खिलाफ शिकायत की है। गौरतलब हो कि एनआईए ने बलिया में पहुंचकर कई लोगों के घरों पर छापा मारा था। एनआईए को बलिया में नक्सली संगठन के कुछ सदस्यों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी।

रामजन्मभूमि के लॉकर से 14 मोबाइल और नकदी गायब

आंध्र के श्रद्धालुओं ने दो बैग में रखकर किया था सामान जमा

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार: रामजन्मभूमि मंदिर स्थित लॉकर से पहली बार मोबाइल और नकदी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। आंध्र प्रदेश निवासी श्रद्धालु की प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से गुहार के बाद रामजन्मभूमि थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आंध्र प्रदेश के 140 श्रद्धालुओं का एक दल मार्च माह के अंतिम सप्ताह में धार्मिक पर्यटन के लिए निकला था। विशाखापत्तनम के दुर्गानगर अरिलोवा कॉलोनी निवासी के गनेश्वरी का कहना है कि वह लोग 31 मार्च को अयोध्या पहुंचे। दूसरी पहर रामलला के दर्शन करने के लिए राममंदिर गए थे। दल में शमिल श्रद्धालुओं का 14 मोबाइल और एक-दो हजार रुपये दो बैग में रखकर साढ़े चार बजे रामजन्मभूमि के लॉकर नंबर 12 में जमा किए थे। रामलला के दर्शन करने के बाद सभी लौटे और अपना गुलाबी व बिस्कुट रंग का बैग लेने पहुंचे तो सारा सामान गायब और लॉकर खाली मिला। सीसीटीवी फुटेज खंगलवाया तो एक शख्स लॉकर नंबर 12 से उनके दोनों बैग निकालकर जाते दिखा। पीड़ित का कहना है कि दोनों बैग में कुल 11 स्मार्टफोन व तीन कीपैड फोन थे।

- प्रदेश सरकार और ट्रस्ट से गुहार के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

टाल मटोल करती रही पुलिस

पीड़ित का कहना है कि शहर और इसकी भौगोलिक स्थिति से अपरिचित होने के चलते हम लोग थाने नहीं जा सके और उसी दिन वारणसी लौट गए। वाराणसी में स्थानीय पुलिस को शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की बात कहकर वापस भेज दिया। विशाखापत्तनम वापसी की ट्रेन होने के चलते वह लोग वापस चले गए तथा वहां पहुंचकर यूपीकॉप पर चोरी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। उत्तर प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से कार्रवाई कराने की गुहार की। उनका यह भी आरोप है कि संबंधित अधिकारियों को फोन किया लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

विधायक निधि से भी वंचित हुए विधायक इरफान सोलंकी

लखनऊ, अमृत विचार: जेल में बंद कानपुर से सीसामऊ विधायक अपनी विधायक निधि से भी वंचित हो गए हैं। नए कार्यकाल का एक भी पैसा नहीं जारी हो सका है। विधायक की पत्नी ने आग्रह करके फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंचाई थी, लेकिन वहां भी विचार नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि अब तक करीब पांच करोड़ रुपए की राशि मिलनी थी। विधायक की पत्नी का आरोप है कि क्षेत्र से विकास कार्यों के लिए तमाम अनुरोध आ रहे हैं, लेकिन शासन राशि नहीं जारी कर रहा है।

गौरतलब हो कि सीसामऊ विधायक इरफान सोलंकी विभिन्न आरोपों में विगत 16 महीने से जेल में बंद हैं। इस दौरान विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी एवं विधायक प्रतिनिधि ने विधायक निधि की धनराशि जारी कराने के लिए पैरोकारी शुरू की।

राहुल गांधी 26 के बाद अमेठी से कर सकते हैं नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के मतदान के बाद अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। बताया जा रहा है इसी रणनीति के तहत कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से टिकट घोषित नहीं किया है। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को मिली 17 सीटों में से अब तक 14 प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है, जबकि अमेठी रायबरेली व प्रयागराज सीटों पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे थे। पर वह केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे।

अमेठी सीट पर 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होना है। 27 अप्रैल से यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस वायनाड क्षेत्र के मतदाताओं को यह संदेश नहीं देना चाह रही है कि राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे और जीत पर वायनाड सीट छोड़ देंगे।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार 26 अप्रैल के बाद वायनाड सीट पर मतदान होने के बाद अमेठी सीट पर प्रत्याशी घोषित किए जाने की संभावना है जिसमें राहुल गांधी का प्रत्याशी बनना तय है।

दूसरे चरण में कांग्रेस के स्टार प्रचारक

दूसरे चरण की 8 सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारक उतरेंगे। तीन प्रचारकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, प्रियंका, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आराधना मिश्रा 'मोना', सलमान खुर्शीद, सुखविंदर सिंह सुख्खू, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया आदि नेता शामिल हैं।

कानपुर देहात में आग से दो बच्चे जिंदा जले, मां और बेटा गंभीर

संवाददाता, मंगलपुर (कानपुर देहात)

- भूठादेव गांव में हादसा, आग से बच्चों को निकालने में झुलसी मां

अमृत विचार : मंगलपुर क्षेत्र के भूठादेव गांव में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई, जिससे कमरे में सो रही महिला और उसके तीन बच्चे झुलस गए। ग्रामीण सभी को निकालकर झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने दो बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां-बेटे को कानपुर के हैलट रेफर किया गया है।

सिकहला ग्राम पंचायत के मजरे भूठादेव गांव के सोनू नायक के रविवार सुबह काम पर जाने के बाद उसकी पत्नी रीना, पुत्र गौरव, पुत्री गौरी (5) और अदिती (3) दोपहर में खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दौरान घर में आग लग गई, जिससे महिला और तीनों बच्चे फंस गए। रीना ने बेटे गौरव को आग से निकाला और शोर मचाया। बेटियों को निकालने के लिए रीना घर में घुसी। ग्रामीण चारों को झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने गौरी को मृत घोषित कर दिया। अदिती की मौत जिला अस्पताल में हो गई।

हिंदू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य परंपरा नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हिंदू विवाह अधिनियम के हवाले से हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है को हिन्दू विवाह को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याची की ओर से वैवाहिक विवाद के सम्बंध में चल रहे आपराधिक मामले में एक गवाह को पुनः समन की जाने की प्रार्थना की गई थी। विचारण अदालत ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली।

याची की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर न्यायालय ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 का उल्लेख किया जिसके तहत हिंदू विवाह के लिए सप्तपदी को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त प्रावधान को देखते हुए, कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह प्रश्न प्रासंगिक ही नहीं है, लिहाजा गवाहों को पुनः समन की कोई आवश्यकता नहीं है।

बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

बाराबंकी। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। स्टेशन अधीक्षक पीयूष कुमार वर्मा ने बताया कि यात्रियों के शोर मचाने पर स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई। कई थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड, सेना का बम डिस्पोजल दस्ता, जीआरपी, आरपीएफ और डॉग स्क्वायड की टीम ने ट्रेन की सभी बोगियों की तलाशी ली।

शोक प्रकट करने मुख्तार के फाटक पहुंचे अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को गाजीपुर स्थित स्व. मुख्तार अंसारी आवास फाटक पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। यहां अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के भाई गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी, बेटे उमर अंसारी, उनके भतीजे शोएब अंसारी और अन्य परिजनों से मुलाकात की। मुख्तार की बहू और अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी से भी बात की है।

मुख्तार के आवास पर परिजनों से मुलाकात करते अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

- सपा प्रमुख ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से मुख्तार की मौत मामले की जांच कराई जाए

इस दौरान सपा प्रमुख ने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की। हालांकि फाटक तक जाकर भी मुख्तार की कब्र तक उनका न जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना।

केशव और अखिलेश में जुबानी जंग

लखनऊ: आजमगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अखिलेश यादव के मुख्तार के घर जाने पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सपा की बीमारी है भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ है। बोले, जहां सपा जाएगी वहां भाजपा जीतेगी। वहीं, अखिलेश ने गाजीपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सवाल किया, केशव मौर्य से बड़ा गुंडा कौन है? अचानक सपा प्रमुख ने मुख्तार के परिवार से मुलाकात करने का फैसला लिया।

वर्ग पहेली-33

बाएं से दाएं

3. वह खड़ाऊं जिसमें पैर फंसाने के लिए खूंटी की जगह रस्सी लगी रहती है, पौला।
4. मनमानी करने वाला, स्वेच्छाचारी।
5. 1. गुहा, कोटर 2. पेड़ का खोखला भाग 3. खोखला दांत।
7. 1. किसी स्थान या देश के क्षेत्र की सीमा 2. मर्यादा 3. पराकाष्ठा 2. इस्लामी शरीअत (कानून) के अनुरूप दिया हुआ दंड। (मु.)-कर देना या करना : असह्य बना देना। -बांधना : सीमा निश्चित करना।
8. नाम और पता।

ऊपर से नीचे

1. 1. दुखी होना 2. दुखड़ा रोना 3. मानसिक कष्ट या चिंता आदि से व्यथित होकर बड़बड़ाना, कुढ़ना 4. खीजना 5. झींकना 6. शिकायत करना।
2. 1. निरीक्षण करना 2. परीक्षण करना, जांचना।
4. 1. ओट, परदा 2. पीछे 3. बहाना 4. बचाव 5. आश्रय 6. रोक 7. टेक 8. माथे का टीका, आड़ा तिलक।
5. तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।
6. काल, समय, ऋतु।



वर्ग पहेली -32 का हल

1 चौ	ल	■	2 ओ	■	3 पौ	■
■	■	4 घ	न	घो	र	■
■	5 म	■	च	■	■	6 नौ
7 घ	न	घ	ना	8 ना	■	त
■	मा	■	■	9 क	सू	र
■	फ़ि	■	■	■	■	णी
10 ब	क	ल	स	■	■	य

सुडोकू-112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7	8						9
	1			6				4
9				8				
	4						6	
		1				4		
	9			5			1	
1				9		3		7
7				4	8		2	
						5		

सुडोकू -111 का हल

8	3	9	1	7	6	4	2	5
7	5	4	9	2	8	1	3	6
2	1	6	4	5	3	7	9	8
6	2	1	3	4	7	5	8	9
4	8	5	6	9	1	3	7	2
3	9	7	2	8	5	6	4	1
9	7	2	5	6	4	8	1	3
5	4	3	8	1	2	9	6	7
1	6	8	7	3	9	2	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि- अमावस्या 23 .50 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 10 .12 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज विवाह की प्रतीक्षा में है तो मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालांकि आपकी मां को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहने वाली है।

वृष — आज के दिन किसी प्रकार के भारी वजन को उठाने से बचें,क्योंकि इससे आपकी मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए जितना हो सके इस बात का ध्यान रखें अन्यथा समस्या बड़ी हो सकती है।

मिथुन — आज ऑफिस में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे। कुछ नए प्रोजेक्ट्स हाथ में आ सकते हैं,जो भविष्य की दृष्टि से लाभदायक होंगे। घर में दूर के रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

कर्क — आज घर के किसी काम से बाहर जाना होगा,जो आपके करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ अनकहे पल सांझा होंगे और प्रेम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर सकते हैं।

सिंह — आज पहले से ही किसी खेल में प्रवीण हैं तो उसमें सफलता मिलेगी और पिता के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोच रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

कन्या — आज यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ कुछ नए पलों का अनुभव करने को मिलेगा। यह अनुभव आप दोनों के जीवन में एक मीठी याद बनकर रहेगा। रिश्ता ढूंढ रहे लोगों को अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

तुला — आज यदि पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है तो डॉक्टर से एक बार चेकअप जरुर करवा लें अन्यथा बाद में समस्या हो सकती है। पेट से संबंधित छोटी-मोटी समस्या होगी,लेकिन वह जल्द ही ठीक भी हो जाएगी।

वृश्चिक — आज यदि आपके विवाह को कुछ ही समय हुआ है तो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी कुंडली पर चन्द्रमा की स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण आपकी पत्नी या मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

धनु — आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। यदि आप कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं तो उसे करने की शक्ति आएगी और डर खत्म होगा। आपकी प्रबंधन क्षमता और कुशलता की प्रशंसा होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत आपके परिवार के लिए अच्छी रहेगी और सभी एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का भी प्लान बन सकता है। संतान के करियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा।

कुंभ — आज कॉलेज के छात्र खेलकूद में रुचि लेंगे और उसमें अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। ग्राहकों का व्यापारियों पर विश्वास बना रहेगा और वे आपसे प्रसन्न दिखाई देंगे। भाई-बहनों से आपके काफी मदद मिल सकती है जिसके कारण आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

मीन — आज आपकी अपने बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी होगी और आप उन पर क्रोध भी करेंगे। ऐसे में संयम से काम लेंगे और उन्हें भी समझने का प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — सुबह : 10 .58
- लाइफ की ऐसी की तैसी — शाम : 06 .22

&pictures
- राउडी रक्षक — सुबह : 10 .16
- वीरा द पावर — शाम : 04 .44

SONY PIX
- स्पाइडर मैन — सुबह : 11 .21
- रैमपेज — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- धमाल — सुबह : 11 .40
- दिल मांगे मोर — रात : 07 .55

colors CINEPLEX
- द वारियर — दोपहर : 01 .16
- विजय राघवन — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने गुस्से में पति से कहा- मैं तंग आ गई हूं रोज की किच-किच से मुझे तलाक चाहिए।
पति- ये लो चॉकलेट खाओ।
पत्नी (रोमांटिक होते हुए)-मना रहें हो मुझे!
पति-नहीं रे पगली, मां कहती है,अच्छा काम करने से पहले,मीठा खाना चाहिए।

एलकेजी के बच्चे के पेपर में जीरो आया।
गुस्से से पिता- यह क्या है?
बच्चा-पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे, इसलिए उसने मून दे दिया।

एक नजर

महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिला नक्सली समेत तीन गिरफ्तार

गडचिरोली। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल दो महिला नक्सली और एक जन-मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ये गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव से पहले हुई हैं। गढ़चिरोली, विदर्भ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जहां चुनाव के शुरूआती दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10 सीटों पर मतदान होना है। गढ़चिरोली के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, दो महिला नक्सली काजल उर्फ सिंधु गावड़े (28) और गीता उर्फ सुकली कोरचा (31) जिले में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

हैदराबाद में अचानक बंदूक चलने से एक पुलिसकर्मी की मौत

हैदराबाद। हैदराबाद में रविवार को 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अचानक गोली चल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पुलिसकर्मी हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। मृतक पुलिसकर्मी नगरकुरनूल जिले का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि जब वह अपने बगल में एसएलआर बंदूकों को लेकर सो रहा था, तभी अचानक गोलियां उसके गले में धंस गई। जहां उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच चल रही है।

करोड़ों नौकरियां देने की गारंटी युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह: खरगे

बोले- भाजपा ने थोपी बेरोजगारी, 30 प्रतिशत आईआईटी वाले छात्र दर-दर भटक रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में



सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है।

खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के प्रमुख संस्थानों -आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, 2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!

उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता: प्रियंका

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चुनाव

होने से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल सरकार पर विश्वास जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पार्टी का समर्थन करेंगे और प्रदेश में सच्चाई की ही जीत होगी। कांग्रेस महासचिव ने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके सत्ता में आना चाहती है। ऐसा करना लोकतंत्र नष्ट करने के सामान है। वहीं कांग्रेस का संकल्प सच्चाई, साहस और धैर्य के साथ लोगों के लिए अथक प्रयास करने का है। प्रियंका गांधी ने एक्स लिखा है कि, 'मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनता हमारा समर्थन करेगी और सच्चाई की जीत होगी। बता दें हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा चार लोकसभा सीटें हैं। 2019 में भाजपा ने चारों सीटें जीतकर अपने नाम की थी। लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मौजूदा सांसद राम स्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद 2021 में आवश्यक उपचुनाव में मंडी को भाजपा से छीन लिया। कांग्रेस के मुताबिक प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अफसर 22 भाषाओं में गांव-गांव देंगे कानून की जानकारी

नई दिल्ली। ग्रामीण आबादी आज भी कानूनी अधिकारों और समझ से अछूती है। इसे कानूनी समझदार बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके पहले चरण में 2.50 लाख ग्राम पंचायतों में हर घर तक कानूनी सलाह, मदद और साक्षरता पहुंचाई जाएगी।

कानून के जानकार 22 भाषाओं में ग्रामीणों को अगले एक साल तक न्याय उपलब्ध कराएंगे। विधिक एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पूर्व की सरकारों में निःशुल्क कानूनी सलाह एवं मदद के लिए टेली लॉ एवं अन्य योजनाएं शुरू हुई थीं, लेकिन उनसे ग्रामीण आबादी सक्षम नहीं हो पाई, इसलिए केंद्र सरकार सबको न्याय और हर घर न्याय के नाम से नया प्रोजेक्ट लाई है। देश में 460 न्याय सहायक नियुक्त, इनमें कई वकील इस प्रोजेक्ट के लिए मंत्रालय ने 460 न्याय सहायक नियुक्त किए हैं। ये सभी वकील हैं और इन्हें विशेष यूनिक आईडी दी गई है। इन्हें मानदेय भी मिलेगा। ये लोग हर ग्राम पंचायत में जाकर लोगों की कानूनी मदद करेंगे।

पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं, तो पीछे हट जाएं राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत किशोर ने कहा- किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दें

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं।

किशोर ने कहा, मेरे अनुसार यह भी अलोकतांत्रिक है। किशोर ने कहा, जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए।" अपने पति राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को कार्यभार संभालने के सोनिया गांधी के फैसले को याद करते हुए उन्होंने कहा, आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने

कहा, दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।

किशोर ने कहा, राहुल गांधी को ऐसा लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं। अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। उनका मानना है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे क्रियान्वित कर सके। यह संभव नहीं है। 2019 के चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के गांधी के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वायनाड सांसद ने तब लिखा था कि वह पीछे हट जाएंगे और किसी और को काम करने देंगे।

गुलजार लाल चौक ...



श्रीनगर : ईद-उल-फितर त्योहार के नजदीक आते ही कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय के लोग खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है, जिसके चलते वहां नई रौनक लौट आई है। राज्य मे ईद मनाई जानी है और इसको लेकर घाटी के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बाजार सजे हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रविवार को घंटा घर लाल चौक बाजार गुलजार रहा, खरीदारी के लिए भारी उमड़ी। ● एजेंसी

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आप का सामूहिक उपवास

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यों के साथ विदेश में भी किया गया विरोध प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता रविवार को जंतर-मंतर पर एक दिवसीय उपवार पर बैठे।

आप नेताओं ने भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगाया। पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और समर्थक अनशन में शामिल हुए। उन्होंने देशभक्ति के गीत गाए और सलाखों के पीछे केजरीवाल की तस्वीर वाले पोस्टर लहराए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें बोस्टन में हार्वर्ड स्क्वायर, लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड साइन, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर, न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर और टोरंटो, लंदन तथा मेलबर्न समेत कई स्थानों पर उनका प्रदर्शन शामिल हैं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, मंत्री आतिशी, गोपाल राय और इमरान हुसैन सहित आप के कई वरिष्ठ नेता सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर दिन भर के सामूहिक अनशन पर बैठे।

जंतर-मंतर पर राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल ईमानदार थे, हैं और रहेंगे। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि सीबीआई और ईडी के 456 गवाहों में से केवल चार ने आप के राष्ट्रीय संयोजक के नाम का उल्लेख किया था।

सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर की युवक की हत्या

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक शख्स की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर दो किशोरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों को पकड़ लिया गया है। शनिवार को तिमारपुर पुलिस थाना में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम. के. मीणा ने बताया कि मौके एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून फैला हुआ है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एमके मीणा ने बताया कि दो किशोरों की पहचान की गई जिन्हें रविवार को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

प्रचार गतिविधियों के लिए 73 हजार आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल पर विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए आवेदनों में रैली मैदान बुक करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने के अनुरोध शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को अस्वीकार कर दिया गया। 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए थे। सबसे जयादा अनुरोध तमिलनाडु से प्राप्त हुए। इसके बाद बंगाल का स्थान रहा। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।

दलों ने ऑनलाइन एड में 1.38 करोड़ खर्च किए

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले सप्ताह (17 से 23 मार्च)

में फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर विभिन्न दलों ने 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 लाख रुपए भाजपा ने खर्च किए। 14 लाख रुपए विज्ञापन के साथ तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। कांग्रेस ने 5 लाख रु के विज्ञापन दिए। शीर्ष 20 फेसबुक व मेटा विज्ञापनदाताओं के पेज का विश्लेषण करने पर यह बात सामने आई है। शीर्ष 20 में से 7 पेज भाजपा समिर्थत है। भाजपा समर्थित पेज पर 85 लाख का एड भाजपा समर्थित पेज राजनीतिक विज्ञापन देने में सबसे आगे हैं। पार्टी को प्रमोट करने वाले पेज ने 85 लाख रुपए के विज्ञापन दिए। सबसे ज्यादा मीम एक्सप्रेस ने 28.1 लाख, मुद्दे की बात ने 20.2 लाख और सीधा चश्मा ने 9.5 लाख के विज्ञापन दिए। फरवरी 2019 से फरवरी 2023 के बीच, भाजपा ने फेसबुक विज्ञापनों पर 33 करोड़ रुपए खर्च किए। यह उस पूरे पैसे का लगभग 10 प्रतिशत है जो सभी विज्ञापनदाताओं ने भारत में फेसबुक विज्ञापन पर खर्च किया है। वहीं कांग्रेस ने 10.58 करोड़, तृणमूल कांग्रेस ने 8.04 करोड़ और डीएमके ने 4.31 करोड़ खर्च किए। भाजपा आधिकारिक पेज ने सबसे अधिक 10.27 करोड़ रुपए खर्च किए।

कारोबार/कृषि

पायलटों की बात सुनने को तैयार एयरलाइन विस्तारा

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के मालिकाना हक वाली विमानन कंपनी विस्तारा इस वक्त बड़े संकट से जूझ रही है। दरअसल, विस्तारा के पायलट नए रोस्टरिंग सिस्टम और सैलरी स्ट्रक्चर से नाखुश हैं और अपना विरोध जताने के लिए सिक लीव पर चले गए हैं। इससे विस्तारा कई अहम उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही। उसे बहुत सी फ्लाइट कैंसिल भी करनी पड़ी है।

हालांकि, विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन को उम्मीद है कि यह संकट जल्द सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पायलटों से चर्चा के बाद मौजूदा रोस्टरिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। साथ ही, सैलरी स्ट्रक्चर में भी जरूरी बदलाव किए जाएंगे। पायलटों का आरोप है कि नए रोस्टर से उन्हें आराम के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता, जिससे उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कन्नन ने कहा कर्मचारियों की संख्या में भी कोई असामान्य उछाल नहीं आया है।

एआई से बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं। निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है।

अडाणी समूह 2.3 लाख करोड़ रुपये से करेगा ऊर्जा विस्तार

- विनिर्माण क्षमता में होगी वृद्धि, पवन ऊर्जा में 1.5 लाख करोड़ रुपये से होगा निवेश

खावड़ा/अहमदाबाद, एजेंसी

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर और पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है।

एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना ष् से आएगी।

2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना: विनीत

एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, अभी खावड़ा में दो गीगावाट क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है। जैन एएनआईएल के भी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का समर्थन करने के साथ-साथ अन्य घरेलू नवीकरणीय कंपनियों और निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एएनआईएल ने मुंद्रा में अपनी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई को मौजूदा चार गीगावाट से 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एएनआईएल सौर विनिर्माण के अलावा पवन से बिजली पैदा करने वाली पवन चक्कियां बनाने की क्षमता भी साढ़े तीन साल में दोगुनी कर पांच गीगावाट कर रही है।

मुफ्त बिजली देने पर फंस जाएंगे पंजाब जैसे राज्य

नई दिल्ली। पूर्व बिजली मंत्री आरके सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो।

उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।' भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन में लागत आती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

बीते वित्त वर्ष में टाटा स्टील की बिक्री में 6% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील ने शेयर बाजार में दी जानकारी में कहा-वाहन और रेलवे खंड में हुई अधिक बढ़ोतरी

टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली।

टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री

आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार, "2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष में भारत में कंपनी के कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 1.98 करोड़ टन था।

वित्त वर्ष में मानसून से रबी की फसल अच्छी होने का अनुमान

नई दिल्ली। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष यानी 2024-25 में उसकी बिक्री में उछाल दिख सकता है। दरअसल, इस बार अच्छे मानसून के साथ रबी की फसल भी अच्छी होने का अनुमान है।

इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ में बढ़िया रकम आएगी और वे एफएमसीजी उत्पादों पर खर्च बढ़ा सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान एफएमसीजी सेक्टर में थोड़ी सुस्ती दिखी। फिर भी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि सेक्टर की वैल्यू में मिड से हाई सिंगल डिजिट यानी 5 से 9 प्रतिशत के बीच ग्रोथ आ सकती है। खासकर, इनपुट कॉस्ट में बड़ी कमी से मुनाफा भी बढ़ने की उम्मीद है। रूरल डिमांड पिछली कई तिमाहियों से सुस्त पड़ी थी। लेकिन, जनवरी से मार्च के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी है।

एक वर्ष में 13% बढ़ा भारत का कोयला आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा।

इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

मार्केटप्लेस के अनुसार, कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

वित्त वर्ष में चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इसमें कहा गया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खदानों के माध्यम से कोयले की लगभग 15 प्रतिशत जरूरत पूरी करेगी, जिससे बिजली कंपनी के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत हो। कंपनी ने 31 मार्च, 2024 के अंत में 3.41 करोड़ टन का कोयला बिक्री की है, और उत्पादन 3.43 करोड़ टन था। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है।

कैटरीना, करीना व दीपिका जैसे सितारों ने खोलीं कंपनियां

भारत के स्टार्टअप बाजार में टीवी और बॉलीवुड स्टार्स की मजबूती से प्रवेश हुआ है। मनीष मल्होत्रा, प्रियंका चोपड़ा, कृति शेनन, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ जैसे कई स्टार्स ने अपनी कंपनियां खोलीं और उनके स्टारडम के दम पर उनके प्रोडक्ट ब्रांड बन गए। कंपनियों का वैल्यूएशन महज 2-3 साल में करोड़ों का हो गया।

कोरियन स्किन केयर ब्रांड

करीना कपूर ने पिछले साल सुगर कॉस्मेटिक्स के संस्थापक विनीता सिंह और कौशिक मुखर्जी के साथ मिलकर कोरियन स्किन केयर ब्रांड क्वेंच बोटैनिक्स लॉन्च किया। स्टार्स की कंपनियों के मुनाफे की एक बड़ी वजह उनका एक्सक्लूसिव लॉन्च और लिमिटेड एडिशन का आकर्षण है। स्टार्स का ब्रांड होने की वजह से लॉन्च के समय ही फैन खूब खरीदारी करते हैं।

कैटरीना की 'के ब्यूटी'

कैटरीना कैफ ने नायका के साथ मिलकर साल 2019 में ब्यूटी ब्रांड 'के ब्यूटी' लॉन्च की। 2022 में कंपनी का वैल्यूएशन 100 करोड़ से ज्यादा का हो गया। 15 लाख लोगों ने इसका प्रोडक्ट खरीदा और इंटरनेट पर तीसरा सबसे ज्यादा सर्च किया जाना वाला ब्यूटी ब्रांड बना। उनका बड़ा फैन बेस उनका पहला और नियमित ग्राहक बना और उनकी कंपनी तेजी से सफलता की सीढ़ियां चढ़ती गई।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
साई सुदर्शन (जीटी)	05	191
रियान पराग (आरआर)	04	185

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
गेराल्ड कोएत्जे (एमआई)	04	07

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
लखनऊ सुपर जायंट्स	04	03	01	00	06	+0.775
चेन्नई सुपरकिंग्स	04	02	02	00	04	+0.517
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	05	02	03	00	04	-0.797
मुंबई इंडियंस	04	01	03	00	02	-0.704
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	05	01	04	00	02	-1.370

खेल डायरी

कैंडिडेट्स शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

भारतीय टीम दूसरे हॉकी टेस्ट में 2-4 से हारी

पर्थ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गयी। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम ने मैच के पहले और दूसरे क्वार्टर में मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बराबरी का खेल दिखाया। बल्कि पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी, लेकिन तीसरे क्वार्टर में मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

त्वेसा संयुक्त 16वें, रिद्धिमा संयुक्त 30वें स्थान पर

केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)। प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। उन्होंने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया। कसांद्रा एलेक्जेंडर ने शनिवार को छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन से कुल 12 अंडर के स्कोर से चार शॉट के अंतर से खिताब जीता। स्पेन की हेरेंग ली भी अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं।

पाक की टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमश: अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं।

एथलेटिक बिलबाओ ने कोपा डेल रे खिताब जीता

सेविले। एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है।

केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए, जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी।

चेन्नई सुपरकिंग्स : महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

स्टोइनिस और यश ठाकुर चमके एलएसजी की लगातार तीसरी जीत

लखनऊ के मार्कस स्टोइनिस ने 58 रन और यश ठाकुर ने पांच विकेट झटके

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (58 रन) के अर्धशतक के बाद यश ठाकुर (30 रन देकर पांच विकेट) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने स्टोइनिस के अर्धशतक के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया।

गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल (19 रन) और साई सुदर्शन (31 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत करायी लेकिन लगातार विकेट गंवाने से टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गयी। इन दोनों के अलावा राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाये। एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किये जबकि क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके। रवि बिश्नोई ने दो ओवर में आठ रन देकर अपनी ही गेंद पर एक शानदार कैच लपककर एक विकेट हासिल किया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की टीम ने स्टोइनिस (43 गेंद) के इस आईपीएल चरण के पहले अर्धशतक और उनकी कप्तान केएल राहुल (31 गेंद में 33 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 73 रन की साझेदारी की मदद से यह स्कोर खड़ा किया। जिसमें अंत में पूरन ने 22 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये। गुजरात टाइटंस के लिए उमेश यादव और दर्शन नालकंडे ने दो-दो विकेट झटके। राशिद खान को एक विकेट मिला। उमेश यादव (22 रन देकर दो विकेट) के पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर फॉर्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक ने स्क्वायर लेग पर बाउंड्री जड़ दी लेकिन एक गेंद बाद यह बल्लेबाज पवेलियन पहुंच गया। डिकॉक उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर थर्ड मैन पर नूर अहमद को कैच देकर पवेलियन लौटे जो टीम के लिए बड़ा विकेट था। उमेश के अगले ओवर की पहली गेंद पर देवदत्त पडीक्कल ने चौका लगाया लेकिन इस गेंदबाज ने अगली ही गेंद पर बदला चुकता करते हुए उन्हें बल्ला छुआने के लिए ललचाया और विजय शंकर ने स्लिप में कैच लपकने में गलती नहीं की। इससे तीन ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 18 रन था। राहुल ने संयम से खेलते हुए स्पेंसर जॉनसन पर तीन आकर्षक चौके जड़े जिससे चौथे ओवर में 13 रन जुड़े। राहुल को स्टोइनिस के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला।

यश ठाकुर

लखनऊ 163/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक का नूर अहमद बो यादव	06	04	0/1
केएल राहुल का तेवतिया बो नालकंडे	33	31	3/0
देवदत्त पडीक्कल का वी शंकर बो यादव	07	07	1/0
मार्कस स्टोइनिस का शरथ बो नालकंडे	58	43	4/2
निकोलस पूरन नाबाद	32	22	0/3
आयुष बदोनी का यादव बो राशिद	20	11	3/0
क्रुणाल पंड्या नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : उमेश यादव 3-0-22-2, स्पेंसर जॉनसन 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-28-1, मोहित शर्मा 3-0-34-0, नूर अहमद 4-0-22-0, दर्शन नालकंडे 2-0-21-2

गुजरात 130/10 — 18.5 ओवर, अतिरिक्त : 12

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
साई सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या	31	23	4/0
शुभमन गिल बो यश ठाकुर	19	21	2/0
केन विलियमसन का एवं बो बिश्नोई	01	05	0/0
बीआर शरथ का बदोनी बो पंड्या	02	05	0/0
विजय शंकर का राहुल बो यश ठाकुर	17	17	0/1
दर्शन नालकंडे का यश ठाकुर बो पंड्या	12	11	0/1
राहुल तेवतिया का पूरन बो यश ठाकुर	30	25	2/2
राशिद खान का सब बो यश ठाकुर	00	03	0/0
उमेश यादव का डिकॉक बो नवीन उल हक	02	04	0/0
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	00	01	0/0
नूर अहमद का डिकॉक बो यश ठाकुर	04	02	1/0

गेंदबाजी : मणिमारन सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन उल हक 4-0-37-1, मयंक यादव 1-0-13-0, यश ठाकुर 3.5-1-30-5, क्रुणाल पंड्या 4-0-11-3, रवि बिश्नोई 2-0-8-1

मैच में आखिरकार नहीं हुई हार्दिक पंड्या की हूटिंग

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए ईएसए दिवस पर खेला जा रहा है, जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रविवार के मैच से एक दिन पहले कहा था कि दर्शकों को पंड्या की हूटिंग नहीं करनी चाहिए क्योंकि अगर उन्हें कप्तान के तौर पर टीम में शामिल किया गया है तो यह उनकी गलती नहीं है। गांगुली ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उन्हें हार्दिक पंड्या की हूटिंग करनी चाहिए। यह सही नहीं है।''



टिम डेविड — रोमारियो शेफर्ड

मुंबई इंडियंस की पहली जीत

मुम्बई, एजेंसी

- दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया, रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने बनाए 42 रन

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, ईशान किशन 42 रन तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों की तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 25 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए 71 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है।

मुंबई 234/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा बो पटेल	49	27	6/3
ईशान किशन का एवं बो पटेल	42	23	4/2
सूर्यकुमार का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया	00	02	0/0
हार्दिक का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया	39	33	3/1
तिलक वर्मा का पटेल बो अहमद	06	05	1/0
टिम डेविड नाबाद	45	21	2/4
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	39	10	3/4

गेंदबाजी : खलील अहमद 4-0-39-1, ईशांत शर्मा 3-0-40-0, झाय रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर पटेल 4-0-35-2, ललित यादव 1-0-15-0, एनरिच नोर्किया 4-0-65-2

दिल्ली 205/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ बो बुमराह	66	40	8/3
डेविड वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड	10	08	1/1
अभिषेक पोरेल का डेविड बो बुमराह	41	31	5/0
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	71	25	3/7
ऋषभ पंत का पंड्या बो कोएत्जी	01	03	0/0
अक्षर पटेल रन आउट	08	07	1/0
ललित यादव का ईशान बो कोएत्जी	03	04	0/0
कुमार कुशाग्र का तिलक वर्मा बो कोएत्जी	00	01	0/0
झाय रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी	02	02	0/0

गेंदबाजी : कोएत्जे 4-0-34-4, जसप्रीत बुमराह 4-0-22-2, आकाश मधवाल 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 4-0-54-1, मोहम्मद नबी 2-0-17-0, पीयूष चावला 2-0-32-0

बॉलीवुड हलचल

वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी : द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे। उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है - हीरामंडी। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।'' इसलिए, जब यह सामने आएगा तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'' कंगना ने कहा, हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, ''इमरजेंसी'' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है। पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। ''इमरजेंसी'' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।

संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं नोरा फतेही

मुंबई, मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं। कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोरा फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

प्रथम त्रि-सेवा सम्मेलन का उद्देश्य एकीकरण, पहल और सुधार लाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान आज करेंगे परिवर्तन चिंतन सम्मेलन की अध्यक्षता

भारतीय सेना के तीनों अंगों के बीच संयुक्तता और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, पहल और सुधार लाने के उद्देश्य से पहला त्रि-सेवा सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रविवार को बताया कि 'परिवर्तन चिंतन' नाम से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आठ अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाला 'परिवर्तन चिंतन' एक अग्रणी त्रि-सेवा सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य संयुक्तता एवं एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के वास्ते नवीन एवं अद्यतन विचार, पहल व सुधार को सृजित करना है। बयान में कहा गया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहने के अपने प्रयासों के क्रम में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। संयुक्तता एवं एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये पहल की जा रही है और त्रि-सेवा बहुआयामी (मल्टी डोमेन) संचालन को संभव बनाने के लिए संरचनाओं को संशोधित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि यह चिंतन सभी त्रि-सेवा संस्थानों, सैन्य कार्य विभाग, मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ और तीनों सेवाओं के प्रमुखों का पहला सम्मेलन होगा, जिसमें विभिन्न सेवा वर्ग के अधिकारी अपनी विविधतापूर्ण समझ तथा अनुभव के आधार पर वांछित 'संयुक्तता एवं एकीकरण' के अंतिम लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के उपायों के बारे में सुझाव देंगे।

कर्नाटक में बस पलटने से तीन की मौत, 30 घायल

चित्रदुर्ग। कर्नाटक में बेंगलुरु से उत्तर कन्नड़ जिले के गोकर्ण जा रही एक निजी बस के रविवार तड़के चित्रदुर्ग जिले में पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुरुआत में कहा कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, लेकिन बाद में मरने वालों की संख्या संशोधित कर तीन कर दी गई।

यह हादसा होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, मृतकों में से दो की पहचान उत्तर कन्नड़ जिले के होन्नावर के जगदीश (45) और शिवमोगा जिले के सागर के गणपति (40) के रूप में हुई है। तीसरे मृत व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में करीब 30 लोग घायल हो गए जिनमें से आठ की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि घायलों को होलालकेरे तालुक अस्पताल भेजा गया है, जबकि शवों को शवगृह ले जाया गया है। गुस्साए लोगों ने इस क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के लिए अवैज्ञानिक सड़क निर्माण को जिम्मेदार ठहराया।

हैं तैयार हम...

भारतीय वायु सेना सरहद पर बखूबी अपना कर्तव्य निभाती है साथ ही देश में आपात स्थिति आने पर सेना किस तरह सुरक्षा कर सकती है इसके लिए सेना को रिर्हसल की जरूरत पड़ती ही है। जिसके चलते रविवार को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमकेआई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में उतारा गया। ● एजेंसी

इजराइल के दूतावास सुरक्षित नहीं : ईरान

यरूशलम। ईरान के एक शीर्ष सैन्य सलाहकार ने हाल में दमिश्क में हुए हमले के बाद रविवार को इजराइल को चेतावनी दी कि उसके दूतावास सुरक्षित नहीं हैं। सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक हवाई हमले में ईरान के दो जनरल की मौत हो गई थी। हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हमले में ईरान का वाणिज्य दूतावास नष्ट हो गया था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सैन्य सलाहकार जनरल रहीम सफवी की टिप्पणी से ऐसा संकेत मिलता है कि राजनयिक मिशन पर हमले का इसी तरह से जवाब दिया जा सकता है। इजराइल ने हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार नहीं की है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार है।

एक नजर

लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को सेना ने बचाया

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग में आई बाढ़, 800 लोगों को सुरक्षित निकाला

बीजिंग। चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के किंगयुआन जिले के यिंगदे काउंटी में बाढ़ के कारण खतरे में फंसे 832 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि आज सुबह तक यिंगडे स्टेशन पर पानी का स्तर 30 .07 मीटर (98 .6 फुट) तक पहुंच गया और खतरे के गंभीर निशान को पार कर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के किनारे स्थित घरों और व्यावसायिक इमारतों में पानी भर गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने हालांकि संबंधित निकायों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और उद्यमों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश नहीं दिया है।

रूस सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संघीय आपात स्थिति घोषित की

मॉस्को। रूस सरकार ने ओरेनबर्ग क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में रविवार को संघीय आपात स्थिति घोषित कर दी। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। स्थानीय सरकार के अनुसार, उराल नदी का जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ के चलते 885 बच्चों समेत चार हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि दो हजार और घरों में पानी घुस गया है, जिसके साथ ही क्षेत्र में ऐसे घरों की संख्या बढ़कर करीब 6,300 हो गई है। रूस के आपात स्थिति मंत्री एलेक्जेंडर कुरेनकोव बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए रविवार को बुरी तरह प्रभावित शहरों में से एक ओर्स्क पहुंचे। आरआईए नोवोस्ती के अनुसार मंत्री ने कहा, मैं ओरेनबर्ग क्षेत्र के हालात को आपात स्थिति के रूप में वर्गीकृत करने और एक संघीय स्तरीय प्रतिक्रिया का प्रस्ताव रखता हूं।

कन्नूर विस्फोट मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

कन्नूर (केरल)। केरल के कन्नूर जिले के पनूर में हुए विस्फोट के मामले में रविवार को एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पनूर में शुक्रवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अमल बाबू डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) से जुड़ा है। अमल के अलावा दो अन्य लोगों मिथुन और शिबिन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि विस्फोट के संबंध में अब तक पांच लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

रिहाई वार्ता से पूर्व गाजा से मिला किसान का शव, नेतन्याहू बोले- हम नहीं झुकेंगे

जब तक इजराइली बंधक रिहा नहीं होते तब तक युद्धविराम पर सहमति नहीं

काहिरा, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए रविवार देर शाम दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर मांग की है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुस गए थे और उनके हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने इस हमले के बाद इजराइल के कम से कम 250 लोगों को बंधक बना लिया था। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है। हजारों लोग तेल अवीव में एकत्र हुए और उन्होंने बंधकों को रिहा कराने के लिए शीघ्र कोई समझौता करने और ध्यावधि चुनाव कराने की मांग की। अब तक कम से कम 36 बंधकों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बंधक बनाए गए कुल लोगों में से आधों को रिहा कर दिया गया है।

कात्जिर की बहन कार्मित ने एक बयान में कहा कि अगर वक्त पर कोई समझौता हो जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। हमारा नेतृत्व कायर है और राजनीतिक विचारों से प्रेरित है, इसीलिए कोई समझौता नहीं हुआ।

हमास आतंकवादी समूह द्वारा गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए सड़कों पर आए लोग। प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ भी किया विरोध प्रदर्शन। ● एजेंसी

गाजा पर हमले में इजराइल की जर्मनी द्वारा मदद करने के आरोप पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय आज करेगा सुनवाई

हेग। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सोमवार को एक मामले में प्रारंभिक सुनवाई शुरू होगी, जिसमें जर्मनी द्वारा इजराइल को की जा रही सैन्य और अन्य सहायता बंद करने का अनुरोध किया गया है। शिकायतकर्ता निकारागुआ ने साथ ही दावा किया है कि जर्मनी गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष के दौरान नरसंहार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन में इजराइल की मदद कर रहा है। इजराइल ने दृढ़ता से इस आरोप से इनकार किया है कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार के खिलाफ संधि का उल्लंघन करता है। निकारागुआ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका जर्मनी पर केन्द्रित है। हालांकि, परोक्ष रूप से यह सात अक्टूबर के घातक हमलों के बाद गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान पर निशाना साधता है।

इजराइल और हमास के संघर्ष को रोका जाए : सुनक

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के आह्वान को दोहराया। ब्रिटेन ने रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं जो इजराइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी।

आतंकी हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा, एजेंसी

- पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी और सुरक्षा बलों में संघर्ष

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी। सूत्रों के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं हमारे कुछ नेता : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं।

ग्रीस के जंगल में 2024 में लगी पहली बड़ी आग, तीन घायल

एथेंस। दक्षिणी ग्रीस के क्रेते द्वीप के जंगलों में इस वर्ष लगी पहली बड़ी आग में तीन लोग घायल हो गए। यह जानकारी अग्निशामक अधिकारियों ने दी। आग द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में इरापेट्रा सिटी के बाहरी क्षेत्र के एक जंगली इलाके में लगी।

सूत्रों के अनुसार, आग की लपटों पर काबू पाने के लिए 169 अग्निशामकों को तैनात किया गया। इसके लिए पानी की बौछार करने वाले चार हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया गया। एक बुजुर्ग व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि पास की बस्ती में रहने वाली एक महिला और एक दमकलकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आपातकालीन अलर्ट जारी कर चार गांवों के लगभग 300 निवासियों को अपने घरों को खाली करने के लिए कहा। जलवायु संकट एवं नागरिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को पूरे देश में कुल 71 जंगल में आग लगी। उच्च तापमान, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हीटवेव और आगजनी के कारण ग्रीस में प्रत्येक वर्ष गर्मियों में कई जंगलों में आग लग जाती है।

माउंट एवरेस्ट पर से 10 लाख टन कचरा इकट्ठा करेगी नेपाली सेना

काठमांडू, एजेंसी

- 10 लाख टन अपशिष्ट एकत्रित करने के साथ ही पांच शव भी बरामद करेगी सेना

एवरेस्ट क्षेत्र में पर्वतीय सफाई अभियान, 2024 शुरू करने जा रही नेपाल की सेना ने रविवार को कहा कि वह माउंट एवरेस्ट पर करीब 10 लाख टन अपशिष्ट एकत्र करने के साथ ही पांच शव बरामद करेगी।

नेपाली सेना के सूत्र के अनुसार मेजर आदित्य कारकी की अगुवाई में 12 सदस्यीय दल माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से और माउंट नुप्तसे से अपशिष्ट लाने के लिए 14 अप्रैल को एवरेस्ट आधार शिविर पहुंचेगा। सूत्र ने बताया कि सेना को इस अभियान में 18 सदस्यीय शेरपा दल सहयोग करेगा। नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्णा प्रसाद भंडारी ने बताया कि यहां सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा 11 अप्रैल को इस अभियान दल को रवाना करेंगे जो पर्वत पर बिखरे कम से कम 10 लाख टन कचरे एवं पांच शवों को लाएगा। उनके अनुसार जैविक अपशिष्ट को आधार शिविर के नीचे नामचे बाजार लाया जाएगा और उसे उचित शोधन के लिए सागरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति को सौंपा जाएगा। भंडारी ने कहा कि इस सफाई अभियान से हिमालय क्षेत्र में मानव जनित प्रदूषण नियंत्रित होगा तथा जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं का समाधान होगा।

इंडोनेशिया के पापुआ में मारे गए दो विद्रोही

जयापुरा। इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए। पुलिस ने रविवार को यह बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट विगत गुरुवार को फ्री पापुआ मूवमेंट से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किए।

तकनीक से बदलाव | महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र बोले- मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है आईएमडी

पांच वर्षों में एआई बदलेगा मौसम पूर्वानुमान की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) एवं 'मशीन लर्निंग' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

यहां बातचीत में महापात्र ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की भी पूरक होंगी, जिनका फिलहाल मौसम का पूर्वानुमान जताने के लिए व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणाली बढ़ा रहा है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है, जो देश के 85 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है और इसके जरिए विश्लेषण कर मौसम के मिजाज के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा मॉडल डेटा विज्ञान मॉडल है जो मौसम संबंधित घटना की भौतिकी में नहीं जाते हैं, बल्कि जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पिछले डेटा का उपयोग करते हैं, जिसका इस्तेमाल बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जा सकता है। महापात्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूह गठित किए गए हैं। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों एक दूसरे के पूरक होंगे और दोनों साथ मिलकर काम करेंगे और कोई भी दूसरे की जगह नहीं ले सकता। स्थानीय स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की जरूरत पर महापात्र ने विशिष्ट खतरों के लिए ग्राम-स्तरीय पूर्वानुमान देने में आईएमडी की चुनौतियों को स्वीकार किया।

समुदायों को प्रभावित कर रहा है बदलता मौसम

मशीन लर्निंग (एमएल) एआई और कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो डेटा के उपयोग पर केंद्रित है। मौसम के पूर्वानुमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में आईएमडी प्रमुख ने भीषण गर्मी की वजह से मध्य स्तर पर संवहनी बादलों के छाने जैसी मौसम संबंधी घटनाओं का उल्लेख किया, जो स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए आईएमडी ने डॉपलर मौसम रडार तैनात किए हैं, जो देश के 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। महापात्र ने कहा कि 350 मीटर प्रति पिक्सेल के रिजॉल्यूशन वाला यह उन्नत रडार डेटा संवहनी बादलों का पता लगाने में सक्षम है जिससे भारी वर्षा और चक्रवात जैसी चरम घटनाओं को लेकर पूर्वानुमान की सटीकता काफी बढ़ जाती है।

भारत में तकनीक व निवेश देखकर हैरान हूं : डेनिस

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की है, जिससे वित्तीय समावेशन और गरीबी कम करने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि इससे देश को तुलनात्मक लाभ मिला है और इसके सबक को वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में तकनीक और निवेश देखकर मैं हैरान हूं। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस ने यहां एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से मैं भारत से लौटा हूं, उसके बाद जब भी मैं भारत के बारे में सोचता हूं, मुझे अतुल्य भारत याद आता है। मैं पूरी गंभीरता से कहा रहा हूं...और जब मैं वहां था, तब मैंने इसे महसूस किया।

अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट का प्रक्षेपण तीसरी बार रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने रविवार को कुछ तकनीकी वजहों का हवाला देते हुए उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले अपने अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट के प्रक्षेपण को रोक दिया। इस रॉकेट को पहली उड़ान भरनी थी।

मार्च 2022 के बाद से यह रविवार को अग्निबाण 'सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर' की परीक्षण उड़ान का तीसरा प्रयास था। इस रॉकेट की परीक्षण उड़ान पहली बार श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'अग्निकुल लॉन्च पैड' पर आयोजित होने वाली थी। शनिवार सुबह 7:45 बजे परीक्षण उड़ान का दूसरा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। अग्निकुल ने कहा कि अग्निबाण रॉकेट को रविवार सुबह 5:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसे साढ़े सात बजे तक के लिए टाल दिया गया। इसने कहा कि बाद में निर्धारित समय से 92 सेकंड पहले रॉकेट की प्रक्षेपण उड़ान रोक दी गई। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड कक्षा में लगभग 700 किमी तक ले जा सकता है।